रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम

₹91000 01 किलो

सेंसेक्स 78,041.59 −1,176.45 | डॉलर 84.964 -0.142

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 21 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 316, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 एसएसबी के जवान हैं, तो कोई...

रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 25.0° | अधिक. | 27.6° |
| न्यून. | 09.5° | न्यून. | 09.9° |

### राज्य कैबिनेट की बैठक 24 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के जरिए इसकी जानकारी शुक्रवार को दी गई।

### बिहार के सीएम नीतीश की तबीयत बिगड़ी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके



चलते उनके शुक्रवार को पूर्व में निर्धारित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, सीएम के स्वास्थ्य के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि सर्दी के मौसम की वजह से वे बीमार हुए हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

### भारत ने 2.0 की कुल प्रजनन दर हासिल की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार भारत ने 2.0 की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) प्राप्त कर ली है। शुक्रवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यह राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (2.1 का टीएफआर) के अनुरूप है।

### पुलिस के जवान ने की खुदकुशी

**लोहरदगा।** जिले के कुड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलसिमरी गांव में पति-पत्नी में हुए आपसी विवाद के बाद झारखंड पुलिस के एक जवान ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृत जवान की पहचान रामू महतो (32) के रूप में हुई है। मृत जवान सिमडेगा पुलिस लाइन में आरक्षी के पद पर कार्यरत था।

### भारत ने राजदूत की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** भारत ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की भारतीय राजदूत को दी गई धमकी पर अमेरिकी सरकार से उनकी सुरक्षा चिंताओं का मुद्दा उठाया है। विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा को धमकी दिए जाने के मामले में स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया गया है।

## 'स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024' का रांची में हुआ आयोजन

# रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है हमारी कोशिश : श्रम मंत्री

**मंत्री ने कहा**

- समय की मांग के अनुसार नए जॉब रोल शामिल करेंगे
- हमारा प्रयास कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढना है





### अगले वित्त वर्ष में दो लाख युवाओं को प्रशिक्षित किए जाने का है लक्ष्य

झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से कुल 5.25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ साथ 4.5 लाख युवाओं को प्रमाणित किया गया, जिनमें 2.25 लाख युवाओं को नियोजित किया गया है। बताया गया कि नियोजित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रवासन के लिए कुल सात राज्यों में आठ प्रवासन सहायता केंद्र खोले गए हैं। आगामी वित्त वर्ष में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा दो लाख युवाओं को विभिन्न योजनाओं में प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें मुख्यत: राज्य के सभी 264 प्रखंडों में न्यूनतम एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार एवं कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय की मांग के अनुसार नए जॉब रोल शामिल करेंगे, जिससे झारखंड के युवा प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें। श्रम विभाग कौशल विकास के क्षेत्र में जल्द ही नए जॉब रोल शामिल करेगा, जिसमें से एक विदेशी भाषा भी प्रशिक्षण में शामिल होगी। वे शुक्रवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा रांची के एक स्थानीय होटल में 'स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024' के उद्घाटन के अवसर पर बोले रहे थे। श्रम मंत्री ने कहा कि कम जनसंख्या वाले देशों में बेहतर वेतन के साथ रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। हमारी कोशिश है कि हमारे युवाओं को हम रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। संजय यादव यादव ने स्टेकहोल्डर्स को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार का श्रम विभाग कौशल विकास के महत्वपूर्ण ढांचे के रूप में काम कर रहा है। हमारा प्रयास कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढना है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी हितधारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। सभी हितधारकों के बीच सामूहिक प्रयास एवं जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता ही हमारी सफलता सुनिश्चित करेगी।

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने विभागीय पदाधिकारियों एवं उपस्थित सभी हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा, हम सब के लिए यह मूल्यांकन का समय है कि कौशल के मानकों पर हमारी उपलब्धि क्या है। समय महत्वपूर्ण है और समय तेजी से बदलता है। जो समय के साथ नहीं चलता, वह पीछे रह जाता है। कौशल विकास के हितधारक होने के नाते हमें समय की मांग को पूरा करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

उन्होंने भविष्य के कौशल पर जोर डालते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में पारंपरिक जॉब रोल से बाहर आकर भविष्य की मांग के अनुरूप नए जॉब रोल अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमारा देश युवाओ का देश है, यदि हम अपनी युवा शक्ति को सही दिशा में इस्तेमाल नहीं करेंगे, तो विकास की राह में काफी पीछे रह जाएंगे। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन निदेशक सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार लाल ने परिचर्चा की शुरुआत करते हुए स्वागत एवं परिचय अभिभाषण में चर्चा में भागीदारी के लिए सभी उपस्थित हितधारकों विशेषकर प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं, सेक्टर स्किल काउंसिल को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में आने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए नए वर्ष में भविष्य के कौशल की मांग पर ध्यान केंद्रित करने को वर्तमान समय की जरूरत बताया। उन्होंने विभागीय मंत्री के मार्गदर्शन एवं विभागीय सचिव के नेतृत्व में विभाग को ज्यादा बेहतर एवं गतिशील बनाने की बात कही। झारखंड के युवाओं को कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके बेहतर नियोजन के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार एवं विभागीय नीति के लिए आयोजित परिचर्चा में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रशिक्षण सेवा प्रदाता एजेंसी के प्रतिनिधि, सेक्टर स्किल काउंसिल के प्रतिनिधि, उद्योग समूहों के प्रतिनिधि एवं नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस एकदिवसीय उन्मुखीकरण एवं परिचर्चा कार्यक्रम में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी एवं अन्य प्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद थे।

## सेंसेक्स में 1176.46, निफ्टी में 364.20 अंक की गिरावट

एजेंसी

**01 दिन में ही हुआ निवेशकों का 8.65 लाख करोड़ का नुकसान**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार 5वें दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इस सप्ताह बाजार में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट हुई है। जून 2022 के बाद घरेलू शेयर बाजार में ये अभी तक की सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई है। निफ्टी अपने ऑलटाइम हाई से करीब 10 प्रतिशत तक टूट चुका है। आज के कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,700 अंक और निफ्टी 525 अंक से अधिक टूट गए। हालांकि, आखिरी 20 मिनट के कारोबार में हुई खरीदारी के कारण दोनों सूचकांक निचले स्तर से मामूली सुधार करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.49 प्रतिशत और निफ्टी 1.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,176.46 अंक की गिरावट के साथ 78,041.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 364.20 अंक की कमजोरी के साथ 23,587.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निवेशकों को एक ही दिन में लगभग 8.65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत मामूली तेजी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में मजबूती आने के संकेत भी नजर आए, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार के दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए।

## रामगढ़ में कक्षा चार की छात्रा से छेड़छाड़, शिक्षक गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सूदी के एक सहायक शिक्षक ने कक्षा-4 की छात्रा के साथ छेड़खानी कर सारी मयार्दाएं लांघ दीं। स्कूल की छात्रा के परिजनों को जब यह जानकारी मिली, तो ग्रामीणों के साथ वे लोग विद्यालय पहुंचे। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने सरकारी शिक्षक मुख्तार आलम को पकड़ कर पीट दिया।

बाद में ग्रामीणों ने शिक्षक को पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पीड़िता की मां सुनीता देवी और पिता राजकुमार बेदिया के जरिये मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। रामगढ़ एसपी



फाइल फोटो

अजय कुमार ने बताया कि जैसे ही पुलिस को छात्रा के साथ स्कूल में छेड़खानी होने की सूचना मिली, तत्काल पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार और भदानीनगर ओपी प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने आधे घंटे के अंदर आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गिरिडीह में खलिहान में सो रहे मां-बेटे की जलकर मौत



नवीन मेल डेस्क

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के मधुबन थाना इलाके के छछंदो पंचायत के जोभी गांव में गुरुवार की देर रात में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बताया गया कि धान के खलिहान में गांव की एक महिला और उसके पुत्र की जल कर मौत हो गई। दोनों पूरी तरह से जल गए थे। दोनों मृतक की पहचान जोभी गांव निवासी सोमरा मुर्मू की पत्नी नुनिया देवी (40) और उनके छोटे पुत्र चांद मुर्मू (12) के रूप में हुई है।

सोमरा मुर्मू का कहना है कि रात को उनकी पत्नी और पुत्र खलिहान में सोने गए थे। देर रात जब लोगों की चीख-पुकार सुनी, तो वह भागकर खलिहान पहुंचा, जहां आग लगी हुई थी। बताया कि उसके छह बच्चे हैं, जिनमें से सबसे छोटा चांद मुर्मू था। घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन थाने की पुलिस शुक्रवार को घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन कर जले हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि खेत के समीप खलिहान के बाहर ठंड से बचने के लिए आग तापकर मां-बेटे सोने चल गए थे।

शेष पेज 11 पर

### 130 वर्ष पुराने मंदिर की दीवार तोड़ने वाले निगमकर्मी निलंबित

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहित्य समाज चौक के समीप 130 वर्ष पुराने शिव मंदिर की दीवार तोड़ने वाले निगमकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। शुक्रवार से तोड़ी गई दीवार की मरम्मत भी शुरू करा दी गई है। निगमकर्मी छोटेलाल गुप्ता की देखरेख में निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर निगम के जरिए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान गुरुवार शाम साहित्य समाज चौक के समीप 1895 में निर्मित प्राचीन शिव मंदिर की दीवार तोड़ दी गई थी। दीवार तोड़ने का आरोप सिटी मैनेजर अनुराग कुमार और शाहीद हसन, जमादार इश्तेयाक साह, शेरान खान एवं अन्य कर्मियों पर लगाया गया था। शुक्रवार को सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत मेहता ने कहा कि अतिक्रमण अभियान के दौरान प्राचीन शिव मंदिर की दीवार तोड़ने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

## जयपुर में ट्रक की टक्कर से एलपीजी टैंकर में धमाका

# 11 लोग जिंदा जले, 53 से अधिक झुलसे

- टैंकर में भरी थी करीब 32 टन गैस, भारी तबाही
- स्लीपर बस समेत करीब 40 गाड़ियां जलकर खाक
- पीएम एवं सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

एजेंसी



**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार की सुबह करीब पौने छह बजे एलपीजी टैंकर में हुए धमाके से 11 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। हादसे में 53 से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भयानक था कि उसने करीब चालीस से अधिक वाहनों को चपेट में ले लिया। इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आसपास पास के इलाके में आग बुझाती रही। जानकारी के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुआ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आग की लपटें करीब दो सौ फीट ऊपर उठीं। टैंकर में भरी करीब 32 टन गैस में जोरदार धमाका हुआ, जिसके कारण टैंकर उछल कर घटनास्थल के आसपास के वाहनों पर गिरा, जिससे वे वाहन भी जलकर राख हो गए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने घटना पर गहरा दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये, जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के एलपीजी गैस से भरा टैंकर शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था और दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वापस यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर से आ रहे ट्रक ने टैंकर को टक्कर मार दी। इससे टैंकर में लगे पांच नोजल टूट गए और लिक्विड एलपीजी आसपास के इलाके में फैलने लगी। धमाके के साथ निकली चिंगारी के संपर्क में आते ही चारों ओर आग और धुएं का गुबार फैल गया। चारों ओर लोगों की चीख-पुकार मच गई।

**इंडिया**


## अर्थव्यवस्था का आधार बनने की संभावना वाले पर्यटन उद्योग को पर्यटक नहीं

प्राकृतिक और धार्मिक संपदा से भरे झारखंड में पर्यटन की संभावनाएं वैसे कई राज्यों यहां तक कि देशों से अधिक



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हैं, जो आज इस क्षेत्र में काफी आगे जा चुके हैं। इसके बावजूद यहां पर्यटन का विकास सिर्फ इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि यहां की संभावनाओं का लाभ उठाने का ठोस प्रयास नहीं हुआ। न तो सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए गए, न ही पर्यटन से जुड़े विशेषज्ञों या सेवा प्रदाताओं से इसके लिए मदद ली गई। झारखंड के पर्यटन क्षेत्रों की बेहतर मार्केटिंग कर तथा थोड़े-बहुत प्रयास से यहां आधारभूत संरचनाएं विकसित कर भी राज्य को इसमें काफी आगे ले जाया जा सकता है। आज भी कई लोकेशन हैं जो अनछुए हैं। पर्यटन क्षेत्रों में आवासन व कनेक्टिविटी की सुविधाओं का अभाव तथा विधि व्यवस्था को लेकर लोगों की धारणाओं को दूर करना पर्यटन विकास की बड़ी चुनौतियां हैं। राजधानी रांची के आसपास अनेक फॉल हैं पर उनमें क्या सुविधाएं या सुरक्षा बढ़ाई जाएं इस पर कोई काम पेशेवर अंदाज में नहीं हुआ अधिकारी बदलते रहे और योजनाएं बनती रहीं जिनके अवशेष कांके डैम के आसपास से लेकर अनेक स्थानों में मिल जाते हैं जबकि कुछ दूरदर्शी अधिकारियों ने दशम फॉल के पास कुछ निर्माण कराकर रोजगार के अवसर बढ़ा दिए साथ ही स्थानीय युवाओं के आक्रोश को भी शांत करा दिया पर यह प्रयोग उनके साथ ही ठंढे बस्ते में चला गया । रांची के आसपास ही नहीं सैंकड़ों पर्यटन स्थलों के आसपास ऐसे निर्माण कराकर चाय नाश्ते जैसी सुविधाओं से युवाओं को जोड़ा जा सकता है । इन कमजोरियों को दूर करने से यहां पर्यटन का विकास होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा तथा क्षेत्रों का समन्वित विकास हो सकेगा। झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा प्रसाद कार्यक्रम के तहत बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के 30.13 करोड़ रुपए से विकास कार्य किया गया था तथा स्वदेश दर्शन योजना के तहत 52.72 करोड़ रुपए की लागत से दलमा-चांडिल-बेतला-मिरचइया-नेतरहाट इको टूरिज्म सर्किट का कार्य हुआ पर लोगों को भरोसा नहीं कि झारखंड सुरक्षित है । यहां महज 100 होटल हैं, जबकि झारखंड के साथ ही गठित होनेवाले छत्तीसगढ़ में होटलों की संख्या 220 है ।पर्यटन से जिन राज्यों की पूरी अर्थव्यवस्था चलती है जैसे हिमाचल प्रदेश वहां ही नहीं राजस्थान, तमिलनाडु, केरल जैसे राज्यों में पर्यटन विभाग होटलों का सर्वे और ग्रेडिंग कराकर कमरों का भाड़ा तय करते हैं और उनके सर्टिफिकेट हर मान्यता प्राप्त होटल या ट्रेवल एजेंसी प्रदर्शित करती है साथ ही ऑनलाइन भी इसे देखा जा सकता है पर झारखंड में इस दिशा में प्रयास हुए भी हों तो दिखते नहीं ।



नतीजा यह है कि रेलवे स्टेशनों,बस स्टैंड और एयरपोर्ट के बाहर मनमाना किराया वसूलने की परंपरा दशकों से चल रही है । इस बदइंतजामी को सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत प्रचार के माध्यम से देश विदेश तक वे पर्यटक फैलाते हैं जिन्हें लूटा जाता है या ठगा जाता है जबकि ये सैंकड़ों पर्यटकों को भेज सकते थे जैसे हिमाचल या राजस्थान जैसे राज्यों में होता है । ऐसा भी नहीं की पर्यटन विभाग की ओर से प्रयास नहीं किए गए सुधार हुए हैं पर कुछ और अदूरदर्शी या भ्रष्ट अधिकारियों के कारण जो आधारभूत संरचनाएं खड़ी की गईं जैसे होटल कैफेटेरिया जो पर्यटन स्थलों के आसपास में थी उनकी देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि इससे निर्माण के पहले विकसित करना चाहिए था। पर्यटन से झारखंड को हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर की तरह बहुत भारी भरकम राजस्व की प्राप्ति हो सकती है यदि ईमानदारी और अच्छी प्लानिंग के साथ काम किया जाए अभी तक का इतिहास यही है कि सरकारी अधिकारियों ने इसे सामान्य सड़क निर्माण जैसी दृष्टि से देखा और घटिया निर्माण, प्रोफेशनल स्टाफ की कमी के साथ-साथ कमीशन खोरी के कारण अनेक अपार संभावनाओं वाले स्पॉट भी घाटे का सौदा साबित हुए। अभी भी लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट और धार्मिक पर्यटन के महत्वपूर्ण स्थानों में आधारभूत संरचना तैयार कर संचालन का कार्य निजी/अनुबंध आधारित प्रोफेशनल लोगों को सौंप दिया जाए तो तस्वीर बदल सकती है। दूसरी बड़ी समस्या है कि यदि कोई ईमानदार अधिकारी अपने प्रयास से या सोच समझकर किसी योजना को लागू करने का प्रयास करता है तो अचानक उसका ट्रांसफर हो जाता है और अगला अधिकारी उन योजनाओं को या तो लागू करने में सफल नहीं होता है या अदूरदर्शिता या भ्रष्टाचार के कारण योजनाएं असफल हो जाती हैं इसलिए अधिकारियों को बहुत सोच समझकर चुनकर इस विभाग में जब लाया जाए और उन्हें कम से कम 3 साल तक काम करने का अवसर देना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में टूरिस्ट पुलिस होती है जो पर्यटकों के लिए विनम्र और ठगी करने वाले टैक्सीवालों का लाइसेंस रद्द करने की शक्ति रखते हैं । इन राज्यों का अध्ययन कर योजनाएं बनाई जानी चाहिए अभी अधिकारियों,पत्रकारों और पर्यटन से जुड़े लोगों के बीच दूरी बनी हुई है वो भी दूर होनी चाहिए । वर्ष 2000 में झारखंड आये देसी पर्यटकों की संख्या केवल 23,991 और विदेशी पर्यटकों की संख्या 172 थी। कोविड के बाद राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 31.4% तो अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 234.1% तक बढ़ी पर संभावनाएं बहुत हैं और पर्यटक कम ।

## आईएनडीआईए ने अंबेडकर के मुद्दे पर दिल्ली में मार्च निकाला





- भाजपा ने घायल सांसदों के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को आईएनडीआईए ने यहां विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। इनमें शामिल विपक्षी सांसदों ने विजय चौक से संसद तक विरोध मार्च भी निकाला और गृहमंत्री अमित शाह से राज्यसभा में अंबेडकर पर दिए गए 'अपमानजनक' बयान के लिए माफी मांगने तथा इस्तीफे की मांग की। उधर, भाजपा गुरुवार को संसद में दो सांसदों के घायल होने के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। पार्टी के नेतृत्व में आज आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने विजय चौक से संसद तक मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अमित शाह को देश से माफी मांगनी होगी और अपने पद से इस्तीफा देना होगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भाजपा की आलोचना की और कहा,

शेष पेज 11 पर

# रणनीति बना नशे के कारोबार पर कसें नकेल : मुख्य सचिव

## सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पोस्ते की खेती करनेवालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें

- *लोग पोस्ते की खेती से दूर हों, इसके लिए उचित आमदनी का विकल्प दें*
- *अभियान चलाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चिह्नित करें और फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही जंगल की खाली जमीन पर पौधरोपण आदि के माध्यम से वन विभाग पोस्ते की खेती करनेवालों को हतोत्साहित करे।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। खासकर पंचायती राज विभाग को इसमें शामिल कर उनके संसाधनों का उपयोग जागरूकता अभियान में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कतिपय शहरों में ड्रग्स की बढ़ती लत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जागरूकता अभियान में शिक्षा विभाग को जोड़ कर स्कूल स्तर से नशे के खिलाफ माहौल बनाने की जरूरत है। इस पर भी रणनीति बना कर कार्य करने पर उन्होंने बल दिया।

उसके पहले बैठक में पोस्ते की खेती से प्रभावित जिलों चतरा, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची, चाईबासा और सरायकेला-खारसावां जिले के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने पोस्ते की खेती पर नकेल कसने की कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही आगे की रणनीति भी बतायी। एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से नशे के कारोबार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया और उसकी रोकथाम के उपायों पर सुझाव साझा किया गया। बैठक में गृह सचिव श्रीमती वंदना डाडेल और डीजीपी श्री अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैढक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव श्री अबूबकर सिद्धकी भी उपस्थित थे।

## पीएमएफएमई योजना का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें : मुख्य सचिव अलका तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि अधिक से अधिक उद्यमियों को इस योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों के स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिया। वह शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) राज्यस्तरीय अप्रूवल कमिटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। बैठक में कृषि सचिव, उद्योग सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, उद्योग निदेशक, सीईओ, लघु कुटीर बोर्ड, नबार्ड, एसएलबीसी, बीआइटी मेसरा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि आजि उपस्थित थे।

## राजस्व संग्रहण को लेकर गंभीरता दिखाएं : मंत्री बिरुआ

### आम जनों की समस्याओं को दूर करने का भी दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजस्व संग्रहण की दिशा में भू राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। आम जनों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास होना चाहिए। विसंगतियों को दूर कर हमें राज्य और राज्यवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। ये बातें मंत्री परिवहन, भूमि सुधार एवं भू-राजस्व दीपक बिरुआ ने कही। मंत्री झारखण्ड मंत्रालय में भू-राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

मंत्री द्वारा आहूत बैठक में विभागीय सचिव के अतिरिक्त सभी जिला के एसी और डीसीएलआर उपस्थित थे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने सभी एसी और डीसीएलआर से एक एक कर बात कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि के संबंधित मामलों एवं आम लोगों से जुड़े मामलों पर गंभीरता कार्यों करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा इस तरह की समीक्षा बैठक समय - समय पर आयोजित होगी, ताकि कार्यों की गति और अधिकारियों की कार्य क्षमता का आकलन बेहतर निर्णय लिया जा सके।

## झामुमो ने फूंका शाह का पुतला



**रांची।** राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी का झामुमो ने विरोध किया है। शुक्रवार को झामुमो रांची जिला समिति ने अल्बर्ट एक्का चौक पर अमित शाह का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने किया। मौके पर श्री आलम ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ किया गया टिप्पणी संविधान का अपमान है। भाजपा का संविधान विरोधी साथ ही दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा विरोधी चेहरा सभी के सामने उजागर हो गया है। इनके द्वारा कई बार यह कहा जा चुका है कि ये संविधान को बदलना चाहते हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### वीरता पदक से सम्मानित हुए रांची के असिस्टेंट कमांडेंट शिवम कुमार



**रांची।** 75 वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अदम्य साहस और शौर्य प्रदर्शित करने हेतु सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के असिस्टेंट कमांडेंट शिवम कुमार को गैलंट्री मेडल से विभूषित करने की घोषणा की गई। उक्त पुरस्कार 20 दिसंबर 2024 को एसएसबी के सीमांत मुख्यालय सिलीगुड़ी में आयोजित एसएसबी की 61 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के ने शिवम कुमार को दिया गया। पुरस्कार के रूप में गैलंट्री मेडल तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। 2 फरवरी 2022 को बिहार के लखीसराय में पदस्थापन के दौरान भीमबांध जंगल स्थित घोर नक्सल क्षेत्र में हुई सीधी मुठभेड़ में शिवम ने दो हार्डकोर नक्सली को मार गिराया था। वहीं 50 से अधिक हत्या, अपहरण एवं दुष्कर्म आदि जैसे संगीन अपराधों के आरोपी अर्जुन कोड़ा को गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके फल स्वरुप उसने आत्मसमर्पण किया।

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 24 दिसंबर को




**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 24 दिसम्बर को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। उक्त जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### अपने-आपको संविधान से भी ऊपर समझते हैं राहुल : चंद्रप्रकाश चौधरी




**रांची।** आजसू पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राहुल गांधी के आचरण को अशोभनीय, अमर्यादित व निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने आपको संविधान से भी ऊपर समझते हैं। उन्होंने संसद की गरिमा को तार-तार कर दिया है। राहुल गांधी को उनके कृत्य की सजा मिलनी चाहिए। इस घटना ने कांग्रेस की चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब किया है। राहुल गांधी को अपने किए पर माफी मांगना चाहिए। साथ ही पूरी कांग्रेस पार्टी को माफी मांगना चाहिए। शुक्रवार को संसद भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रेरणा स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के क्रम में उन्होंने ये बातें कही। सांसद ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हरकत से भारतीय संसदीय व्यवस्था को चोट पहुंचायी है। अराजकता करने की कोशिश की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को कलंकित किया है। राहुल गांधी का व्यवहार पूरी तरह से लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है।

### होल्डिंग टैक्स उगाही के लिए मोहल्ले में लगे कैंप : धर्मेंद्र

**रांची।** धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि मंत्री ने यह आदेश दिया है कि नगर निगम घरों का सर्वे करेगी और सर्वे के अनुसार जिस घर में भाड़ेदार रहते हैं या आसपास में लॉज है इनका होल्डिंग टैक्स बढ़ाया जाए। वहीं सरकार सुविधाओं के लिए बात नहीं करती। जनता से होल्डिंग टैक्स कैसे ले इसी के बारे में चिंतन करती है। उन्होंने कहा कि होल्डिंग टैक्स उगाही के लिए मोहल्ले में पदाधिकारी को कैंप लगाना होगा।

### पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**रांची।** ग्रामीण एसपी नेतृत्व में रांची जिला के राहे, अनगड़ा तथा दशमफॉल थाना अन्तर्गत संयुक्त रूप से अवैध अफीम के खिलाफ अभियान चलाया गया। मौके पर डीएसपी सिल्ली, एसडीपीओ बुंडू, राहे दशमफॉल तथा अनगड़ा थाना प्रभारी मौजूद थे। वहीं सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में लगे अफीम के बीज लगभग 07.5 एकड़ खेत को ट्रैक्टर से जोत कर विनष्ट किया गया।

### हटिया विस सीट से चुनाव लड़ चुका हथियार तस्कर ओमप्रकाश गिरफ्तार



**रांची।** रांची और आसपास के क्षेत्रों में अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त करने वाले संगठित गिरोह के सरगना डेविड उर्फ ओमशंकर गुप्ता को पुलिस ने शहर से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। वह 2024 के विधानसभा चुनाव में हटिया से निर्दलीय प्रत्याशी भी था। उसके पास से दो मोबाइल जब्त किए गए। रातू थाना क्षेत्र के चट्टी के डेविड पर 6 नवंबर को कोतवाली थाना में केस दर्ज हुआ था। केस के आधार पर पुलिस ने पुरानी रांची से हथियार तस्कर मोहम्मद राजन को दो देसी पिस्टल, खाली मैगजीन व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने सादे लिबास में ग्राहक बनकर की थी। पूछताछ में उसने डेविड द्वारा हथियार सप्लाई करने का खुलाया किया। गिरफ्तार ओमप्रकाश अपराधियों के बीच डेविड के नाम से जाना जाता है। लंबे समय से पहचान छिपाकर वह अपराधियों को हथियार बेच रहा था। सोय ने बताया कि वह हफ्ते में दो से तीन बार ही मोबाइल ऑन करता था। हथियार सप्लाई की डील होने के बाद दूसरे फोन का प्रयोग करता था। उसके सही नाम के खुलासे के बाद उसके घर पर कई बार छापा मारा गया। जांच में पता चला कि वह शहर में ही किराये के मकान में रहता था। लोग उसे ओमशंकर गुप्ता नाम से जानते थे। मोबाइल लोकेशन का पता चलते ही उसे दबोच लिया गया।

# गैर झारखंडियों को चिन्हित कर रहे हैं फर्जी आंदोलनकारी : प्रभाकर तिर्की

## फर्जीवाड़े के खिलाफ दर्ज कराया जाएगा मुकदमा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कुछ स्वार्थी तत्व आंदोलनकारी संगठन के नाम पर आंदोलनकारियों को गुमराह कर उनसे पैसे की वसूली कर रहे हैं। ऐसे लोग झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित करने का कार्य कर रहे हैं, जो कभी आंदोलनकारी नहीं रहे। सच तो यह है कि आज भी आंदोलन में शामिल हजारों लोग आंदोलनकारी के रूप में राज्य सरकार द्वारा चिन्हित नहीं हो पाए हैं। यह भी सूचना मिल रही है कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नाम पर कुछ लोग सक्रिय हैं और आंदोलनकारियों से अवैध रूप से एक मुश्त राशि की उगाही कर रहे हैं। इस क्रम में एक मुश्त राशि लेकर गैर आंदोलनकारियों को भी आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा के नेता प्रभाकर तिर्की ने कचहरी चौक स्थित मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। श्री तिर्की ने कहा कि वर्तमान में यह बात सामने आई है कि संगठन के द्वारा आंदोलनकारी सम्मान पत्र देने की कार्रवाई की जा रही है और उन्हें कई प्रकार से गुमराह किया जा रहा है। इस सम्मान पत्र में कुछ वरीय आंदोलनकारी एवं विधायकों का भी उनकी सहमति के बिना नाम डाल दिया गया है एवं उनका हस्ताक्षर भी कर दिया गया है, जो पूरी तरह से फर्जी है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा ऐसे संगठनों और उसके नेताओं के खिलाफ झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग एवं गृह विभाग और राज्य सरकार के पास शिकायत दर्ज कराएगी। आवश्यकता पड़ी तो उनके द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

## मेधा डेयरी प्लांट का मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया निरीक्षण, कहा

# राज्य मिल्क कलेक्शन सेंटर में होगी बढ़ोत्तरी

- *दुग्ध कलेक्शन में बिचौलिया प्रथा को खत्म करने का लक्ष्य*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण करने पहुंची कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पशुपालकों के लिए कई प्रस्ताव को रखा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में बढ़ोत्तरी करेगी। इसका उद्देश्य राज्य के पशु पालकों से उचित मूल्य पर दुग्ध कलेक्शन करना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 10 हजार लीटर से दुग्ध कलेक्शन का काम शुरू हुआ था। आज प्रति दिन 3 लाख लीटर दुग्ध का कलेक्शन हो रहा है। लेकिन बाजार का डिमांड 10 लाख लीटर प्रतिदिन है। बाजार के डिमांड को दूसरे कंपनी पूरा कर रहे है। जबकि मेधा के उत्पाद की क्वालिटी सबसे ज्यादा बेहतर है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशुपालक किसानों को दुग्ध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण इलाकों में बिचौलिया सक्रिय है। ऐसे में ये जरूरी है कि मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा कर बिचौलियों के सिंडिकेट को खत्म किया जाए। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया की मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है और आज दुग्ध बेच कर प्रति माह 2 लाख रुपए तक का आय हासिल कर रही है। मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं दूसरे राज्य तक भी पहुंचाना है। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया।

## पति की हत्या करने की आरोपी महिला और उसका प्रेमी दोषी करार

**रांची (हि.स.)।** अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने हत्या मामले की सुनवाई करते हुए प्रेमी राज मुंडा और प्रेमिका अंजली देवी को शुक्रवार को दोषी ठहराया है। खेलगांव के गाड़ीगांव निवासी अंजली देवी ने अपने प्रेमी राज मुंडा के साथ साजिश रचकर अपने पति राजू मिर्धा की हत्या करने का आरोप है। अदालत ने सजा पर फैसले की तिथि 21 दिसंबर निर्धारित की है। अंजली और राज के बीच अवैध संबंध था। मृतक कमाने राज्य से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान उसकी दोस्ती नामकुम के लालखंटगा निवासी राज मुंडा से हो गई थी। दोस्ती ऐसी हो गई कि राज मुंडा महिला के घर आने जाने लगा था। महिला किराए के घर में रहती थी। राजू मिर्धा की अनुपस्थिति में अभियुक्त राज मुंडा उससे अवैध संबंध बनाता था। दोनों शादी भी करने का इरादा था। दोनों के बीच महिला का पति आ रहा था। दोनों ने मिलकर 26 अगस्त 2021 की रात में जब राजू मिर्धा सो रहा था, इसी क्रम में दोनों ने मिलकर उसका गला दबाकर हत्या कर दी। राजू मिर्धा कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। राजू मिर्धा और अंजली ने दोनों प्रेम विवाह किया था। दोनों से दो बच्चे भी है।

## संत गाडगे बाबा के योगदान को हम नही भूल सकते : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** महान संत एवं स्वच्छता के जनक बाबा संत गाडगे महाराज की 69वी महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा गाडगे महाराज एक समाज सुधारक थे जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। गाडगे बाबा एक महान संत जो गरीबों, कमजोरों, अनाथों, विकलांगों की सेवा करते हैं। जीवन भर लोगों को सिखाया। इस संत ने मनुष्य में भगवान की तलाश की, धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरूआत विभिन्न स्थानों पर की। रंजले-गंजले, दीन- कमजोर, अपंग और अनाथ उनके देवता थे। गाडगेबाबा इन देवताओं में सबसे लोकप्रिय थे। उन्होंने अपने सिर पर जिन्जा पहना था, खपरा के टुकड़े से बनी टोपी, एक कान में खोपड़ी, दूसरे कान में टूटी चूड़ी का शीशा, एक हाथ में झाड़ू, दूसरे हाथ में घड़ा। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति-रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। अपने कीर्तन में वे श्रोताओं को उनके अज्ञान और दोषों से अवगत कराने के लिए विभिन्न प्रश्न पूछते थे। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। अपने कीर्तनों में वे कहा करते थे कि चोरी मत करो, साहूकारों से कर्ज मत लो, व्यसनों में लिप्त मत हो, भगवान और धर्म के नाम पर जानवरों को मत मारो, जातिगत भेदभाव और छुआछूत का पालन मत करो।

## राहुल गांधी के खिलाफ हुए मुकदमे के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

# भाजपा की नीति झूठ, फरेब, छल व प्रपंच पर टिकी है : कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इस क्रम में कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा की पूरी नीति झूठ, फरेब, छल प्रपंच पर ही टिकी हुई है। इसी का सहारा लेकर पूरे देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है। भारत रत्न बाबा साहब का अपमान करने वाले गृहमंत्री के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन भाजपा को पसंद नहीं आया। जनता के चुने हुए विपक्ष के जन प्रतिनिधियों को भाजपा के सांसदों ने सत्ता के घमंड में संसद के अंदर प्रवेश करने से रोका। इस पर कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक ढंग से विरोध कर रही थी। परंतु नाटक बाजी करते हुए भाजपा नेताओं ने फर्जी ड्रामा किया और इसी ड्रामा के तहत झूठा मामला बनाकर राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अपमान से पूरा देश उद्वेलित है और इसी से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने सियासी ड्रामा रचा है लेकिन भाजपा के ड्रामे से कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। बाबा साहेब के अपमान का विरोध पुरजोर तरीके से किया जाएगा। कांग्रेस का इतिहास 125 वर्षों से ज्यादा का है और कांग्रेस की बुनियाद आंदोलन पर ही टिकी हुई है। इस देश के नागरिकों को अधिकार देने वाले संविधान के शिल्पकार बाबा साहब के सपनों को कुचलने की मंशा रखने वाली भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

**राहुल गांधी पर मुकदमा यानी युवाओं को रोजगार से भटकाने की साजिश : राजेश कच्छप**

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि देश के सबसे बड़े पंचायत में भाजपा के कुछ चिरकुट नेता भी उपस्थित है। वीडियो फुटेज और सांसद के बयान से साफ है कि राहुल गांधी निर्दोष हैं। अदाणी प्रकरण और युवाओं को रोजगार से भटकाने की यह भाजपा की साजिश है। राहुल गांधी संविधान को बचाने और देश को जोड़ने के लिए पूरे देश की यात्रा करते हैं और उन पर झूठा मुकदमा किया जा रहा है, यह सिर्फ कांग्रेस का अपमान नहीं बल्कि न्याय का अपमान है। देश तानाशाही से नहीं लोकतंत्र से चलेगा।

**मुकदमे कर भाजपा कांग्रेस को डरा नहीं सकती : डॉ रामेश्वर**

पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अमित शाह को देश की जनता से बाबा साहब का अपमान करने के लिए माफी मांगनी होगी। झूठ और फर्जी मुकदमे कर भाजपा कांग्रेस को डरा नहीं सकती। राहुल गांधी देश की जनता के विश्वास का मजबूत स्तंभ है,जनता के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर एक प्रहरी है,इनके नेतृत्व में जन-अधिकारों,मान-सम्मान के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

**मुकदमा को सही साबित करने के लिए इलाजरत सांसद की भाजपा हत्या भी करा सकती है : ठाकुर**

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के ऊपर मुकदमा दर्ज करना संसदीय इतिहास का काला दिन है। गोडसे के कदमों पर चलने वाली भाजपा निचता की हद तक गिर सकती है। जिस तरह से राहुल गांधी के ऊपर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है, उससे हमें आशंका है कि इलाजरत सांसद की हत्या भी भाजपा कर सकती है ताकि फर्जी मुकदमे को सच में बदल सके। इलाजरत सांसद को कड़ी सुरक्षा की आवश्यकता है। गोडसे जैसे हिंसात्मक विचार रखने वाली भाजपा ऐसे कृत्यों को अंजाम दे सकती है। भाजपा झूठ को आफवाहों के द्वारा सच साबित करने की कोशिश करती है। भाजपा सांसद के स्पष्ट बयान के बाद भी मुकदमा दर्ज करना उनकी गिरी मानसिकता को दर्शाता है। बाबा साहब का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा। जिसने हमें संविधान दिया लोकतंत्र की जड़े मजबूत रखने का रास्ता दिखाया उन्हें अपमानित कर भाजपा आरएसएस को गुरु दक्षिणा देना चाहती है।जिस नाम के आगे गांधी शब्द जुड़ा हुआ है वह हिंसा नहीं कर सकता। हिंसा गोडसे के चेले करते हैं।

**अमित शाह को देना चाहिए इस्तीफा : सुबोधकांत सहाय**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भाजपा झूठ की दुकान है। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सारा खेल खेला जा रहा है, कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश हो रही है। जनता सच जानना चाहती है, जबकि भाजपा नेता हमेशा सच का सामना करने से भागते हैं। संसद के चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, अगर भाजपा नेताओं में दम है तो सीसीटीवी फुटेज जारी कर सच्चाई को जनता के सामने लाए। भाजपा ऐसा नहीं करेगी क्योंकि इससे भाजपा के झूठ का पदार्फाश हो जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के चेहरे पर कालिख पुत जाएगी। अगर अमित शाह में जरा सी भी नैतिकता बची है उन्हें अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।

### राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का हुआ उद्घाटन

# खादी मेले से कारीगरों को मिलता है बाजार : दीपिका पांडेय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



**हमें खादी को आगे लेकर जाना है : संजय यादव**

मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। इस मेले का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव एवं रांची विधायक सीपी सिंह ने किया।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को गांव तक ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। खादी से जुड़े बुनकरों और कारीगरों को मेले से बाजार मिलता है। यहां उनकी प्रतिभा को उचित दाम मिलता है।

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच से राज्य उन्नति की पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमें खादी को आगे लेकर जाना है इसलिए खादी से जुड़े बुनकरों की समस्याओं पर ध्यान देना है, उन्हें प्रशिक्षित करना है।

वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि खादी देश की पहचान बने इसके लिए प्रयास होना चाहिए। खादी के कपड़े सभी मौसम के अनुकूल होते हैं, इसकी बहुत मांग होती है। इससे गांवों में रोजगार तो बढ़ेगा पलायन भी रूकेगा।

उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस बार 500 से ज्यादा स्टॉल लगे हैं। कला और संस्कृति विभाग की ओर से हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बार मेले में स्टॉल के नाम पेड़ों के नाम पर रखे गए हैं। वहीं खादी संस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी, पीएमईजीपी, सरस एवं गैर सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मेले में चलंत शौचालय और चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के सीईओ हिमांशु मोहन, झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

### व्यापक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीण एसपी ने की ऑनलाइन बैठक, कहा

# सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास करेंगे पैदल मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में छेड़छाड़ का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में वायरल वीडियो में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। हालांकि आरोपी की गिरफ़्तारी हो चुकी है। छेड़छाड़ के बढ़ते मामलों को देखते हुए रांची पुलिस एक्टिव नजर आ रही है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक के साथ ऑनलाइन बैठक कर कई दिशा निर्देश दिए। ग्रामीण एसपी ने बताया कि महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए एक एंटी- इवीइ टीसिंग अभियान चलाएंगे। इसके तहत सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे स्थान चिन्हित करेंगे जहां आसपास स्कूल कॉलेज एवं कोचिंग संस्थान हो, उन स्थानों पर पैदल मार्च निकालेंगे। समय समय पर यह अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी पर्व एवं नए साल को देखते हुए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में ड्रिंक एंड ड्राइव का अभियान चलायेंगे ताकि इससे होने वाले दुर्घटना को रोका जा सके। ग्रामीण एसपी ने कहा कि आगामी नव वर्ष को देखते हुए सभी पिकनिक स्पॉट्स पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। उन्होंने तमाड़, बुंडू, राहे, सोनाहातु, दशमफॉल एवं अनगड़ा थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अवैध रूप से किये जा रहे अफीम की खेती को युद्ध स्तर पर विनष्ट करते हुए एफआईआर दर्ज करें। साथ ही अवैध अफीम की खेती करने एवं कराने में सहयोग कर रहे व्यक्तियों को भी चिन्हित कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें।



**ग्रामीण एसपी ने शिक्षण संस्थानों का किया दौरा, छात्राओं से की बात, समस्याओं को सुना**

रांची। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को छात्र- छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पैदल मार्च किया। सभी थाना क्षेत्र में पढ़ने वाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं गर्ल्स हॉस्टल में जाकर उनसे बात किया। उनकी समस्याओं को सुना गया, साथ ही कहीं पर छेड़छाड़ (इवीइ टीसिंग) का मामला आता है तो इस संबंध में 100, 112 डायल कर तथा क्यू आर कोड के माध्यम से अपना शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। इसमें उनकी नाम की गोपनीयता रखी जाएगी। अगर इस तरह का कोई मामला आता है और उस मामले में किसी भी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अगर लापरवाही बरती जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## होटवार जेल के कैदियों की नहीं रुकेगी पढ़ाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर दो दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में रह रहे बंदियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना था. वैसे बंदियों को जिन लोगों की पढ़ाई कारा में बंद होने के कारण रूक गयी थी, उनका फिर से दसवीं और बारहवीं में नामांकन कराकर परीक्षा लेने की व्यवस्था डालसा रांची के सहयोग से की जायेगी।

परीक्षा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के द्वारा कराये जाने की प्रक्रिया शुरू इन कैदियों की परीक्षा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के द्वारा कराये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. जानकारी के अनुसार 46 बंदियों का नामांकन 10वीं में एवं 13 बंदियों का नामांकन इंटर में कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. साथ ही इग्नू, रांची के द्वारा 13 बंदियों का स्नातक में नामांकन में प्रक्रिया भी शुरू कि गयी है. बिरसा मुंडा कारा के अंदर इग्नू व एनआईओएस के स्टडी सेंटर भी खोल दिये गये है. जेल के अंदर ही परीक्षा कराने की व्यवस्था करायी गयी है।

## न्यूज बॉक्स

### तीन स्तरों पर होती है बाजारों की बंदोबस्ती

**रांची।** पहले बाजारों की बंदोबस्ती कृषि उत्पादन बाजार समिति करती थी, लेकिन पंचायती राज अधिनियम 2001 में संशोधन के बाद बाजार-हाट की बंदोबस्ती जिला परिषद को करनी है। पंचायत, ब्लॉक और जिला परिषद तीन स्तरों पर बंदोबस्ती की जाती है। 25000 रुपए तक के हाट बाजार की बंदोबस्ती पंचायत स्तर पर, 25000 रुपए से 50,000रुपए तक ब्लॉक स्तर पर और इससे उपर की राशि के हाट-बाजारों की बंदोबस्ती जिला परिषद के द्वारा होती है।

### एनसीसी गर्ल्स बटालियन को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**रांची।** यातायात डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी और डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी मैनेजर के द्वारा तीसरी झारखण्ड गर्ल्स बटालियन एनसीसी के 300 कैडेट को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गयी। यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क दुर्घटनाओ को रोका जा सकता है।

### हटिया दुर्ग स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया- दुर्ग - हटिया स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ट्रेन संख्या 08185 हटिया - दुर्ग स्पेशल, यात्रा प्रारंभ 31 दिसंबर 2024 से 27 मार्च 2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को हटिया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 08186 दुर्ग - हटिया स्पेशल, यात्रा प्रारंभ 01 जनवारी से 28 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को दुर्ग से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन की समय सारणी, कोच संयोजन और ठहराव पूर्ववत रहेंगे।

### कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला का वार्षिक उत्सव 22 को



**रांची।** कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला वर्ष 2014 से, ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी बच्चों के बीच शिक्षा का ज्योत जला कर उनके सपनों को पंख दे रहा है। गांव के जागरूक युवा इन वंचित छात्रों के प्रतिभा को निखारने का काम निस्वार्थ कर रहे हैं। साथ ही आदिवासी भाषा एवं संस्कृति को समृद्ध करने का महती दायित्व भी निभा रहे हैं। दस वर्ष पूरे होने पर 22 दिसंबर को मांडर के मुड़मा शक्ति खूंटा मैदान में सुबह 9 बजे से पाठशाला का वार्षिक उत्सव मनाया जायेगा। इस वार्षिक उत्सव में बच्चे, अभिभावक एवं शिक्षक अपने चहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अपने करियर में सफल अतिथियों के द्वारा अपनी जीवनी, संघर्ष एवं अनुभव को सांझा किया जाएगा।

### नगर आयुक्त ने निगम की शाखाओं का किया निरीक्षण

**रांची।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप कुमार सिंह शुक्रवार को रांची नगर निगम के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने संबंधित शाखाओं के पदाधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने समस्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यालय में रहने और उसके साथ आने वाले आम नागरिकों के साथ संवेदनशील बने रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने राइट-टू-सर्विसेज के तहत निर्धारित समय के अंदर निगम के द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ आम नागरिकों को देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, सहायक प्रशासक, निगम के अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। दूसरी तरफ शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम की ओर से शहर के कई हिस्सों में अतिक्रमण हटाओं अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# क्रिसमस पूर्व कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, साथ में झूमे शिक्षक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तुपुदान स्थित डीएवी सरला स्कूल में शुक्रवार को प्री क्रिसमस का आयोजन किया गया। बच्चे रंग बिरंगे और सांता क्लॉज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। सभी बच्चों ने वेलकम सॉन्ग से शिक्षकों एवं अभिभावकों का अभिवादन किया। क्रिसमस महोत्सव के मौके पर बच्चों ने ईसा मसीह के जीवन पर कार्यक्रम पेश किए। रंग बिरंगे पोशाक पहने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक मेहुल दूबे ने केक काटकर बच्चों एवं अभिभावकों के साथ क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षिका मेघा बाखला सांता क्लॉज बनी एवं बच्चों के टॉफी देकर आनंदित किया। बच्चों ने सांता क्लॉज के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। प्री क्रिसमस महोत्सव को संबोधित करते हुए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा क्रिसमस प्यार का त्योहार है। अगर हम दूसरों को समय देते है उनके लिए चिंता करते है तो वह हमारे प्रेम को दर्शाता है। प्रभु ने हमें दूसरा संदेश बताया क्षमा करना। विद्यालय के निदेशक मेहुल दूबे ने कहा प्रभु यीशु का आगमन संसार में खुशहाली का प्रतीक है। उनके द्वारा दिये गए प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को जीवन मे अपनाते हुए समाज के बेहतरी के लिए काम की जानी चाहिए। वहीं विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला, महिमा सिंह ने भी नृत्य प्रस्तुत किया।

## नगर निगम भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवं समाधान समिति एवं रांची नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम भवन में निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में नियमित स्वास्थ्य जांच से होने वाले लाभ एवं बीमारियों से बचाव के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही रांची नगर निगम के कर्मियों तथा पदाधिकारियों के स्वास्थ्य की निशुल्क जाँच की गई। स्वास्थ्य शिविर में रांची के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकेत एवं उनकी टीम के सदस्यों ने लोगों की जांच की एवं चिकित्सीय सलाह दिया। मौके पर पथ विक्रेता शिकायत निवारण एवं समाधान समिति के अध्यक्ष कुमार दिनेश ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से अनेक प्रकार के बीमारियों से बचाव होता है। वहीं सही समय पर उपचार प्राप्त होने से किसी के भी जीवन को बचाया जा सकता है। स्वास्थ्य शिविर में डॉ साकेत की सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।

### आज / कल




### 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 का हुआ समापन

# विद्यार्थी पढ़ाई के अलावा अन्य विधा में भी रहें आगे : डॉ सुदेश कुमार साहु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




एसएस मेमोरियल कॉलेज में 'इंजोत' युवा महोत्सव 2024 का समापन्न शुक्रवार को हुआ। मौके पर पुरस्कार वितरण व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ प्रो सुदेश कुमार साहु थे। कॉलेज प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने मुख्य अतिथि को कॉलेज का प्रतीक चिन्ह,अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया व स्वागत भाषण दिया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यही समय विद्यार्थियों को निखारने और निखरने का है। पढ़ाई के अलावा अन्य विधा में भी आगे आना चाहिए। विद्यार्थी अपने लक्ष्य निर्धारित करें और आगे बढ़े। कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभा के धनी होते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी बर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी बहुत प्रतिभावान हैं व हर विधा में अग्रणी हैं। आने वाले समय में महाविद्यालय, घर, परिवार व समाज का नाम रौशन करेंगे । समापन समारोह में सभी विधा के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर डॉ समर सिंह, प्रो राजेश कुजूर, डॉ सावित्री बड़ाईक, डॉ राजश्री महतो, डॉ आरएन सिंह , डॉ मंजु सिंकु, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ रवि कुमार दास, डॉ बीके अखौरी, डॉ एनके पाण्डे, डॉ सीमा सुरीन, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ मुकेश उरांव, डॉ राजश्री इंदवार, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ उषा किंड़ो, डॉ त्रिभुवन साही, डॉ सुबास साहु, डॉ रीना कुमारी, डॉ अभिषेक कुमार गुप्ता, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ संजय सरंगी, डॉ कन्हैया लाल, डॉ एनके सिंह, डॉ संगीता कुमारी, डॉ नेहा टोप्पो, डॉ रुकैया, डॉ प्रांजल कुमारी, डॉ रागिनी, अभिषेक,कमाख्या , आलोक, जावेद, धनेश्वर, अनूप, अनु सहित कई शिक्षक गण व सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।



# हजारीबाग से बगोदर जाने वाली सड़क की स्थिति दयनीय भ्रष्टाचार आया सामने



**नवीन मेल संवाददाता**

**दारू।** विकास में सड़के अपना अहम योगदान देती है, इसमे कोई मिलावट नहीं है। परन्तु बीते करीब पांच से छह सालों तक सड़क की स्थिति बद्तर हो चुकी थी। जिसे प्रतिदिन दुर्घटना हो रहा था। इसी को देखते हुए हजारीबाग के जिला प्रशासन और हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयासों से मरम्मत कार्य प्रारंभ तो हुआ। और सदर प्रखंड, दारू प्रखंड, टाटीझरिया प्रखंड और विष्णुगढ़ प्रखंड के लोग काफी खुश हुए। चलो देर से हीं सही अब आवागमन सुगम होगा। लेकिन जब सड़क मरमती का कार्य प्रारंभ किया गया तो सड़क के ऊपर मात्रा चिपरी चिपकाए जा रहा है। और यह कार्य हजारीबाग से लेकर जहां तक सड़क निर्माण कार्य किया गया है। पूरे सड़क पर चिपरी सिर्फ बिछाया गया है। इसकी सूचना पथ निर्माण विभाग, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्विटर के माध्यम से जानकारी दी गई है। जनता को पीड़ा उस समय सबसे अधिक होती है, जब सड़क के बने एक सप्ताह भी ना हो और सड़क टूट जाये। हजारीबाग बगोदर पथ एनएच- 522 में मरम्मती कार्य प्रगति पर है। और बनहे से लेकर भेलवारा तक सड़क जगह-जगह पर पुनः टूट गई है। सड़क बनने के बाद एक सप्ताह भी ना हो और सड़क टूट जाये तो इसका जिम्मेदार कौन है? सरकारी पैसे का दुरूपयोग ना हो और कार्य बेहतर तरीके से हो। इसकी जवाबदेही जनप्रतिनिधियों एवं जिले के आला अधिकारियों की बनती है। ऐसे भ्रष्ट ठेकेदारों पर जल्द से जल्द करवाई की जानी चाहिए ।ताकि सड़के अच्छी और टिकाऊ बनाई जा सके। और हजारीबाग से लेकर जहां तक सड़क मरम्मत का कार्य किया गया है वहां तक सड़क के दोनों और मिट्टी की भारी नहीं की गई है। जिससे साइड से गाड़ी रोड पर चढ़ने में काफी समस्या होता है।

## एक नजर

### कांग्रेस नेता ने डीजीपी को बरही विस के समस्याओं से कराया अवगत



**बरही।** बीते विस चुनाव में बरही विस से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे कांग्रेस के युवा नेता अरुण साहू ने झारखंड में पुनः डीजीपी का पदभार ग्रहण करने वाले पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान हजारीबाग ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता भी उनके साथ थे। दोनो नेताओ ने डीजीपी श्री गुप्ता को पुनः पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं देते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया। कांग्रेस नेता श्री साहू ने डीजीपी को बरही विस के ताजा हालातो से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बरही विस मवेशी कारोबार, शराब और अफीम कारोबार का अवैध अड्डा बना हुआ है। पुलिस इस धंधे में लिप्त व्यक्ति को पकड़ने में असफल सिद्ध हो रही है। उन्होंने डीजीपी से बरही विस क्षेत्र से इस अवैध धंधे से मुक्त करने की मांग किया। इसके साथ ही उन्होंने बरही के ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा करते हुए स्थाई समाधान की मांग किया। डीजीपी ने युवा नेताओं को सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

### अपहरण मामले में पूर्व मुखिया सहित एक अन्य मामले में फरार वारंटी

**बरही।** बिहार के दरभंगा जिले के केवटी थाना में अपने ही पोकलेन मशीन के ऑपरेटर जितेंद्र कुमार के अपहरण के आरोप में बेंदगी के पूर्व मुखिया दिनेश कुमार को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया. जानकारी के अनुसार ऑपरेटर के पिता दुबे राम ने पूर्व मुखिया के खिलाफ केवटी थाना में फरवरी में अपने पुत्र के अपहरण का मामला दर्ज करवाया था. मामले को लेकर केवटी थाना में 93/2024 मामला दर्ज किया गया था. इसी मामले को लेकर बिहार पुलिस ने बरही पुलिस के सहयोग से बीते रात पूर्व मुखिया को गिरफ्तार कर बिहार ले गई है. वही बरही कांड संख्या 107/2017 के फरार वारंटी बरही डीह निवासी अशोक कुमार सिंह को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में आत्मसमर्पण करवाया है।

### फसल सुरक्षा को लेकर कृषक गोष्ठी आयोजित



**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के पसई पंचायत भवन में शुक्रवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कृषि प्रभाव की ओर से फसल सुरक्षा योजना 2024-25 के तहत कृषक गोष्ठी आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी हजारीबाग वीणा कुमारी टुडू ने किया। गोष्ठी में उन्होंने कीटनाशी के सुरक्षित उपाय, मित्र कीट के उपयोगिता एवं जैविक कृषि के महत्व पर विस्तार पूर्वक किसानों को जानकारी दी। पौध संरक्षण निरीक्षक हजारीबाग विजय कुमार साहू ने यांत्रिक विधि से कीट नियंत्रण पर विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने फसलों में लगने वाले कीटनाशक का उपचार की विधि को भी बताया। किसानों को जैविक कीटनाशक यथा नीमास्त्र, अग्नि अस्त्र, ट्राईकोडर्मा के सुगम व्यवहार पर जोर देने को कहा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पसई पंचायत के मुखिया परमेश्वर गोप, कटकमदाग प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक निहारिका सिन्हा, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी घनश्याम महतो, एकेएम उर्मिला देवी, एपीएस प्रियंका कुमारी, पौध संरक्षण सहायक शंकर कुमार व पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

## समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहायता मिले : बजरंग महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

दुलमी प्रखंड चटाक निवासी नकुल रविदास की माता के उपचार हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहायता स्थानीय विधायक ममता देवी की अनुशंसा पर दी गई है। शुक्रवार को रामगढ़ विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने नकुल रविदास को 50,000 रुपये का चेक सौंपा। यह सहायता राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को समय पर राहत प्रदान करने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।



इस अवसर पर बजरंग महतो ने कहा हमारी प्राथमिकता है कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहायता मिले। मुख्यमंत्री राहत कोष से यह आर्थिक सहायता नकुल रविदास की मां के इलाज में मददगार साबित होगी।इस दौरान स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे और राज्य सरकार के इस कदम की सराहना की। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार ,संदीप सिंह ,महेताब राही ,रामघृत महतो ,मदन नायक, सिकेन्दर नायक आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज के लोगों ने कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से की मुलाकात



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के आदिवासी समाज के लोगों ने कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बरकट्ठा प्रखंड के भारत जकात मांझी परगना महल के अध्यक्ष रामजी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू ने कल्याण मंत्री से मिलकर बरकट्ठा के विभिन्न समस्याओं से अवगत करते हुए सरना स्थल की घेराबंदी, मांझी हाउस के निर्माण का मांग किया। जिसमें मंत्री चमरा लिंडा ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# भारत रत्न डॉ. अंबेडकर का अपमानजन अस्वीकार्य है: मुन्ना सिंह

### कांग्रेस ने अमित शाह की टिप्पणी और राहुल गांधी पर झूठे मुकदमे के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह हुए शामिल




**रांची/हजारीबाग।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में झारखंड कांग्रेस ने शुक्रवार को आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में यह विरोध मार्च कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि, अमित शाह द्वारा संसद में की गई टिप्पणी भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के प्रति अपमानजनक और अस्वीकार्य है। यह न केवल संविधान निमार्ता का अपमान है, बल्कि पूरे देश के लिए दुखद है।

राहुल गांधी के खिलाफ झूठे मुकदमे से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस कार्यकताओं ने इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और डॉ. अंबेडकर का सम्मान सुरक्षित रखने तथा राहुल गांधी पर लगाए गए झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग की। अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीति में सुधार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

## जरुरतमंदों के बीच समाजसेवी ने बांटे गर्म कपड़े

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत खपरियावां में समाजसेवी दिनेश खण्डेलवाल के सौजन्य से 150 जरूरतमंदों के बीच स्वेटर, जैकैट व गर्म कपडों का वितरण किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में जरुरतमंदों की सबसे बड़ा धर्म है। कपड़े वितरण का शुभारंभ प्रखंड के उप प्रमुख विमल गुप्ता व पंचायत के मुखिया राजेश गुप्ता ने किया। इस नेक कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों ने समाजसेवी दिनेश खण्डेलवाल को साधुवाद दिया। मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ साव, वार्ड सदस्य साहिना प्रवीण उपस्थित थे।

### समाज में फैल रही कुरीतियों को लेकर सेविकाओं को किया गया जागरूक

## समाज से अंधविश्वास हटाने की आवश्यकता : शिप्रा सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में समाज में फैल रहे कुरीतियों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा ने की। वहीं संचालन सीडीपीओ नीलू रानी ने किया।



कार्यक्रम में 165 आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए शिप्रा सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक युग में भी समाज में सामाजिक कुरीतियाँ वअंधविश्वास व्याप्त है। सेविकाओं को समाज में फैले कुरीतियों,अंधविश्वासों को दूर करने के लिए लोंगो में जागरूकता लाने की बड़ी जिम्मेवारी है। झारखंड में डायन बिसाही को लेकर कई हत्याएं हो चुकी है। वहीं इस मामले को लेकर प्रताड़ना भी होता है। वहीं नीलू रानी ने कहा कि डायन बिसाही एक अंधविश्वास है। इसे लेकर समाज को जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में सहायक अभिषेक सिंह, डीसीपीओ संजय प्रसाद, सीडीपीओ नीलू रानी, महिला पर्यवेक्षिका मटिल्डा टोप्पो, रंजीता कुमारी, निभा कुमारी, सहायक रमेश रंजन ने भी डायन बिसाही के दुष्प्रभावों पर चर्चा की।

## विधायक ने विद्यालय में बैग और वाटर फिल्टर का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में लार्सन टर्बो लिमिटेड कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कंपनी द्वारा दिए गए 336 बच्चों के बीच स्कूली बैग का वितरण किया। साथ ही विद्यालय को स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए वाटर फिल्टर प्रदान किया।बैग मिलने से छात्रों के चेहरे खिल उठे। वहीं विधायक ने लार्सन टर्बो लिमिटेड और संस्था के पदाधिकारियों को नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया और उनकी



सराहना की।इस पहल के तहत विद्यालय में बच्चों को शिक्षा सामग्री और स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हुई, जो उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने इस तरह के सामाजिक कार्यों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास से समाज

### भाजपा का मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न

## 22 से अभियान की होगी शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा पश्चिमी मंडल का कार्यशाला सम्पन्न हुआ. कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी के आवास पर किया गया. कार्यशाला अध्यक्ष श्री केसरी के निर्देशन और मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के संचालन में आयोजित किया गया. जिसमे कार्यशाला अभियान प्रभारी बालमुकुंद साहू भी मौजूद रहे. प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओ को बताया कि आगामी 22 दिसंबर से पूरे प्रदेश ने भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाया जाना है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओ को पूरे दम खम से लगना है. अधिकाधिक लोगो को भाजपा के नीति व सिद्धांतो को बताते हुए पार्टी से जोड़ने का प्रयास करे. कार्यशाला में जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, अंबिका सिंह ,संजीव कटरियार, गजाधर प्रसाद, राजेंद्र चंद्रवंशी, गुरुदेव गुप्ता, नवल किशोर सिंह, विपिन कुमार सिंहा, संगीता शर्मा, सुनैना कुमारी, सुमन देवी, किरण वर्मा, सुषमा कुमारी, मुखिया विशेश्वर यादव, मोतीलाल चौधरी ,खिरोधर यादव, हरेंद्र गोप, मनोज उपाध्याय, बालेश्वर यादव आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सेवाभाव से मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है : डॉ प्रवीण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग डेमोटांड स्थित श्रीनिवास होस्पिटल में तीन गंभीर रूप से चोटिल मरीज का सफल इलाज हुआ। सडक दुर्घटना में मरीज कैलाश कुमार का नीचला दोनों जबड़ा फ्रेक्कर हो गया था। डॉ जयेश, डॉ अली एवं डॉ श्वेता के सफल नेतृत्व में सफल इलाज किया गया। मरीज कोमल कुमारी चार अकल दाढ़ें निकलवा दी थीं। उसके अक्ल दाढ़ जबड़े की नसों और धमनियों के बहुत करीब थे। एलए ओटी के तहत बहुत अधिक रक्तस्राव और दर्द हो सकता है। इसलिए सामान्य एनेस्थीसिया के तहत सभी चार अकल दाढ़ें हटा दी गईं। डॉ. चंद्रलेखा और डॉ. ऋषिकेश द्वारा सफल इलाज किया गया। मरीज राकेश कुमार का विगत कुछ महीने पूर्व सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के उपरांत चार महीने तक कोमा में थे। दुर्घटना के दौरान उनका निचला जबड़ा भी फ्रैक्कर हो गया था। फ्रैक्कर को फिर से ठीक किया गया और सामान्य रूप से सेट किया गया। संचालन डॉ. जयेश और डॉ. फ्लोरा ने किया। डॉ.ऋषिकेश द्वारा सहायता प्रदान की गई। मरीजों की सफल इलाज पर परिवारजनों में खुशी लहर दौड़ पडी। जीवनदाता के रूप में मरीज एवं उनके परिवारजनों ने अस्पताल परिवार का धन्यवाद जताया। सेवा एवं सुविधा ससमय उपलब्ध होने पर सरहाना किया। मौके पर मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सेवाभाव से मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है। मरीजों को ससमय सेवा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध सुनिश्चित करने हेतु अस्पताल परिवार सदैव कार्यरत है।

### समाज कल्याण विभाग की उपलब्धि

## पांच साल से भटकी बालिका संस्था के प्रयास परिवार से मिली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग शिप्रा सिंहा के दिशा-निर्देश पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विदित हो कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिले में शक्ति सदन का संचालन किया जा रहा है जो पूर्व में स्वाधार गृह एवं उज्जवला होम के नाम से संचालित था। इस शक्ति सदन में शोषण अथवा उत्पीडन की पीडिता महिलाओं को अल्पकालिक आश्रय एवं पुनर्वास की व्यवस्था



आवासित बालिका लगभग पांच वर्ष से अपने परिवार से थी दूर

की जाती है। उल्लेखनीय है कि शक्ति सदन में आवासित एक बालिका लगभग 05 वर्ष पूर्व अपने माता-पिता व परिवार से भटक गई थी जिसे पुलिस के द्वारा 16 अक्टूबर को संस्था को सुपुर्द किया गया था। संबंधित बालिका के साथ उत्पीडन किए जाने के कारण वह अपने घर-परिवार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ बताने में सक्षम नहीं थी। बालिका से पूछताछ पर वह अपना घर चतरा जिले के नवाटाँड बता रही थी। ऐसी स्थिति में चतरा जिले के बाल कल्याण समिति से संपर्क स्थापित किया गया तथा संबंधित क्षेत्र का सत्यापन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था परन्तु सफलता नहीं मिली। तत्पश्चात अन्य स्त्रोतों से भी जानकारी प्राप्त की गई, परन्तु कोई स्पष्ट जानकारी नही मिल पाई। तदोपरांत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं शक्ति सदन की प्रभारी प्रतिमा कुमारी थे। साथ ही साथ आवश्यक सहयोग के लिए बाल कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना पाण्डेय एवं महिला पर्यवेक्षिका अनुसूइया कुमारी को भी शामिल कर लिया गया था। इस टीम के सदस्यों ने बालिका को लेकर सरकारी वाहन में उसके घर परिवार के खोजबीन के लिए निकल गई।

## न्यूज बॉक्स

### बालू खनिज के अवैध खनन व परिवहन पर एक हाईवा को किया गया जब्त



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा गश्ती के क्रम में बाजार टांड़ के पास एक हाईवा अवैध बालू के साथ पाया गया । जांच के क्रम में पाया गया कि हाईवा वाहन संख्या जेएच 02एई 8022 पर 607 घन फीट बालू खनिज लोड पाया गया। उक्त हाईवा में जांच पड़ताल किया गया परंतु बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया। जिसके उपरांत वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 एवं झारखंड मिनरल्स ( प्रवेशन ऑफ इलिगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रूल 2017 के नियम 9/13 के तहत जिला खान निरीक्षक रामगढ़ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

### सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र का असामयिक निधन



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के लिए अत्यंत दुखद समाचार मिला।कक्षा सप्तम के छात्र आर्यन कुमार का असामयिक निधन हो गया। इस घटना ने पूरे विद्यालय परिवार को गहरे शोक में डाल दिया है।आर्यन एक होनहार और प्रिय छात्र था जो अपनी मेहनत और विनम्र स्वभाव के लिए जाना जाता था। विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने इस दुःखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा आर्यन का निधन हमारे लिए एक अपूरणीय क्षति है। उसकी यादें हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। शुक्रवार को विद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आर्यन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने आर्यन के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

### नाई समाज के युवा वर्ग ने लिया वनभोज आनंद

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बक्सपुरा जमुनिया नदी तथ पर बोलियांगंज नाई समाज के युवा वर्ग ने गुरुवार को वनभोज का आनंद लिया। आपको बता दे कि विष्णुगढ़ प्रखंड के बक्सपुरा जमुनिया नदी तथ में प्राकृतिक छटा करती है, आकर्षित नव वर्ष के पूर्व और नव वर्ष प्रवेश करने पर प्रतिदिन सैकड़ो लोग यहां पर आकर वनभोज का आनंद उठाते हैं। इसी प्राकृतिक सौंदर्य और पक्षियों के कलरव के साथ ही तथ के किनारे मनमोहक नजारे नदी, झरने एवं पहाड़ी और पक्षियों की अटखेलिया का आनंद बोलियांगंज नाई समाज के युवा वर्ग ने वन भोज कर लुप्त उठाया। मौके पर नाई समाज के सचिव कुंदन कुमार शर्मा ने एकता पर बल देते हुए कहा कि एकजुटता ही हमारी ताकत है, इसे बरकरार रखने के लिए सभी की सहयोग जरूरी है। पिकनिक नहीं हम सभी एक जुट होने का एक हिस्सा है। इस दौरान सभी लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का पूरा लुफ्त उठाया। मौके पर सचिव कुंदन शर्मा, मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा,मिश्रीलाल ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, मंटू ठाकुर, प्रकाश ठाकुर,बबलू ठाकुर,विशाल शर्मा,सोनू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर,मनीष ठाकुर,रवि ठाकुर,राजेश ठाकुर, बिट्टू ठाकुर,आकाश ठाकुर, बसंत ठाकुर शामिल थे।

### आई.जे.मेहरा मेमोरियल ए डिवीजन लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सत्र 2024-25 का उद्घाटन



**रामगढ़।** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा स्थानीय छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित आई.जे.मेहरा मेमोरियल ए डिवीजन लीग क्रिकेट टूनार्मेंट सत्र 2024-25 का उदघाटन शुक्रवार को किया गया। आरसीए अध्यक्ष अशोक कुमार जैन एवं उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सत्र का प्रारंभ किया गया । इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,मानद सचिव अरुण कुमार राय ,सह सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद , सदस्य महेंद्र प्रसाद राणा ,सुभोजित दत्ता ,रशीद खान ,सन्नी सिंह ,पवन कुमार साहू आदि सदस्य उपस्थित थे । उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित लीग मैच क्यों खेलना चाहिए इस संबंध में विस्तार पूर्वक बताया । अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि आपकी मेहनत ,अनुशासन से ही आप जिला एवं राज्य के खिलाड़ी बन सकते हैं । यह आपके सत्र का बहुत ही मुख्य ए डिवीजन लीग मैच है। बेहतर परफॉर्मेंस करें रामगढ़ जिला के टीम में अपनी जगह बनाने तथा राज्य के लिए खेलें । हमारी ओर से आप सभी को शुभकामनाएं। शुक्रवार को मैच रॉयल क्रिकेट क्लब ए बनाम एम साइन क्रिकेट अकादमी रामगढ़ के बीच खेला गया।

### झारखंड राज्य ओलंपियाड का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची के निर्देश के आलोक में दिनांक 19 एवं 20 दिसंबर 2024 को झारखंड राज्य ओलंपियाड का आयोजन रामगढ़ जिले के 7 चयनित परीक्षा केंद्रों में किया गया। ओलंपियाड परीक्षा के लिए वर्ग 7, 8 एवं 9 के कुल 2991 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था एवं इन बच्चों के गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान विषयों का आकलन राज्य स्तर से उपलब्ध प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट के माध्यम से कराया गया। रामगढ़ जिला के लिए कुल 7 परीक्षा केंद्र - सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, कम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका विद्यालय रामगढ़, उच्च विद्यालय कोयरीटोला रामगढ़, महिला कॉलेज रामगढ़, बुनियादी विद्यालय रामगढ़, छावनी बालिका मध्य विद्यालय रामगढ़ एवं राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ निर्धारित किया गया । जिसमें सभी प्रखंड से ओलंपियाड हेतु रजिस्ट्रेशन किए विद्यार्थियों ने भाग लिया। ओलंपियाड 2024 का अनुश्रवण राज्य स्तरीय टीम एवं जिला स्तर से जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधीकारी नलिनी रंजन एवं सहायक कार्यक्रम पदाधीकारी कुमार राज के द्वारा किया गया।

### उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ तीन दिनी क्रिसमस गैदरिंग संपन्न

# मरियम कर कोरा में का तारा टिम टिम चमकेला... तारा न लगे प्रभु यीशु चमकेला

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** मरियम कर कोरा में का तारा टिम टिम चमकेला तारा न लगे प्रभु यीशु चमकेला गीत से पुरा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम झूमने पर विवश हो गया ।पिछले तीन दिनों से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में क्रिसमस का माहौल में रंग गया था। गुरुवार की देर रात तो स्टेडिमय में पांव रखने की जगह नहीं थी पूरा स्टेडियम रातभर दर्शकों से खचाखच भरा रहा। हर कोई कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठा रहे थे। हर किसी के चेहरे में क्रिसमस का उमंग, उल्लास और उत्साह था। मौका था सीसीवाईए और के संयुक्त बैनर तले आयोजित क्रिसमस गैदरिंग के समापन कर। कार्यक्रम में राज्य के कई सुप्रसिद्ध कलाकारों का भी जमावड़ा था। जिसमें झारखंड के सुप्रसिद्ध कलाकार पवन रॉय ,कुमार प्रीतम ,अर्जुन लकड़ा ,सुमन गुप्ता ,अनीता बाड़ा सत्या महतो के द्वारा प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम का शुभारंभ जीईएल चर्च के बिशप मुरेल विलुंग के द्वारा विशेष प्रार्थना के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।मौके पर क्रिसमस केक काटकर किया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम का दौर शुरू हुई। कलाकार स्टेज में गीत गा रहे थे। जबकि मैदान में उमड़े हजारों दर्शक उनके गीतों पर झूम रहे थे। कलाकारों के मनमोहक गीतों की प्रस्तुति में लोगों को कड़कड़ाती ठंड का एहसास तक नहीं होने दिया। कार्यक्रम में युवाओं के अलावे बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भी भारी संख्या में पहुंचे थे। बच्चों की टोली मैदान के पूर्वी छोर में लगे मनोरंजन के आइटमों में मस्ती करने में जुटी रहीं। वहीं टोरा टोरा, ब्रेक डांस में रात भर नवजवानों की भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा मैदान को इतने बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित किया गया था कि किसी को एहसास ही नहीं हो रहा था कि यह चाहरदीवारी के अंदर स्थित अल्बर्ट एक्का मैदान है। छोटे से मैदान में ही कई आइटमों, सैकड़ों दुकानों और सजाया गया भव्य स्टेज देखने लायक था। इसी का नतीजा रहा कि मैदान में उमड़ी भीड़ भी धक्का-मुक्की होना तो दूर उसका एहसास तक होने नहीं दिया ।कार्यक्रम में सीसीवाई के बैनर तले आयोजित गैदरिंग के संस्थापक दिवंगत स्व. नियेल तिर्की को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर कंबाइंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे जहां पर सभी लोगों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अपने संबोधन में विशप ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार खुशियों से भरा त्यौहार है जहां पर परमेश्वर मानव जाति का कल्याण के लिए मानव रूप में धरती पर उधर करता के रूप में अवतार लिए थे और समस्त मानव जाति की कल्याण की सूची उन्होंने कहा कि हम सभी अपने जीवन में अपने आसपास के दीन दुखियों की सेवा करें क्योंकि ईश्वर ने कहा है कि अपने शत्रुओं के भी गुनाहों को माफ करते हुए अपने आसपास के दीन दुखियों की सेवा करें जिससे कि परमेश्वर की सेवा प्राप्त होगी।

## 3 नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट लिए 1 लाख 27 हजार

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनमेरला साप्ताहिक बाजार में बेखौफ तीन नकाबपोश अपराधियों ने दिनदहाड़े हथियार का भय दिखा कोनमेरला डुमरबेड़ा निवासी अमित नाग पिता शंकर नाग नामक लाह व्यवसायी से एक लाख सताईस हजार रूपये लूट लिए। घटना के बारे में जानकारी देते हुए व्यवसायी अमित नाग ने बताया कि अपने ट्रेक्टर से कोनमेरला साप्ताहिक बाजार जा रहे थे तभी महामना मालवीय उच्च विद्यालय के निकट सड़क पर प्लेटीना मोटरसाइकिल पर एक नकाबपोश अपराधी खड़ा था जिसे साइड देकर आगे निकल रहे थे तभी अचानक अपाची मोटरसाइकिल से दो नकाबपोश अपराधी मौक़े पर पहुंचे एवं व्यवसायी पर हथियार तान दिया एवं पैसे छीनने का प्रयास करने लगे इस दौरान दोनों के बीच झड़प हुई इस दौरान अपराधियों का हथियार जमीन पर गिर गया इस दौरान दूसरे अपराधी ने चाकू निकाल लिया एवं व्यवसायी से मारपीट कर घायल कर दिया एवं एक लाख सताईस हजार रूपये लूटकर झपला टूटीकेल जाने वाली सड़क के रास्ते भाग निकले । मामले कि सुचना मिलते ही जलडेगा थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे एवं आवश्यक कारवाई में जुट गए। व्यवसायी के बयान पर जलडेगा थाना में कांड संख्या 68/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है एवं पुलिस अपराधियों कि तलाश में सघन छापामारी कर रही है। उधर घटना कि सुचना पर सिमडेगा एसडीपीओ बैजू उरांव भी मौक़े पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए जरुरी दिशानिर्देश दिए। घटना के बाद से प्रखंड सहित साप्ताहिक बाजार में बाहर से आने वाले व्यवसायियों में काफ़ी दहशत है। इससे पूर्व भी कोनमेरला बाजार में अपराधी लूट कि घटना को अंजाम दें चुके हैं वहीं पर्व त्यौहार के दौरान इस प्रकार दिनदहाड़े लूट कि घटना पुलिस कहीं ना कहीं पुलिस कि कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करता है कि इतने बड़े बाजार में पुलिस कि और से सुरक्षा के कोई इम्तेज़ाम आखिर क्यों नहीं किया गया।

## दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण में शामिल किसानों को मिला बीज




नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के हुटूबदा गांव में लीड्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण में शमिल किसानों को कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते हुए जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह ने खेती में होने वाले खाद प्रबंधन, किट प्रबंधन, रोग प्रबंधन, उपचार, कृषि तकनीकी, जल प्रबंधन एंव कृषि संबंधी योजना की विस्तृत जानकारी दी। वहीं उन्होंने उद्यान विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत किसानों को 90% अनुदान पर टपक सिंचाई एंव स्प्रिंकलर जिससे 70% तक जल का बचत होता है, पीएम कुमूम योजना के द्वारा किसानों को 96% अनुदान पर सौर सिंचाई का लाभ दिया जाता है। आत्मा के बीटीएम राजेश बागे ने किसानों को बिज वितरण योजना की जानकारी देकर किसानों को ब्लॉक से उन्नत किस्म का बीज प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राज्य योजना अंतर्गत कृषि उपकरण एवं स्वयं सहायता समूह या किसान उत्पादक संगठनों को कृषि उपकरण बैंक का लाभ भूमि संरक्षण के द्वारा दिया जाता है किसान सिंचाई हेतु सिंचाई पम्प सेट एंव सिंचाई पाइप भी 90% अनुदान पर भूमि संरक्षण से लेने के लिए प्रेरित किया। लीड्स के प्रखंड समन्वयक आलोक कुमार ने किसके को जल संचयन की जानकारी दी और आजीविका वृद्धि के लिए कृषि के अलावा पशुपालन पर भी जोर दिया।

## दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में एक युवक की हुई मौत

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के सिजांग ग्राम में शुक्रवार के शाम में दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई ।जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गया ।मृतक की पहचान सिमडेगा सिसकारी निवासी बुद्धेश्वर सिंह उम्र 24 वर्ष के रूप में किया गया।घटना की जानकारी कोलिबीरा पुलिस को होने पर शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई।मिली जानकारी के अनुसार बुद्धेश्वर सिंह बरसलोया अपने जीजा के घर गुरुवार को आया था तथा शुक्रवार को वह अपने घर सिमडेगा सिसकारी जाने के लिए बाइक जे एच -10BD 2253 से जा रहा था।इसी क्रम में सिजांग गांव के समीप लचरागढ़ से आ रही अन्य बाइक से टक्कर हो गई जिससे बुद्धेश्वर सिंह गिर गया और चेहरे पर गंभीर चोट लगी जिसके कारण घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।अन्य बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

## पीएम केंद्रीय विद्यालय सिमडेगा में वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पीएम केन्द्रीय विद्यालय, सिमडेगा में शुक्रवार को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की उपस्थिति हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि उपायुक्त का भव्य स्वागत किया गया। वार्षिक महोत्सव के अवसर पर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा बारी-बारी से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों एवं अभिभावक शिक्षा की महत्व संबंधी विशेष सुझाव दिये गए। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को जिस क्षेत्र में पढ़ाई करने अच्छा लगता है, उस क्षेत्र में सफलता हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जहां पर शिक्षा की चर्चा होती है वहां ज्ञान लेना है तो वह ज्ञान का मतलब है बच्चों में जो शिक्षा ले रहे हैं उनमें क्रिटिकल चीजों को दूर कर पॉजिटिव थिंकिंग डेवलप करना है।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर गढ्ढा होने से कई लोग गिरकर हो रहे है घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा के गेट पर गिरने से लोग घायल हो रहे है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य केंद्र बोलबा के गेट के पास नया पीसीसी सड़क बनाया गया है इस दौरान गेट के सड़क पर पाइप लगाया गया है , जो कि बगल में स्वास्थ्य विभाग का ही कुछ भवन बन रहा है वहां का सामान पहुंचाने के लिए पाइप वाली सड़क पर भारी वाहन पार किया गया जिससे पाइप दब कर वहां गढ्ढा बन गया है। लोग अपने बीमारी का इलाज कराने अस्पताल जाते है, गेट के पास ही गिर कर गंभीर रूप से घायल हो जाते है। जो अब तक आठ लोग घायल हो गए है जिसमें गुरुवार की सुबह अस्पताल में कार्यरत लैब टेक्नीशियन राजश्री कुमारी भी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई । इस संबंध में सीएस सिमडेगा को एवं अन्य अधिकारियों को दिया गया है किंतु अबतक इसकी मरम्मत के लिए कोई सकारात्मक पहल किसी के द्वारा नहीं किया गया ।

## लोकपाल लचरागढ़ में चल रहे मनरेगा की योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ पंचायत में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें मनरेगा के तहत लचरागढ़ पंचायत में मिटकु नायक,नारी देवी,गायत्री देवी,राजेश महतो,निर्मल कुमार साहू के बगवानी का निरिक्षण किया गया ।बगवानी को देख कर बगवानी में लगे आम के पौधे को अच्छी तरह से देख रेख करने के लिए लाभुकों से कहा गया ।साथ में आम के पौधे के नीचले भाग तना में लगी छोटी-छोटी डालियों को तोड़ कर हटाने की बात कही जिससे आम की पेड बढ़िया से विकसित हो सके ।पौधे पटावन के लिए भी समय पर पानी का पटावन करने के लिए कहा गया ।वहीं बगान में खाली पड़े पौधे के बीच में साग-सब्जी आदि लाभुकों को लगाने के लिए प्रेरित किया गया ,ताकी बगान के साथ में हरी सब्जियां की भी खेती हो सके ।जिससे बगान में लगे आम के पौधे या जो पौधे मिले हैं ।उसे एक साथ कुशलता पूर्वक देख रेख निकाई कुड़ाई,सिंचाई हो सके बगवानी में लगे दोनों फसलों को अच्छी तरह से देख रेख कर सके साग सब्जी के साथ बगान के पेड पौधे की भी भाली भांति देख रेख होगी ।लाभुक बगान में एक साथ दोनो फसल,का लाभ से सकते हैं ।बगान हमेशा हरा भरा रहेगा ।मनरेगा बागवानी का निरीक्षण के बाद लचरागढ़ स्थित पंडरू टोली एवं इंद टांड़ टोली में बनाए गए गाय शेड बसंती देवी का निरीक्षण किए,मनरेगा लोकपाल श्रीमती सिंह ने गाय शेड को जल्द तैयार करने का निर्देश दिया ।गाय शेड निरीक्षण के बाद लचरागढ़ पंचायत पहुंचे पंचायत भवन सभागार में लचरागढ़. मुखिया जिरेन मडकी,रोजगार सेवक,करिशमा बडाईक, पंचायत सचिव संजीव कुमार,बीएफटी राजेश गोप सहित मनरेगा मेट की उपस्थिति में बारी-बारी से एक एक-कर मनरेगा योजना से संबंधित पंचायत की फाईल का निरिक्षण किया गया।

## ठंड से लोगों को निजात दिलाने के लिए जिला प्राधिकार के ने बांटे गर्म वस्त्र




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर बढ़ती ठंड से लोगों को निजात दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा गर्म वस्त्र बांटने और अलाव की व्यवस्था कराने की सिलसिला जारी है। शुक्रवार को भी प्राधिकार द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में अलाव की व्यवस्था कराई गई तथा असहाय,लाचार,गरीब और रिक्शा चालकों के बीच गर्म वस्त्र आदि का वितरण किया गया। शुक्रवार की शाम प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,चीफ एलएडीसी प्रभात कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल आदि ने अपने कर्मियों के साथ सड़क पर उतरकर विभिन्न स्थानों पर जाकर गरीबों के बीच गर्म आदि का वितरण किया। साथ ही विभिन्न जगहों पर अलाव की व्यवस्था करवाई। ताकि अलाव का लाभ उठाकर लोग ठंड से राहत पा सकें। प्राधिकार की सचिव ने कहा कि सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्राधिकार के द्वारा समाजसेवियों के सहयोग से गरीबों और असहाय लोगों के बीच गर्म वस्त्र आदि का वितरण किया जा रहा है ताकि लोगों को ठंड में परेशानियों का सामना ना करना पड़े। प्राधिकार द्वारा किए जा रहे इस कार्य का लोग सराहना कर रहे हैं।

## अंबेडकर पर टिप्पणी का आरोप लगाकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार शुक्रवार को सिमडेगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की जी के नेतृत्व मे जिला कार्यालय प्रिंस चौक सिमडेगा प्रदर्शन किया गया इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह की इस्तिफ़े की मांग कर एवं भाजपा के ऊपर भ्रामक रणनीति को का आरोप लगाया जिलाध्यक्ष ने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर की न्याय और समानता की विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।यह टिप्पणियां हमारे संविधान निर्माता की अदुतीय विरासत का अपमान करती है और उन लाखों लोगों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचती है जो डॉक्टर अंबेडकर को सामान्य न्याय और सामाजिक परिवर्तन के प्रति के रूप में मानते हैं। संसद में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष विपक्ष के नेता और अन्य सांसदों के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास करके नयी नीचता पर उतर आई एवं हताशा में उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ झूठी फिर दर्ज की यह अपमानजनक डॉक्टर अंबेडकर के बारे में गृह मंत्री अमित शाह की अपमानजनक टिप्पणी से ध्यान हटाने और अपने अस्तित्व की आवाजों को दबाने का एक जबरदस्त प्रयास है।भाजपा की कार्रवाई न केवल व्यक्तिगत नेताओं पर बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है यह जरूरी है कि हम एक जूटता और ताकत के साथ जवाब देने का कार्य किया । कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, नॉमिता बा ,प्रदीप केशरी ,मनोज जयसवाल,शिशिर मिंज,शशि गुड़िया, रणधीर रंजन, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील मिंज, तनवीर खान, वाल्टर टोपनो,शीतल तिर्की इबरार राजा , एनएसयूआई अध्यक्ष सरताज खान,सुषमा कुजूर, बिनीता ,नील प्रभा,पूनम एक्का,नीलम केरकेट्टा की भागीदारी रही।

## कोलेबिरा विधायक ने ऐतिहासिक जीत पर विजय जुलूस एवं आभार यात्रा निकाली

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय मे विधायक नमन विकसल कोंगाडी ने शुक्रवार को अपने समर्थको के साथ विजय जुलुस एवं आभार यात्रा निकाली ।इस मौके पर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बख्तर साय मुंडल सिंह के मूर्ति तथा तेलेगा खड़िया के मूर्ति पर माला पहनाया एव नमन किया। इसके बाद विजय जुलुस प्रखण्ड मुख्यालय से नारा लगाते, नाचते गाते हुए शंख नदी तक पहुंचा। इस मौके पर विधायक् ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे , राहुल गांधी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतरीन प्रदर्शन से ऐतिहासिक जीत हुई है ,जो जनता की भावना एवं रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेगी । यहां जनसमस्याओं को लेकर बोलबा प्रखण्ड कार्यालय में महीने में एक बार कार्यदिवस पर बैठेंगे ।साथ ही बोलबा प्रखंड के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों जॉन मे जनता से मिलकर उनके हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि सप्ताह में तीन दिन कार्य दिवस को प्रखंड कार्यालय में बैठेंगे और जनता की हर समस्याओं पर काम करेंगे ।इस मौक पर विधायक का जोरदार स्वागत किया गया । वहीं आदिवासी पारम्परिक लोक नृत्य से दनगद्दी के महिला ग्रुप द्वारा नृत्य किया गया शंख नदी के तट पर एक सभा किया गया । इन वन भोज भी किया गया।इस मौक पर जिला अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास, ममता केरकेट्टा, ज्वलंत बेक , शशिकला तिर्की, क्लेमेंट एक्का, जैनुल अंसारी, नवीन कुल्लू, फुल्की कुल्लू, एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

## न्यूज बॉक्स

### 90 दिनों से जागरूकता आउटरीच अभियान के तहत जागरूकता रथ होगी रवाना

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत गांवों के लिए शनिवार को मोबाइल वैन रवाना किया जाएगा। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,डीसी अजय कुमार सिंह और एसपी सौरभ शनिवार की सुबह 10.30 बजे संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन गांव गांव जाएगी और यहां प्रतिनियुक्त अधिवक्ता और पीएलवी ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक करेंगे।

### बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**बानो।** प्रखंड में धान अधिप्राप्त केंद्र पर शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया ।धान क्रय केंद्र का उदघाटन जिप सदस्य बिरजों कंडुलना ने किया ।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 23 रुपये प्रति किलो की दर से धान क्रय को शुरुआत की गई है। उन्होंने किसानों से बाजार में धान नहीं बेचने की अपील की ।मौके पर बीएओ अजय कुमार सिंह,आशुतोष कुमार,संजय डांग,ध्रुव कुमार साहू,संतोष साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर के जोराम लैम्प्स में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम लैंपस में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज तथा अंचल अधिकारी कमलेश उरांव के द्वारा रिबन काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन 2300 क्विंटल मूल्य तय किया है। इसके अलावा 100 किसानों को बोनस के रूप में देने के प्रावधान किया गया है ।उन्होंने बताया कि यहां पर धान क्रय कार्य शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अब उनका मूल्य मिलेगी और सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार धान की बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने सभी किसानों को लैंपस में धान बेचने की अपील की है। इस मौके पर संचालक रामू सिंह एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र बानो में कृषि मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन




**बानो।** कृषि विज्ञान केंद्र पबुड़ा, बानो में आत्मा विभाग के द्वारा कृषि मेला सह कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग,जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना,बीडीओ बानो नईमुद्दीन अंसारी,डॉ हिमांशु कुमार,बंधनु उरांव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के काफी संख्या में कृषक अपने कृषि उत्पाद के साथ कृषि प्रदर्शनी में शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि से संबंधित नई तकनीक के बारे में और जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु किसानों से वार्ता की गई और उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए उसे तुरंत हल करने का विचार रखा गया ।किसानों के द्वारा जो भी समस्याएं बताई गई उनका त्वरित निष्पादन भी किया गया ।कृषि प्रदर्शनी का निरीक्षण कृषि प्रदर्शनी का निरीक्षण उपस्थित प्राधिकारियों और अतिथियों के द्वारा किया गया ।21 दिसंबर को दो दिवसीय कृषि प्रदर्शनी सा कृषि मेला का समापन किया जाएगा ।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग,जिला परिषद सदस्य बानो बिरजो कंडुलना,बीडीओ बानो नईमुद्दीन अंसारी,सोय मुखिया सोमवारी कैथवार,कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी,कृषि इंस्पेक्टर विनोद कुमार,सुरज नायक जेई,कृषि वैज्ञानिक केंद्र के हेड डॉ हिमांशु सिंह,डॉक्टर बंधनु उरांव,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी बानो दुलमी बिरुउली,बानो प्रखंड के सहायक तकनीकी प्रबंधक अब्दुल्ला अहरार,श्याम कुमार,बीटीएम सुनील समद,जीवन सहित काफी संख्या में कृषक बंधु गण उपस्थित थे।

### विभिन्न गांवों में डालसा ने विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन




**रांची।** सिमडेगाः झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जिले में चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न गांवों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी तथा ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक किया गया। जिले के केरसई,बोलबा,कुरडेग ,बानो,कोलेबिरा आदि प्रखंडों के सुदूरवर्ती गांवों में पीएलवी जाकर शिविर आयोजित कर लोगों को विधिक रूप से जागरूक कर रहे हैं। शुक्रवार को कुरडेग के हेठमा गांव में आयोजित शिविर में पीएलवी जगेश्वर भोय ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए कहा कि कोई अगर काम करने महानगर जा रहा है तो इससे पहले श्रम विभाग द्वारा आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन करा लें। मानव तस्करी को रोकने के लिए ग्रामीण सतर्क रहें। कोलेबिरा में पीएलवी मदन दास द्वारा शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे जानकारी दी। केरसई के आरसी प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में स्कूली बच्चों के अधिकार के बारे पीएलवी उपेंद्र कुमार और विष्णु प्रसाद ने जानकारी दी। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि 90 दिनों तक चलने वाले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के तहत ग्रामीणों को उन्हें मिले कानूनी अधिकार के बारे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रभातफेरी,जागरूकता शिविर,जागरूकता रथ,नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से प्राधिकार द्वारा लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## नेशनल क्रिकेट लीग के जालंधर में हुई मैच में भानु शक्ति ने किया नाम रोशन

# नेशनल क्रिकेट लीग मैच में टॉप स्कोरर हुए भानु शक्ति तिवारी



**गिरीडीह।** गिरीडीह के इसरी बाजार निवासी भानु शक्ति तिवारी ने नेशनल क्रिकेट लीग द्वारा पंजाब के जालंधर में आयोजित नेशनल क्रिकेट लीग सीनियर लेवल थ्री मैच में जीत हासिल कर शुक्रवार की शाम गरीबरथ स्पेशल ट्रेन से वापस पारसनाथ स्टेशन पहुंचे। नैशनल क्रिकेट लीग द्वारा देश भर के क्रिकेट के युवा खिलाड़ियों में झारखण्ड राज्य से उन्होंने भाग लिया। एनसीएल द्वारा यह तीन दिवसीय क्रिकेट मैच में राजस्थान,कर्नाटक, तमिलनाडु,उड़ीसा, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, यूपी,आंध्र प्रदेश, जम्मू कश्मीर, केरल आदि विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।टीम साउथ जोन में झारखंड से भानु शक्ति तिवारी ने ट्वेंटी ओवर के मैच में कुल 98 रन बनाया। साउथ जोन टीम की ओर से भानु शक्ति ने जहां बैटिंग करते हुए कुल पंद्रह चौका जड़ दिया।उन्होंने जम्मू कश्मीर और बंगाल की टीम को सिकस्त दिया। वहीं जालंधर के संत सोल्जर क्रिकेट ग्राउंड के क्रिकेट पिच पर उनकी टीम ने इससे पूर्व सोमवार को टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।अंपायर अमित कुमार एवं सक्षम सोढ़ी रहे। पहले दिन विपक्षी टीम ने उनकी टीम के सामने 112 रन का लक्ष्य रखा। जबकि पंद्रह ओवरों में उनकी टीम ने जीत हासिल कर लिया। भानु शक्ति तिवारी ने 43 रन का पारी खेला और आठ चौके लगाए। जबकि दूसरे दिन मंगलवार को उनकी टीम ने 142 रन का टारगेट दिया। जिसमें भानु शक्ति तिवारी ने 55 रन बनाया और सात चौके मारे। जिसमें कैप्टन कृष्णमूर्ति ने तीन विकेट लिया।



## सीएस ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**गावां, गिरिडीह।** गिरिडीह सीएस डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने शुक्रवार को गावां सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बारी-बारी से सभी वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा ओपीडी, इमरजेंसी निरीक्षण कर इसे अलग शिफ्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रसव वार्ड, शीत श्रृंखला, दवा भंडार का निरीक्षण कर दवाओं को व्यवस्थित रूप से रखने का सख्त निर्देश दिया। दवा भंडारण में आगत और निर्गत पंजी का भी उन्होंने निरीक्षण करते हुए दवाओं का भी मिलान किया। वहीं कार्यालय के विभिन्न दस्तावेजों आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के सीढ़ी की मरम्मती एवं भवन का रंग-रोगन करने का निर्देश देते हुए बिजली उपकरण को ठीक कर करवाने पर जोर दिया। बाद में वे स्वास्थ्य उपकेंद्र कहुवाई पहुंचकर नव निर्मित भवन का निरीक्षण कर उसे व्यवस्थित करने का निर्देश दिया।
मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वम, बीपीएम प्रमोद बरनवाल, डॉ हब्बीबुल्लाह खान, डॉ मुकेश कुमार, बीडीएम गंगा राणा, प्रभात रंजन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# भाकपा माले ने निकला प्रतिवाद मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**

बिरनी प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति संसद में की गई टिप्पणी के विरोध में प्रतिवाद और मशाल जुलूस निकाला गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व उप प्रमुख शेखर सुमन ने किया। उन्होंने टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि ऐसी बातें संविधान निमार्ता के प्रति असम्मानजनक हैं और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रदर्शनकारियों ने अमित शाह से संसद में की गई टिप्पणी पर तुरंत माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। मशाल जुलूस में शामिल लोग 'अंबेडकर का अपमान नहीं सहेंगे' और 'अमित शाह इस्तीफा दो' जैसे नारे लगा रहे थे। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण भी उपस्थित थे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह घटना लोकतंत्र और संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है, और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिसके बाद प्रखंड मुख्यालय के सामने उप प्रमुख




शेखर शरण दास ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के निमार्ता और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। उनके प्रति संसद में की गई टिप्पणी बेहद निंदनीय है और यह संविधान व लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने आगे कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस अपमानजनक टिप्पणी के लिए अमित शाह को न केवल माफी मांगनी पड़े, बल्कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा भी देना होगा। यह संघर्ष केवल अंबेडकर साहब के सम्मान के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है। सभा में शेखर शरण दास ने लोगों से अपील की कि वे इस मुद्दे पर एकजुट होकर संघर्ष करें और इसे एक व्यापक जन आंदोलन का रूप दें। मौके पर भाकपा माले के नेता सीताराम सिंह,प्रमुख रामु बैठा, दशरस्तुरी जितेंद्र सिंह सीताराम पासवान हरिहर दास संतोष दास सूरदास पुरी मुस्तकीम अंसारी इम्तियाज अली वसुंधरा वर्मा सैकड़ों की संख्या लोग शामिल हुए।

## श्रम कानून बहाल करे कोयलांचल की आउटसोर्सिंग कंपनियां : बंधु तिर्की

**खलारी।** खलारी कोयलांचल में काम कर रहे आउटसोर्सिंग कंपनियों में झारखंड सरकार के श्रम कानून को लागू करवाने के लिए असंगठित मजदूरों ने बंधु तिर्की को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य की जनता ने एक बार फिर से सरकार पर भरोसा करते हुए बहुमत दिया है। यह सरकार राज्य की जनता के विश्वास पर खरा उतरेगा। राज्य में विकास की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा जा रहा है। संसद में हुई घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। भाजपा शुरू से ही अंबेडकर का तिरस्कार की है। कांग्रेस महात्मा गांधी के विचारधारा पर चलती है जबकि भाजपा गोडसे तथा सावरकर के विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। वहां पर लगे सीसीटीवी फुटेज की पहले जांच होनी चाहिए। जिसके बाद सारा मामला साफ हो जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### सरकारी विद्यालय में बच्चों को नहीं मिला प्रश्न पत्र, बोर्ड में लिखकर दी परीक्षा

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड में सरकारी विद्यालयों में परीक्षा के दौरान छात्रों को प्रश्न पत्र नहीं दिए जाने का मामला चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ विद्यालयों में शिक्षकों ने प्रश्न पत्र के बजाय सवाल बोर्ड पर लिखकर बच्चों से परीक्षा ली। यह प्रक्रिया न केवल परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की खामियों को भी उजागर करती है। सूत्रों का कहना है कि यह घटना विभाग की जानकारी के बिना हुई है, जो और भी गंभीर बात है। यह सवाल खड़ा करता है कि विभागीय निरीक्षण और मॉनिटरिंग क्यों नहीं हो रही है। ऐसे मामलों से बच्चों की पढ़ाई और उनकी परीक्षा प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि मामला जो भी हो जांच का विषय है। इस मामले को लेकर जब बिरनी बीईओ अशोक कुमार ने कहां की इस बार जो भी परीक्षा बच्चों को लिया गया है। ऊपर से सीधा व्हाट्सएप के मध्यम से आता था। फिर स्कूल के बोर्ड पे लिखकर परीक्षा ली गई है।

### जमीन हड़पने को लेकर महिला ने ओपी में दिया आवेदन

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र में एक जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें चमेली देवी और उनकी गौतनी टूकनी देवी ने आरोप लगाया है कि उनका जमीन, जिसका खाता संख्या 63 और प्लॉट संख्या 1893 है, पर बुधवार को घर बनाने के लिए जेसीबी से खोदाई हो रही थी। इस दौरान कुछ लोग हथियारों से लैस होकर आए और गाली-गलौज करते हुए उनके ऊपर ईट-पत्थर फेंकने लगे। साथ ही, जेसीबी में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की। जब दोनों महिलाएं विरोध करने लगीं, तो आरोपितों ने मारपीट की और उनकी चांदी की सीकरी और सोने का वर्क छीन लिया। इनमें से एक आरोपी, किसुनचंद मंडल, जो पारा शिक्षक हैं, पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपितों ने धमकी दी कि अगर जमीन पर काम जारी रखा तो वे उन्हें जान से मार देंगे। इस मामले में भरकट्टा ओपी में शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

### बुजुर्गों के बीच राशन और गर्म वस्त्र का किया गया वितरण

**रामगढ़ ।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा शुक्रवार ओंकार ओल्ड एज होम में बुजुर्गो के बीच राशन का वितरण किया गया ।जिसमें दाल,चावल, आंटा, तेल, मसाला आदि शामिल हैं । साथ ही बुजुर्गों को ठंड के मौसम को देखते हुए गर्म वस्त्र भी प्रदान किया गया । इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने कहा की क्लब की ओर से जरूरतमंद लोगों के मदद का कार्य जारी रहेगा । मौके पर पिंकी पोद्दार,नवालजीत कौर, शर्मिष्ठा दत्ता,जसप्रीत कौर,प्रियंका जैन आदि उपस्थित थीं ।

## सिल्ली पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाया

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सिल्ली साहेब बांध से लेकर ग्राम विकास विद्यालय तक पैदल मार्च कर महिला बाल सुधार एवं छेड़खानी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर कर रहे थे। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया कि कहीं भी स्कूली बच्चियों और महिलाओं के साथ युवकों द्वारा फब्तियां कसते या छेड़खानी करते हुए नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि पुलिस उन पर अविलंब सख्ती के साथ कार्रवाई कर सके। विद्यालय के आसपास के सौ मीटर के दायरे में नशीली या मादक पदार्थ का बिक्री नहीं होना चाहिए ताकि विद्यालय पूरी तरह से फ्री जोन बन सके।

# पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने एक बार फिर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी साइबर डीएसपी आबिद खान ने पुराना पुलिस लाइन स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खण्डोली मोड़ के पास कुछ साइबर अपराधी, साइबर अपराध कर रहे है। इसी सूचना पर के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार,



पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, पुनीत कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द कुमार, आरक्षी अरूण कुमार एवं पुलिस लाईन से प्राप्त सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 03 साइबर अपराधियों को खण्डोली मोड के पास से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों में गाण्डेय पंदनाटाड़ के 19 वर्षीय साहिल अंसारी, 23 वर्षीय नजमुल अंसारी जबकि तीसरा बेंगाबाद पुर्री का 30 वर्षीय प्रमोद यादव शामिल हैं।

वहीं इन तीनों अपराधियों के पास से पुलिस ने 4 मोबाईल, 7 सिम कार्ड और 1 बाइक बरामद किया है। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तो ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये पंजाब नेशनल बैंक फर्जी ऑफिसर बनकर लोगों को सिरियल कॉल कर करने के नाम पर उनके नम्बर पर भेजकर उनके बैंक खाते से संबंधित निजी जानकारी प्राप्त कर ठगी करते थे और कोरोना का टिका लगाने के एवज में लोगों को सरकार के द्वारा 10,000/- रुपए देने के नाम पर ठगी करते थे। उन्होंने बताया कि आगे भी साइबर के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# सिविल सर्जन ने तिसरी के पाटलावती अल्ट्रासाउंड को किया सील

### जांच के लिए पहुंचे थे सिविल सर्जन, डॉक्टर की अनुपस्थिति में किया जा रहा था अल्ट्रासाउंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सिविल सर्जन एसके मिश्रा ने नियम विरुद्ध कार्य करने पर तिसरी में चल रहे पाटलावती अल्ट्रासाउंड को सील कर दिया है। शुक्रवार को सिविल सर्जन एसके मिश्रा तिसरी के संत मेरिस विद्यालय के पास स्थित पाटलावती अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर जांच के लिए पहुंचे थे। इस दौरान चिकित्सक की अनुपस्थिति में कलावती देवी नामक महिला का अल्ट्रासाउंड किया गया था। सिविल सर्जन को देख अल्ट्रासाउंड करने वाला शख्स अपना मोबाइल फोन वहीं छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद सिविल सर्जन के आदेश पर पाटलावती अल्ट्रासाउंड को सील किया गया। साथ ही अल्ट्रासाउंड मशीन,लैपटॉप, मोबाइल,कीबोर्ड और व्हीलचेयर को जब्त किया गया। जिसमें लैपटॉप और मोबाइल विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में सिविल सर्जन एसके मिश्रा ने बताया कि पाटलावती अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का लाइसेंस है। जांच के क्रम में नियमों का उल्लंघन कर बगैर विशेष चिकित्सक के अल्ट्रासाउंड करने की बात सामने आई। साथ ही अल्ट्रासाउंड रूम में आईसी भी नहीं लगाया गया है जो रूल का वायलेशन भी है।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, +Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

CORRIGENDUM - I

Rate Contract for Supply, Installation & Support for Endpoint, IT Equipment's & Services for JAP-IT. (Tender Ref No.: JAPIT/RC-01/2024)

With reference to the above tender, please be informed that the pre-bid meeting for Tender Reference No. JAPIT/RC-01/2024 has been rescheduled due to some unavoidable circumstances to 24.12.2024 at 03:30 PM.

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.

PR Ref No. 341310 & 341876.
Sd/-
(OSD, JAP-IT)
PR 342428 Information Technology(24-25)D

## खलारी में किसानों को मिला चना का बीज



**खलारी।** राज्य सरकार द्वारा किसानों के स्वावलंबन हेतु सहायता के लिए खलारी के कई गांवों में चना का बीज वितरण किया गया। स्थानीय विधायक सुरेश बैठा के निर्देश पर खलारी प्रखंड कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकताओं की मौजूदगी में मायापुर, हरहु, कोनका के 23 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। बीज पाकर किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव थे। किसानों व प्रखंड प्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार का आभार जताया। बीज वितरण में कांग्रेस खलारी प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, मंडल अध्यक्ष मोनू रजक, जावेद अंसारी, शशि मुंडा, बाबू खान, कृषक मित्र माइकल धान, लाभुकों में महावीर गंझु, संतोष गंझु, सरजू गंझु, संजय गंझु, कपिलदेव गंझु, संगीता देवी, विलासों देवी, ललिता देवी, राजू गंझु उपस्थित थे।

## क्रिसमस उत्सव मनाया गया

**मांडर।** कंदरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा नवम तक के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को क्रिसमस उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। निदेशक मो० नेसार आलम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया ' इस मौके पर प्राचार्य पुष्पांजलि साहू, रफत आरा, शिखा टोप्पो, कौशर खातून,सामवेल मिंज ,आरती, अनामिका खलखो, एंजेला, मो० मुश्ताक,खालिद अंसारी,शिखा,मुनिया सहित अन्य मौजूद थे।

## शंकर महतो के घर पर गोली चलाने के दो आरोपी गिरफ्तार



**खलारी।** खलारी थानाक्षेत्र के पुरनी राय निवासी शंकर महतो के घर पर अक्टूबर 2024 में गोली चलाने के दो आरोपियों को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मक्का (बुढ़मू) निवासी सोनालाल महतो उर्फ छन्नू यादव तथा बमने (खलारी) निवासी दीपक कुमार उर्फ दीप शामिल है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि दोनो अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। बताया कि दो अन्य साथियों के साथ इन दोनो ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया। पहले दो लोगो ने रैकी की। फिर शंकर महतो व अन्य गांव वाले पूजा कार्यक्रम में मंदिर गए थे उसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर चार अपराधी शंकर महतो के घर पहुंचे। दो अपराधी दरवाजा पर फायरिंग कर धमकी देते हुए भाग गए।

## महिला रिकॉर्व टीम ने गोल्ड मेडल पर निशाना साधा

**मुरी/सिल्ली।** 16 दिसंबर से 20 दिसम्बर तक चल रही 44 वां एनटीपीसी सीनियर रिकर्व राउण्ड राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2024 के अंतिम एवं चौथा दिन झारखण्ड टीम में ओलंपियन अंकिता भगत, कॉमोलिक बारी और बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की तमन्ना वर्मा की तिड़की ने मध्य प्रदेश टीम को 5-3 से पराजित कर दिया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं एकेडमी की वर्षा खलको ने भी इन्डियन राउंड में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जोन्हा की मनीषा कुमारी 30 मी की दूरी में स्वर्ण पदक मिक्स टीम इवेंट में रजत पदक जीता। पदक जीतने पर राँची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतोरोहित भरद्वाज एवं सिल्लीवासियों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

## पत्रकार पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : भाकपा माले



पत्रकार अमर सिन्हा पर हमला बर्दाश्त नहीं करेगा माले,जल्द गिरफ्तार हो हमला करने वाला : राजेश सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरीडीह।** भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा है कि अवैध टोल टैक्स के खिलाफ भाकपा माले ने लगातार आवाज उठाया है,हाल के दिनों में हमला बढ़ा है,संजय यादव के साथ एक सप्ताह पहले मार पीट की गई थी, अब वह गाड़ी वालो पर नहीं बल्कि पत्रकार और आम आदमी पर हमला जारी कर दिया है, इसका दोषी असली तौर पर संवेदक और संवेदक को सह देने वाला जनप्रतिनिधि है,साथ ही साथ प्रशासन का भी उतना ही दोष है जो बार बार शिकायत के बाद भी बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देती है,जबकि प्रशासन चाहती तो 24 घंटे में गिरिडीह से गुंडागर्दी खतम कर देती,भाकपा माले ऐसे कार्य करने वाले के खिलाफ हमेशा खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि संवेदक से तुरंत सब के लिस्ट लेकर गलत कार्य करने वाले के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर देनी चाहिए, 50% अच्छे भी हैं, किंतु 50% को ऊपरी कमाई चाहिए जो गलत है,ऐसे संवेदक को भी ब्लैक लिस्ट में डाल देना चाहिए।

# मंदबुद्धि दिव्यांग परिवार को सौंपा गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग प्रभु जी लोगो की निशुल्क सेवा संस्था के द्वारा 16 जून 2024 से लगातार जारी है। यहां रह रहे 1 प्रभु जी जिसका नाम दिलीप कुमार है। वह 16 जुन 2024 को सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में लाये गये थे। वह अपनी याददाश्त खो चुके थे उन्हे कुछ भी याद नही था। उनका समुचित इलाज शहर के जाने माने न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण की देखरेख में चल रहा था। उनके प्रयास से दिलीप कुमार की याददाश्त कुछ दिन पहले वापस



आ गई और वह अपने घर जाने की जिद करने लगा। उसने अपने घर का पता और अपने चाचा का नाम संस्था के पदाधिकारियों एव उनकी देखभाल करने वाले सेवादारों को दी। उसके बाद पुंदाग थाना के अफसर इंचार्ज से कह कर उसके चाचा को फोन कराया गया। उसका चाचा शुक्रवार को मध्य प्रदेश के सीधी शहर से रांची आये तब उन्होने अपने भतीजा का सही नाम प्रकाश चन्द सोनी है बताया। पुंदाग थाना की उपस्थिति में सुपुर्द किया गया।

कार्यालय, राँची नगर निगम,राँची
(स्वास्थ्य शाखा)
कचहरी रोड, रांची, पिन– 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक :.307/स्वा० | –:सूचना:– | दिनांक: 19.12.2024

15वें वित्त आयोग मद से राँची नगर निगम, राँची अन्तर्गत कुल 25 अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश केन्द्रों पर मानव बल यथा 1. चिकित्सक, स्टाफ नर्स तथा MPW (M) की सेवा पूर्णतः औपबंधिक रूप से लेने हेतु कार्यालय पत्रांक 235/स्वा० दिनांक 24.07.2024 द्वारा Walk-in-Interview हेतु आम सूचना का प्रकाशन किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त आम सूचना को रद्द किया जाता है। तदनुसार पूर्व में निर्गत आम सूचना के आलोक में Walk-in-Interview की प्रक्रिया समाप्त की जाती है।

ह०/–
उप प्रशासक
राँची नगर निगम, राँची

PR 342529 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –22/2024–25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 01.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 02.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 02.01.2025 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of water supply with Replacement of sanitary fittings and other misc. & Motor works at Rinpas Campus Kanke Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 446185.00 | 9000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 2. | Renovation of Female/Male Toilet (1st Floor) & Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage work at Administ rative Building Rinpas, Kank e, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 644923.00 | 13000.00 | 1250.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 342475 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

> सत्य तो यह है कि आपको जिसकी खोज है, वह हमेशा आपके साथ ही है, आपके हाथ और पाँव से भी अधिक निकट। किसी भी क्षण वह आपको संसार और व्यक्तिगत निराशा से ऊपर उठा सकता है। प्रभु की धैर्य के साथ प्रतीक्षा कीजिये। - श्री ज्ञानमाता

संपादकीय

## बाबा साहब के नाम पर संसद परिसर में अशोभनीय कार्य


गुरुवार को भारत के सबसे सुरक्षित स्थानों में से एक संसद परिसर में पहली बार जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है । कानून निमार्ताओं ने कौन से नियम कानून तोड़े और दोषी कौन ये जांच का विषय है पर धक्के से गिरे एक बूढ़े सांसद का खून बहा और एक माननीय बेहोश हुए तो सब कुछ अपने आप तो नहीं हुआ होगा। जब भारत के सर्वोच्च पंचायत के चयनित सदस्य ऐसा करेंगे तो देश की अराजकता कैसे रुकेगी और क्या समझाया जाएगा? क्या गली मुहल्ले की तरह धक्का मुक्की कर थाने में या मीडिया में तू तू मैं मैं कर देश को शर्मसार नहीं किया जा रहा? ऐसा ही चलता रहा तो पंचायतों में या लोक अदालत जैसी संस्थाओं में सुलह सफाई के तर्क या अपील खोखली नहीं लगेंगी? सड़कों पर या सार्वजनिक स्थानों में युवाओं की वर्चस्व की लड़ाई खून खराबे तक पहुंच जाती है उसे बल नहीं मिलेगा? मुद्दे से ध्यान भटकाने या विरोध के लिए राजनीतिक दलों को उकसाने या भड़काने के लिए कोई ऐसा करे तो क्या समझाएंगे क्या माननीय सांसदों की तरह पूरा देश प्रेरणा लेकर नहीं करेगा? विवाद की जड़ में जो बात थी वह बाबा साहब के कार्यों का श्रेय लेने की थी। भारतीय संविधान के शिल्पकार के योगदान को किसी विचारधारा या दल विशेष तक सीमित नहीं किया जा सकता। उनका जीवन और कर्म तो हर भारतीय के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। लेकिन संसद में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे न केवल संसदीय गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले हैं, बल्कि ये आंबेडकर की विरासत के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़े करते हैं। वर्तमान दौर में राजनीतिक फायदा उठाने के लिए विभिन्न दलों में आंबेडकर को अपनाने और उनके नाम के इस्तेमाल की होड़ समझी जा सकती है। लेकिन उनके बुनियादी मूल्य क्या हैं, इसे लेकर चयनात्मक दृष्टि रखते हुए वोट बैंक की राजनीति करना वांछित नहीं और इस लिहाज से फिलहाल चल रही पंचायत मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश ही ज्यादा लगती है। दलितों और बहुजन की राजनीति जब केंद्र में आई, तब आंबेडकर को पर्याप्त चर्चा में लाया गया। आंबेडकर को देर से मिले भारत रत्न के आलोक में भी इसे समझा जा सकता है। आज प्रतीकों व पहचान की लड़ाई लड़ते हुए दलितों व अल्पसंख्यकों की बात उठाने वाले राजनीतिक दलों को समझना चाहिए कि असुविधाजनक तथ्यों से बचते हुए सुविधाजनक सत्यों को स्वीकारने में किसी का फायदा नहीं है। आंबेडकर का सम्मान केवल शब्दों में नहीं, आचरण में भी दिखना चाहिए। संसदीय कार्यवाही के बार-बार बाधित होने से महत्वपूर्ण विधेयक लंबित रह जाते हैं, नीतिगत चचार्एं ठप हो जाती हैं और करदाताओं के धन का भी अपव्यय होता है। संसद को हंगामे का नहीं, बल्कि संवाद व सहमति का मंच होना चाहिए।लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को निर्बाध ढंग से चलाने की प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार की है, लेकिन विपक्ष को भी अपनी बात रखने के व्यवस्थित व रचनात्मक तरीके अपनाने चाहिए। बातें व मुद्राएं बनाने से कुछ नहीं होगा। राजनेता सुविधा और परिस्थितियों के अनुसार काम करते हैं। लेकिन इससे जनता का कोई फायदा नहीं होता। अलबत्ता होना तो यह चाहिए कि पक्ष व विपक्ष मिलकर जनता के कल्याण के रास्ते तलाशें।

देश की बात

# कुछ भी कहो, सरकारी तंत्र में नहीं घटा भ्रष्टाचार

केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की सरकारें कितना ही भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का दावा करें किंतु सच्चाई इसके वितरीत है। एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है किंतु सच्चाई इसके विपरीत है। शायद ही कोई विभाग ऐसा होगा जहां बिना रिश्वत दिए काम हो जाए। सब जगह हालत बहुत खराब है। गैर भाजपा राज्यों की तरह भाजपा शासित राज्यों में भी प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचर का बोलबाला है। सरकारें मौन हैं। देश में केंद्र और राज्य सरकारें कारोबार में सहूलियत और निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी लाने पर जोर दे रहीं हैं। वहीं भ्रष्ट सरकारी मशीनरी अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कंपनियों और उद्यमियों से अवैध तरीके से पैसे उगाहने में लगी हैं, जिसके चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप-तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई। जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है। सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय कंपनियों के काम जानबूझ कर रोके जाते हैं और रिश्वत लेने के बाद ही फाइल को मंजूरी दी जाती है। सीसीटीवी कैमरों लगाने से सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है। सर्वे में दावा किया गया है कि सीसीटीवी से दूर, बंद दरवाजों के पीछे रिश्वत दी जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि सरकारी ई-प्रोक्योरमेंट मार्केटप्लेस जैसी पहल भ्रष्टाचार को कम करने के लिए अच्छे कदम हैं, लेकिन सरकारी विभागों में रिश्वत लेने के रास्ते खुले हुए हैं। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर डेलायट इंडिया के पार्टनर आकाश शर्मा ने कहना है कि बहुत सी कंपनियों को लगता है कि नीतियों और प्रक्रिया के मामलों में थोड़ा पैसा देते रहने नियम कानून के मोर्चे पर कड़ी जांच पड़ताल और जुमार्ने से बच जाएंगे। सर्वे में 18,000 कारोबारियों के जवाब को शामिल किया गया है। सर्वे देश के 159 जिलों में हुआ है। व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, मेट्रोलॉजी, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई। सरकारी विभागों को घूस देने वाले कारोबारियों का प्रतिशत इस प्रकार है। कानूनी, माप तौल, खाद्य, दवा और स्वास्थ्य विभाग- 75, लेबर और पीएफ विभाग- 69, संपत्ति और भूमि पंजीकरणझ 68, जीएसटी अधिकारी- 62, प्रदूषण विभाग- 59, नगर निगम- 57, इनकम टैक्स- 47, अग्नि शमन- 45, पुलिस- 43, परिवहन- 42, बिजली- 41, आबकारी- 38। ये आंकड़े कुछ भी हों, सच्चाई इससे भी बदतर है। ये बड़े स्तर की बात है। स्थानीय स्तर पर तो हालत इससे भी खराब है। भाजपा शासित प्रदेश वाले राज्यों में तो सपा-बसपा शासन काल में जहां गलत काम एक हजार रुपए में हो जाता था, अब भाजपा शासन में गलत काम तो होता ही नहीं, सही काम कराने के भी एक हजार की जगह बीस हजार रुपए दिए जाते हैं। बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन करिये। ये बहुत छोटा काम है, किंतु बिजली इंस्पेक्टर को रिश्वत दिए कनेक्शन स्वीकृत नहीं होगा। बिजली की फीटिंग किसी से भी कराएं किंतु बिजली विभाग के अधिकृत ठेकेदार से बिजली फीटिंग का प्रमाणापत्र लेना होता है। यही ठेकेदार बिजली इंस्पेक्टर का भाग भी आपसे ले लेता है। रजिस्ट्रार आफिस में धड़ल्ले से बैनामे की राशि का दो प्रतिशत वसूला जाता है। यह राशि अधिकारी सीधे नही लेते। बैनामा लिखने वाला कातिब लेता है। शाम को बैठकर आराम से दिन भर का लेन-देन हो जाता है। एनओसी देने वाले विभागों की तो हालत और भी खराब है। फायर विभाग के अधिकारियों ने तो अपने ठेकेदार रख लिए हैं। अग्नि सुरक्षा का सारा काम ये ही कराते हैं। इसके बाद भी एनओसी साइन करने के लिए लाखों रूपया वसूला जाता है। और तो और अग्निशमन अधिकारी एनओसी देने से पहले फायर उपकरण अपने चहेते ठेकेदार से सप्लाई कराते हैं। स्थानीय निकाय में निर्माण कार्यों में 45 से 55 प्रतिशत सरे आम कमीशन लिया जा रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार के आदेश हैं कि सरकारी खरीद जेम पार्टल से हो। इसका भी रास्ता निकल गया। कंपनी के एजेंट अधिकारियों से मिलते हैं। कमीशन तै होता है। अधिकारी अपना जैम पोर्टल का पासवर्ड कंपनी के एजेंट को बता देते हैं। एजेंट पासवर्ड लेकर जैम पार्टल से ही अपनी फर्म से खरीदारी करता है। सामान के रेट में अधिकारियों का कमीशन जुड़ जाता है। सब वैसे ही चल रहा है। कहीं कुछ नहीं बदला। सरकार भ्रष्टाचार रोकने को आदेश बाद में करती है। अधिकारी और सप्लायर रास्ता पहले निकाल लेतें हैं। उत्तर प्रदेश में आदेश हो गए कि सामान प्रदेश स्तर से खरीदा जाएगा। अब काम और भी सरल हो गया। पहले जिलों में अधिकारियों से संपर्क कर माल सप्लाई होता था। अब अकेले प्रदेश स्तर में ही जुगाड़ करना पड़ता है। इसी का कारण है कि जिलों के अस्पतालों में वितरण के लिए वे दवाई आती हैं, जिनकी एक्सपायर डेट नजदीक होती है। दवा आने के साथ ही आदेश आते हैं कि दवा की एक्सपायर डेट नजदीक है। जल्दी बांटकर दवा खत्म करो। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को घटिया क्वालिटी के भोजन वितरण की शिकायत आम बात हैं किंतु कुछ होता नहीं। लेखक एक दिन दूधिए से बात कर रहा था। लेखक ने दूधिए से पूछा कि किसी को कुछ देना तो नहीं पड़ता। उसने कहा कि तीन इंस्पेक्टर हैं। दो प्रतिमाह 1500-1500 रुपए लेते हैं। और तीसरा दो हजार। मैंने पूछा कितने दूधिए हैं। उसने कहा कि बिजनौर जैसे छोटे शहर में तीन हजार दूधिए दूध सप्लाई करते हैं। पासपोर्ट के आवेदन के वेरीफिकेशन के लिए पुलिस और एलआइयू में जाकर देखिए। ऐसे ही पुलिस में चरित्र की जांच के लिए जाइए। बिना लिए-दिए कुछ नहीं होगा।


अशोक मधुप




**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात

## सच ही है, आंबेडकर जी सम्मान का विषय, फैशन के नहीं

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही 'दलित विमर्श' रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही 'सामाजिक समरसता' के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। आंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में आंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व आंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव रही है, इसका परिणाम है कि मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने 'समता नगर' रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव शिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे। संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देशभर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, आंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री के इस वक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो आंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा- हमे तो आनंद है कि आंबेडकर का नाम लेते हैं। आंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ आंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। आंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। आंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। शाह ने आगे कहा, आंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। आंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। बार-बार संविधान और फैशन में डॉ. आंबेडकर का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में डॉ. आंबेडकर को प्रवेश तक न मिलने देने के षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन-केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। डॉ. आंबेडकर बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे, वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी।



प्रवीण गुगनानी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

विश्व ध्यान दिवस

## आसन नही अब ध्यान होगा दुनियाभर में!

भारत समेत दुनिया के कई देशों की पहल पर विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को मनाये जाने की शुरूआत हुई है। सन 2024 में विश्व ध्यान दिवस की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव है। पतंजलि के योगसूत्र से लेकर गीता के उपदेश तक हर जगह ध्यान को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।अभी तक कुछ लोग योग आसनों को ही ध्यान समझते रहे हैं, लेकिन देश दुनिया मे राजयोग के माध्यम से स्वयं को देहभान से परे कर आत्मस्वरूप में रहकर परमात्मा के प्रति ध्यान लगाने की विधि को ब्रह्माकुमारीज संस्था ने ही पहुंचाया है ।शारिरिक आसन के द्वारा हम अपने शरीर को मजबूत करने के साथ ही रोग मुक्त बना सकते हैं, ताकि ध्यान लगाकर हम एक साथ तन-मन को लाभ पहुंचा सकते है। हमारा शरीर एक जगह पर स्थिर हो और ध्यान की प्रक्रिया आसानी से हो सके इसके लिए श्रीमद् भगवद् गीता में ध्यान को लेकर महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं, और साथ ही इससे होने वाले लाभ का भी गीता में उल्लेख किया गया है। भगवद् गीता में ध्यान को एक योगक्रिया माना गया है। जो आपको आत्म अनुशासन की ओर ले जाता है। निरंतर इसका अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है, तनाव से मुक्ति मिलती है। मानसिक स्थिरता और संतुलन भी ध्यान करने से प्राप्त होता है। विकारों से मुक्ति पाने और मन की निर्मलता के लिए भी ध्यान किया जाता है। ध्यान जब गहन होने लगता है तो व्यक्ति को समाधि की प्राप्त होने लगती है। ध्यान के जरिए आत्मा का परमात्मा से मिलन ही ब्रह्माकुमारीज का राजयोग है। यानि ध्यान वह योग प्रक्रिया है जिसके जरिये हम स्वयं पर सिद्धि प्राप्त करते हैं। ध्यान करने वाले व्यक्ति का मन नियंत्रित रहता है और वो वर्तमान में जीता है। मानसिक और शारीरिक स्थिरता को ही ध्यान कहा जा जाता है। गीता के पंचम और षष्ठम अध्याय में योग करने की सही विधि की जानकारी हमको मिलती है। श्रीकृष्ण ने परमात्म निमित्त बन अर्जुन को महाभारत के युद्ध के समय बताया है कि, कैसे मन और इंद्रियों को वश में करने के लिए ध्यान क्रिया की जानी चाहिए। गीता के अनुसार, ध्यान करने के लिए सबसे पहले किसी शुद्ध स्थान पर आसन बिछाकर बैठना चाहिए। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि, ना ही स्थान बहुत ऊंचा हो और ना ही बहुत नीचे। आसन पर बैठने के बाद अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए और इंद्रियों और मन को नियंत्रिण में लाने का अभ्यास करना चाहिए। ध्यान करने के लिए सिर व गले को समान और अचल रखते हुए सुखासन में योगी को बैठना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**


डॉ श्रीगोपाल नारसन



बोधि वृक्ष

ईश्वर के साथ आपका जीवन सबके साथ सच्ची दिव्य मित्रता के पीछे की प्रेरणा है। कुछ आत्माओं के साथ अपनी मित्रता को पूर्ण बनाने का प्रयास करें। जब आप वास्तव में उन्हें अशर्त मित्रता दे सकें, तब आपका हृदय सबके प्रति अपनी पूर्ण मित्रता प्रदान करने के लिए तैयार होगा।

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना


तब मित्रता वास्तव में उत्कृष्ट एवं चिरस्थायी हो जाती है। घनिष्ठता जो आपको दूसरों का ध्यान न रखने की ओर प्रेरित करे, मित्रता के लिए बहुत हानिकारक है। जिस प्रकार ओस फूल के विकास में सहायक होती है, उसी प्रकार आन्तरिक और बाह्य मधुरता मित्रता के विकास में प्रोत्साहन करती है। मित्रता उत्कृष्ट, फलदायक, और पवित्र है-जब दो पृथक आत्माएँ मतभेद में चलती हैं फिर भी सामंजस्य में; सहमत और असहमत हुई, देदीप्यमान होती हुई विविध प्रकार से उन्नत होती हैं।... आह, मैत्री-पुष्पित होते हुए, स्वर्ग-जनित पौधे! तुम पोषित हुए हो अपार प्रेम की मृतिका में, मिलकर आत्मा के विकास की खोज में दो व्यक्तियों द्वारा जो मार्ग को सुगम बनाएँगे एक दूसरे के लिए। एक सच्चा, अशर्त मित्र बनने के लिए आपका प्रेम ईश्वर के प्रेम में स्थिर होना चाहिए। ईश्वर के साथ आपका जीवन सबके साथ सच्ची दिव्य मित्रता के पीछे की प्रेरणा है। कुछ आत्माओं के साथ अपनी मित्रता को पूर्ण बनाने का प्रयास करें। जब आप वास्तव में उन्हें अशर्त मित्रता दे सकें, तब आपका हृदय सबके प्रति अपनी पूर्ण मित्रता प्रदान करने के लिए तैयार होगा। और जब आप ऐसा कर सकते हैं तो आप, परमात्मा एवं महान आत्माओं की तरह, दिव्य बन जाते हैं- जो प्रत्येक प्राणी को अपनी मित्रता प्रदान करते हैं, चाहे उनका व्यक्तित्व कैसा भी हो। ऐसी मित्रता जो अन्य सबको छोड़ कर एक या दो आत्माओं पर ही केन्द्रित रहती है। **(क्रमशः)**


श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से




X से




**आज का दोहा**

**किसी भाव मिलता नहीं, दुक्ख आज बाजार।**
**हर 'सीजन' में बिक रहीं, खुशियाँ, सुना, उधार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

## 'बात बोलें बानीह पानी पिये छानी'

भारतीय संस्कृति में मुहावरे और कहावतें न केवल भाषा को समृद्ध करते हैं, बल्कि समाज की सोच और व्यवहार को भी दशार्ते हैं। 'बात बोलें बानीह पानी पिये छानी' एक प्रसिद्ध भोजपुरी मुहावरा है, जिसका शाब्दिक अर्थ है कि जैसे पानी छानकर पीने से स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है, वैसे ही बोलने से पहले सोच-समझकर बोलना चाहिए। यह मुहावरा शिष्टता, सावधानी और जिम्मेदारी के साथ संवाद करने की कला को उजागर करता है। इस आलेख में हम इस मुहावरे को राजनीतिक दृष्टिकोण से समझने और इसके व्यावहारिक पहलुओं को आधुनिक राजनीति के संदर्भ में विश्लेषित करने का प्रयास करेंगे। राजनीति में, जहां शब्दों का सही या गलत उपयोग नीतियों, चुनाव परिणामों और जनता की धारणाओं को प्रभावित कर सकता है, यह कहावत अत्यधिक प्रासंगिक हो जाती है। सोच-समझकर बोलने से तात्पर्य है कि शब्दों का उपयोग ऐसा हो जो दूसरों के लिए आहतकारी न हो और संवाद के माध्यम से समस्या का समाधान किया जा सके, जैसे पानी छानकर पीने से अशुद्धियाँ दूर होती हैं, वैसे ही विचारों को परिष्कृत करना और संयमित शब्दों का चयन करना अत्यावश्यक है। राजनीति में, जहां एक गलत बयान बड़ा विवाद खड़ा कर सकता है, यह कहावत संवाद और रणनीति की नींव के रूप में उभरती है। राजनीति शब्दों का खेल है। भाषण, बहस, और संवाद, सभी में शब्दों का उपयोग न केवल नीतियों और विचारधाराओं को व्यक्त करता है, बल्कि यह जनता की धारणा और विश्वास को भी प्रभावित करता है। नेता जनता का मार्गदर्शन करते हैं। उनकी कही गई हर बात सार्वजनिक चर्चा का विषय बन जाती है। यह कहावत इस बात की ओर इशारा करती है कि नेता जब भी भाषण दें या कोई टिप्पणी करें, तो उसे सोच-समझकर करें। महात्मा गांधी ने अपनी सरल, स्पष्ट और शांतिपूर्ण भाषा से पूरे देश को प्रेरित किया। उनकी बातों में सच्चाई और स्पष्टता थी। दूसरी ओर, कुछ नेता अपने अनर्गल और आक्रामक भाषणों के कारण विवादों में घिर जाते हैं। राजनीतिक बयानों का सामाजिक प्रभाव व्यापक होता है। यदि नेता गैर-जिम्मेदाराना भाषा का उपयोग करते हैं, तो इससे समाज में विभाजन, हिंसा और अस्थिरता बढ़ सकती है। अगर हम इसे सकारात्मक दृष्टांत में देखें तो अब्राहम लिंकन के 'गेटीसबर्ग एड्रेस' ने अमेरिकी समाज को एकजुट कर दिया था। अब्राहम लिंकन का 'गेटीसबर्ग एड्रेस' एक प्रसिद्ध भाषण है, जो उन्होंने 19 नवंबर 1863 को अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान पेंसिल्वेनिया के गेटीसबर्ग में दिया था। यह भाषण उस युद्ध के दौरान मारे गए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और लोकतंत्र के महत्व को रेखांकित करने के लिए दिया गया था। यह भाषण मात्र 2 मिनट लंबा था, लेकिन इसमें महान संदेश निहित थे। अब्राहम लिंकन ने इस भाषण में कहा कि 87 साल पहले (1776 में) अमेरिका स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांत पर आधारित एक नए राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। आज, यह राष्ट्र गृहयुद्ध की परीक्षा से गुजर रहा है, जो यह तय करेगा कि ऐसा राष्ट्र लंबे समय तक जीवित रह सकता है या नहीं। गेटीसबर्ग की भूमि उन सैनिकों के बलिदान से पवित्र हो गई है, जिन्होंने लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए अपनी जान दी। हमें उनके अधूरे कार्य को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए कि यह राष्ट्र लोकतंत्र का प्रतीक बना रहे। यह भाषण आज भी लोकतांत्रिक मूल्यों और मानव समानता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। वहीं दूसरी ओर विभाजनकारी और उत्तेजक भाषण अक्सर जनता के बीच वैमनस्यता फैलाते हैं। आधुनिक राजनीति में यह मुहावरा और भी प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि सूचना प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के युग में हर बयान तुरंत सार्वजनिक होता है और तेजी से फैलता है। आज के समय में, नेताओं और राजनीतिक दलों के बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो जाते हैं। ऐसे में बोलने से पहले सावधानी बरतना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक सकारात्मक टिप्पणी नेता या किसी व्यक्ति की छवि को बेहतर बना सकती है और एक गलत बयान उन्हें आलोचना और अपमान का शिकार बना सकता है। फेक न्यूज और गलत बयानों के कारण राजनीति में कई बार भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यदि हर बयान को 'छानकर' और तथ्यों पर आधारित होकर दिया जाए, तो यह समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। राजनीति केवल घरेलू मामलों तक सीमित नहीं है; यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी प्रभावित करती है। इस संदर्भ में, यह कहावत कूटनीति की आवश्यकता को उजागर करती है। किसी देश के नेता द्वारा दिया गया गलत बयान वैश्विक विवाद का कारण बन सकता है। उदाहरणार्थ संयुक्त राष्ट्र में दिए गए भाषण अक्सर इस बात का प्रमाण हैं कि सोच-समझकर बोले गए शब्द कैसे कूटनीति को मजबूत कर सकते हैं। राजनीति में संवाद की प्रक्रिया जटिल होती है। यहाँ जनता की अपेक्षाएँ, मीडिया का प्रभाव, और राजनीतिक एजेंडा, सभी अपनी भूमिका निभाते हैं। चुनावों के दौरान दिए गए भाषण और वादे सीधे जनता को प्रभावित करते हैं। यदि नेता सोच-समझकर और व्यवहारिक वादे करें, तो जनता का विश्वास बढ़ता है। विपक्षी दलों के लिए यह आवश्यक है कि वे आलोचना करते समय भाषा की मयार्दा बनाए रखें। व्यक्तिगत हमले और अनर्गल आलोचना लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करते हैं। वहीं सकारात्मक आलोचना और संवाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बेहतर बनाते हैं। ह्लबात बोले बानीह पानी पिये छानीद्द केवल राजनीति तक सीमित नहीं है; यह एक नैतिक सिद्धांत भी है। यह हमें संवाद में शिष्टाचार, संयम, और सहानुभूति की शिक्षा देता है। राजनीतिक नेताओं को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। उनकी भाषा में नैतिकता, ईमानदारी और समाज के प्रति सम्मान झलकना चाहिए।


डॉ दीपक प्रसाद
रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, रांची।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ के समापन के बाद 13 अखाड़ों की 26 फरवरी को काशी में होगी पेशवाई

**आरपी सिंह**

**वाराणसी।** महाकुंभ तो है प्रयागराज में, लेकिन काशी में भी महाकुंभ जैसा माहौल रहेगा। क्योंकि, प्रयागराज के बाद 13 अखाड़े व श्रद्धालु काशी में गंगा नहाने और बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आते हैं। इसीलिए महाकुंभ में स्नान के बाद अखाड़ों का अगला पड़ाव काशी कहा जाता है, जहां महादेव का अभिषेक करके अखाड़ों के महामंडलेश्वर धर्म ध्वजा को अनंत काल तक फहराने का आशीर्वाद मांगेंगे। इस दौरान काशी की सड़कों पर अखाड़ों की पेशवाई होगी, वहीं गंगा घाटों पर धुनी रमाए साधुओं की टोली भी डेरा डालेगी। महाकुंभ के समापन के बाद 13 अखाड़े बनारस में बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को काशी में अखाड़ों की पेशवाई होगी। गाजे-बाजे, रथ, हाथी और घोड़े के साथ अखाड़ों की पेशवाई अखाड़ों से श्री काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही शहर की सड़कों पर निकलेगी। इस दौरान काशी की जनता बाबा विश्वनाथ की सेना के रूप में मशहूर नागा साधुओं का वैभव देखेगी। अपनी-अपनी धर्मध्वजा के साथ अखाड़ों के महामंडलेश्वर पेशवाई का नेतृत्व करेंगे। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा और उसके भ्राता अखाड़े कहे जाने वाले श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े और अग्नि अखाड़े के संन्यासी पूरे विधि विधान के साथ अपने-अपने अखाड़ों के इष्ट का आह्वान कर अपनी धर्म ध्वजा के साथ पेशवाई में शामिल होंगे। इसके अलावा, महानिर्वाणी, निरंजनी, आनंद और अटल अखाड़े समेत सभी 13 अखाड़े नागा साधुओं के साथ काशी प्रवास करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से पेशवाई के इंतजाम के लिए विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप दी गई है।




### शिव की सेना हैं नागा साधु

नागा साधु भगवान शिव की सेना कहे जाते हैं। 84 कोशात्मक काशी में महाकुंभ के बाद ये अपने इष्ट के जलाभिषेक के लिए काशी आएंगे। महाकुंभ के पलट प्रवाह के दौरान गंगा के तट पर भी अखाड़ों के विविध रंग नजर आएंगे। साधु-संन्यासी गंगा के तट पर अपनी-अपनी धुनी रमाएंगे। कोई साधु एक पैर पर खड़ा होगा तो कोई धुनी रमाए होगा। कोई नागा वेश में होगा तो कोई भस्म रमाए होगा। कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे ही गंगा के तट पर साधुओं का डेरा जमेगा। भक्त जन व जनता उनके दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

## महाकुंभ में 8 हजार श्रद्धालु बनेंगे संन्यासी

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में धर्म ध्वज फहराने के साथ पेशवाई का क्रम शुरू हो गया है। संन्यास के कठिन तप से गुजरने के लिए श्रद्धालु गुरु चरण में प्रार्थना पत्र दे रहे हैं। इसके लिए वे पहले अपने पितरों का श्राद्ध और खुद का पिंडदान करेंगे। विविध अनुष्ठान के साथ 24 घंटे निराहार रहकर संन्यासी जीवन धारण करेंगे। इस दौरान 8 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को 13 अखाड़े साधु-संत और ब्रह्मचारी बनाएंगे। काशी से भी लगभग दो हजार श्रद्धालु संन्यासी बनेंगे। नागा साधु, संत और ब्रह्मचारी बनाने का काम अखाड़े करते हैं।

अर्धकुंभ और महाकुंभ में लोग सबसे ज्यादा संन्यास ग्रहण करते हैं। इस बार भी महाकुंभ में देशभर से नागा साधु से लेकर ब्रह्मचारी बनाए जाएंगे। हर अखाड़े अलग-अलग शुभ मुहूर्त में उनका संन्यास ग्रहण करवाएंगे। अखाड़े के नियमों के अनुसार सभी अनुष्ठान पूरे कराने के बाद ही उन्हें संन्यास धारण करवाया जाता है। इस दौरान अखाड़ों की पदवी भी दी जाती है। अखाड़े की चार मढ़ियों के महंत संन्यासी बनने की प्रक्रिया पूरी कराते हैं। रात में अखाड़े के अंदर सभी विजया हवन करते हैं।



अखाड़े की ओर से कुंभ में संन्यास दीक्षा के अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। संन्यासी बनने की जो प्रक्रिया है, उसमें पंच परमेश्वर की संस्तुति के बाद इष्ट देव पूजन होता है। मुंडन, गंगा स्नान, पितरों का श्राद्ध व खुद का पिंडदान किया जाता है। देवी-देवता का स्मरण कर जनेऊ व दंड धारण, विजया हवन होता है। रात में गंगा में दंड व जनेऊ विसर्जन के बाद महामंडलेश्वर उन्हें दीक्षा देते हैं। इस दौरान 24 घंटे व्रत रखा जाता है। शरीर पर भगवान शिव का अखंड भस्म लगाते हैं। 24 घंटे महावाक्य का जप करते हैं। इसके बाद रुद्राक्ष की कंठी धारण कराई जाती है। पहले तो घर का पता लगाया जाता था, अब संन्यासी जीवन धारण करवाने के लिए आधार कार्ड देखा जाता है। अखाड़े उनके नाम-पता आदि की पूछताछ, जांच करने के बाद ही उन्हें दीक्षा देते हैं। उनके नाम व पता सही नहीं पाया गया और वह गलत प्रकृति का है, तो उसे संन्यास धारण नहीं कराते।

### 26 दिनों में लोकसभा की 20 और राज्यसभा की 19 बैठकें हुईं

# संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष की ओर से किए गए व्यवधानों के कारण संसद की उत्पादकता में कमी आई है। सरकार ने संसद को चलाने के लिए बहुत प्रयास किया। वे विपक्ष से अपेक्षा और अनुरोध करते हैं कि वह बजट सत्र में इस तरह की गड़बड़ी पैदा न करें। संसदीय कार्यमंत्री ने आज दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद संसद में हुए कामकाज का ब्यौरा मीडिया के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस सत्र में लोकसभा में 4 और राज्यसभा में 3 विधेयक पारित किए गए। इस दौरान रिजिजू ने संसद में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की घटना की निंदा की । उन्होंने कहा कि आज लोकसभा अध्यक्ष ने संसद में अनुशासन बनाए रखने को लेकर एक नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि संसद के इस सत्र में 26 दिनों में लोकसभा की 20 और राज्यसभा की 19 बैठकें हुईं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 4 और 3 विधेयक पारित किये गये। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच एक देश-एक चुनाव से जुड़ा 129वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11:00 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त कार्य समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर सदन की अनुमति प्रदान की गई। जेपीसी में 39 सदस्य हैं, जिनमें से 27 सदस्य लोकसभा और 12 राज्यसभा से हैं। वहीं, राज्यसभा भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन की कार्यवाही को पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में दिनभर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 12 बजे कार्यवाही शुरू होने पर 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए राज्यसभा के 12 सांसद को नामित किया गया।




### लोकसभा : शीतकालीन सत्र एक नजर

- अठारहवीं लोकसभा के तीसरे सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। 25 नवंबर से शुरू हुए सत्र में 20 बैठकें हुईं और 62 घंटे कामकाज हुआ।
- लोकसभा की 20 बैठकें हुईं जो लगभग 62 घंटे तक चलीं। अठारहवीं लोक सभा के तीसरे सत्र के दौरान उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा 13 दिसंबर को शुरू हुई और 14 दिसंबर को समाप्त हुई। सत्र के दौरान पांच सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार विधेयक पारित किए गए।
- शून्य काल के दौरान 61 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और सदस्यों द्वारा अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए। नियम 377 के अधीन कुल 397 मामले उठाए गए। 28 नवंबर को दो नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली।

### राज्यसभा : शीतकालीन सत्र एक नजर

- शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत है, जिसमें केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ।
- इस सत्र में तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक और बॉयलर्स विधेयक 2024 पारित किया गया और भारत-चीन संबंधों पर विदेश मंत्री का बयान हुआ।

# फ्लिप फोन व फिक्स्ड लैंडलाइन फोन से भी कर सकेंगे चैटजीपीटी से बात

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल चैटजीपीटी से बात कर जानकारी लेना और भी सहज हो जाएगा। ओपेन एआई ने अमेरिका और कनाडा के यूजर्स के लिए बड़ा ऐलान कर दिया। अब यूएस और कनाडा में रह रहे यूजर्स फ्लिप फोन और फिक्स्ड लैंडलाइन फोन पर भी चैटजीपीटी से बात कर सकेंगे। यूजर्स को हर महीने 15 मिनट तक चैटजीपीटी के जरिए बात करने का मौका मिलेगा और इसके लिए उन्हें 1-800-चैटजीपीटी डायल करना होगा। अब फिक्स्ड लैंडलाइन फोन पर चैटजीपीटी उपलब्ध होने से इसे चलाना पहले से ज्यादा आसान हो गया है। फोन लाइन पर चैटजीपीटी से बात करने के लिए किसी अतिरिक्त सब्सक्रिप्शन या अकाउंट की जरूरत नहीं होगी। यूजर्स चैटजीपीटी से पर्सनल सवाल पूछ सकते हैं। इसके अलावा अलग-अलग भाषाओं को सिखाने में भी चैटजीपीटी आपकी मदद कर सकता है। यह एआई टूल एक नेचुरल लैंग्वेज वॉइस एक्सचेंज एक्सपीरियंस ऑफर करता है। दूसरे देशों के लोग अब चैटजीपीटीको सीधे व्हाट्सऐप पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 1-800-242-8478 फोन नंबर पर टेक्स्ट करना होगा। चैटजीपीटी के लिए बने अलग ऐप की तरह ही व्हाट्सएप पर भी चैट जीपीटी सभी सवालों का जवाब दे सकता है। हालांकि, इमेज जेनरेशन या वॉइस मोड जैसे एडवांस्ड फंक्शन इस्तेमाल करने के लिए यूजर को वेब या ऑफिशियल ऐप पर चैटजीपीटी एक्सेस करने की ही जरूरत होगी। ओपेन एआई ने पुष्टि की है कि आने वाले दिनों में यूजर्स, अपने व्हाट्सऐप पर चैटजीपीटी अकाउंट के साथ ऑथेंटिकेट कर पाएंगे। और इस सर्विस में इमेज के साथ चैटिंग व वेब सर्च जैसे अतिरिक्त फंक्शन भी इस सर्विस में मिल पाएंगे।फिलहाल, व्हाट्सएप यूजर्स मेटा एआई का इस्तेमाल करके व्हाट्सएप यूजर्स इन सभी फीचर्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। मेटा एआई के जरिए यूजर्स इमेज जनरेट करने के अलावा पॉप्युलर एआई कैरेक्टर्स से भी बातचीत कर सकते हैं।



## जीविका दीदी ने अपने ही सहकर्मी पर लगाया बलात्कार का आरोप

**एजेंसी। किशनगंज(हि.स.)**

सदर थानाक्षेत्र में एक जीविका दीदी ने अपने ही सहकर्मी जीविका संस्थान के बुक कीपर समीर कुमार बैठा पर चार सालों तक बलात्कार करने और वर्ष 2022 में गर्भपात करवाने का आरोप लगाया है। वहीं इसको लेकर 19 दिसंबर को महिला थाने में आवेदन भी दिया गया है। शुक्रवार को महिला थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर ढेकसारा निवासी आरोपी समीर कुमार बैठा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़िता जीविका संस्थान में काम करती है, जहां उसकी मुलाकात बुक कीपर के पद पर कार्यरत ढेकसरा निवासी समीर कुमार बैठा से वर्ष 2020 में हुई। समीर अक्सर उस पर धौंस जमाया करता था। छोटी-छोटी गलतियों पर भी उसे डांटा करता था। साथ ही पीड़िता पर बुरी नजर भी रखता था। समीर बार-बार पीड़िता को धमकी देता था कि यहां काम करना है तो मेरी हर बात माननी होगी। चार साल पहले 2 जनवरी 2020 को समीर पीड़िता को बहला फुसलाकर काम के बहाने अपने साथ किराए के घर में ले गया। वहां उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इसके बाद धमकी दी कि अगर तुमने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया तो नौकरी से निकाल दूंगा। वर्ष 2022 के जुलाई माह में पीड़िता गर्भ से हो गई। इसके बाद समीर उसे फिर से अपने रूम पर ले गया और जबरदस्ती गर्भपात के लिए दवा पिलाई। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने फिर से उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि परिवार की इज्जत की वजह से वो घर पर इस घटना के बारे में कुछ नहीं बताई। लेकिन बार-बार उसके साथ हो रहे दुष्कर्म से वो तंग हो गई।

## संभल में जुमे की नमाज के दौरान एक व्यक्ति हिरासत में

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। वह रास्ते में भगवा गमछा डाले घूम रहा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। संभल के एएसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि जामा मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। आम रास्ते से जा रहे मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति को रोका गया है। उससे पूछताछ हो रही। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, संभल की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मस्जिद के मेन गेट के सामने अचानक एक युवक आया। वह भगवा गमछा डाले हुए था और तिलक लगाए उसी रास्ते से जा रहा था। जामा मस्जिद में शुक्रवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जुमे की नमाज अदा की जा रही थी। नमाज के लिए लोग 12 बजे से ही मस्जिद पहुंचने शुरू हो गए थे। स्थिति तनावपूर्ण होने से पहले समय रहते पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ा और सीधे कोतवाली ले गई।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## राहुल पर एफआईआर से नेता बोले, 'ये डॉ आंबेडकर से ध्यान भटकाने की कोशिश'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'इंडिया ब्लॉक' के विरोध मार्च में शामिल नेताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा संसद परसिर में धक्का-मुक्की प्रकरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर केस दर्ज कराने का मकसद डॉ आंबेडकर से ध्यान भटकाने की कोशशि है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर पर अशोभनीय टिप्पणी की है, देश की जनता इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकती है। विरोध मार्च में शामिल कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, "असल मुद्दा संसद में हुई धक्का मुक्की नहीं, बल्कि अमित शाह का बयान है। भाजपा ने इस मुद्दे से सभी का ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया है। हमारी मांग स्पष्ट है कि आखिर अमित शाह कब देश से माफी मांगने जा रहे हैं, क्योंकि डॉ बाबा साहेब आंबेडकर पर उनके द्वारा की गई टिप्पणी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।" कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने आईएएनएस से बातचीत में राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर के बारे में कहा, "यह बिल्कुल गलत हुआ है। यह फर्जी एफआईआर है। इसका कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने कहा, "हम लोग शांतिपूर्वक मार्च कर रहे हैं।

# योगी सरकार की अनूठी पहल से महिलाएं संभाल रहीं प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की कमान

**एजेंसी। लखनऊ/लखीमपुर खीरी**

योगी सरकार आधी आबादी को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। ऐसे में प्रदेशभर में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। 'जल जीवन मिशन' में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पांच ट्रेड क्रमशः प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, पंप ऑपरेटर और मोटर मैकेनिक की ट्रेनिंग दी जा रही है।

इसके अलावा प्रदेश की 4 लाख से अधिक महिलाओं को वॉटर टेस्टिंग की ट्रेनिंग दी गई है। वहीं, राजगीर मिस्त्री की ट्रेनिंग दी जा रही। सीएम योगी की अनूठी पहल को साकार करते हुए लखीमपुर खीरी में 168 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग देने के साथ टूल किट वितरित की गई।

लखीमपुर खीरी पूरे प्रदेश में पहला ऐसा जिला होगा, जहां सबसे अधिक 168 महिलाएं प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की कमान संभालेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी में स्वयं सहायता समूह की 168 महिलाओं को चार दिवसीय प्रशिक्षण में प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी गई।

लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि 'जल जीवन मिशन' के तहत पूरे प्रदेश में 1,297 महिलाओं को प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, पंप ऑपरेटर, मोटर मैकेनिक और राजगीर मिस्त्री की ट्रेनिंग दी गई है। वहीं, योगी सरकार की महिलाओं को 'जल मिशन' के तहत रोजगार उपलब्ध कराने की अनूठी पहल को साकार करते हुए अकेले लखीमपुर खीरी में सबसे अधिक 168 महिलाओं को प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी गई है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के अनुसार अक्सर देखने में आता है कि पुरुष दिन में काम करने चले जाते हैं। इस दौरान घर की महिलाओं को पानी से संबंधित समस्या जैसे नल का खराब हो जाना, पानी न आना का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जब इसे ठीक करने पुरुष पहुंचते हैं तो वह असहज हो जाती हैं। इसे देखते हुए महिलाओं को नल को रिपेयर करने, टंकी का संचालन और फिटर की ट्रेनिंग दी गई है। इससे जहां घर में मौजूद अकेली महिला सहज होंगी तो वहीं दूसरी ओर ये महिलाएं दूसरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी।



मिशन के तहत सभी महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद प्लंबर ट्रेड की टूल किट में हथौड़ी, ब्लेड, इंची टेप, टेपलान टेप, छेनी, पाइप रिंच वितरित किया गया। इसी तरह फिटर ट्रेड में पाइप रिंच, हथौड़ा, पेचकस, कटर, पंप और ऑपरेटर ट्रेड के लिए प्लास, ब्लेड, कटर, पेचकस, टेस्टर, रिंच, टेप टूलकिट का वितरण किया गया। प्रत्येक ट्रेड में 56-56 समूह की महिलाओं ने ट्रेनिंग प्राप्त की। अटल सभागार में व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने के बाद तहसील और ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम पंचायत कालाआम में सभी 168 महिलाओं की कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में फील्ड विजिट कराकर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई। इन महिलाओं ने गांव की परियोजना को न केवल देखा और समझा, बल्कि जमीन पर भी काम को करके देखा।

## आयुष्मान कार्ड से महिला का हुआ मुफ्त ऑपरेशन, निःशुल्क इलाज

**एजेंसी। वसई (आईएएनएस)**

आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं ने एक महिला की जिंदगी बचा दी। वसई के प्लैटिनम हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत कार्ड धारकों को बाईपास सर्जरी, न्यूरोलॉजिकल सर्जरी, आर्थोपेडिक सर्जरी, और अन्य मेडिकल उपचार पूरी तरह से निशुल्क प्रदान किया जाता है। इस अस्पताल में एक साल में 30 से ज्यादा मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। आयुष्मान भारत योजना के कार्ड धारकों को इस हॉस्पिटल में इलाज की सुविधा पूरी तरह मुफ्त दी जाती है। कार्डधारकों को बाईपास सर्जरी से लेकर न्यूरोलॉजिकल सर्जरी, आर्थोपेडिक सर्जरी और अन्य प्रकार के मेडिकल उपचार भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराए जाते हैं। आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। इस योजना के तहत, जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें पूरे देश में हजारों अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। प्लैटिनम हॉस्पिटल में बाईपास सर्जरी कराने वाली अमिता परब ने आईएएनएस को बताया, मैं



बीमार थीं और इलाज के लिए जब डॉक्टर के पास गईं तो डॉक्टर ने कहा कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। इसके बाद आयुष्मान कार्ड के जरिए मेरा ऑपरेशन हुआ और अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। महिला के पति अरविन्द परब ने बताया कि मेरी पत्नी अंबिका को कुछ समय से छाती में दर्द और तकलीफ हो रही थी, इसलिए मैंने डॉक्टर के पास जाकर रिपोर्ट लिया। रिपोर्ट में ब्लॉकेज पाया गया। इसके बाद मैं आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल गया और वहां ऑपरेशन करवाया। ऑपरेशन सफल रहा और अब उनकी तबीयत ठीक है। इस योजना के लिए मैं सरकार का बहुत आभारी हूं। प्लैटिनम हॉस्पिटल के प्रोजेक्ट मैनेजर हेमंत पताडे ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को मैं एक संदेश देना चाहता हूं कि प्लैटिनम हॉस्पिटल वसई में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड धारकों का इलाज पूरी तरह से मुक्त किया जाता है।

## भारतीय सेना और लार्सन एंड टुब्रो के बीच हुआ करार

# सेना के लिए खरीदे जाएंगे 100 और के 9 वज्र टैंक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय सेना के लिए लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के साथ 7,629 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। यह सौदा 100 स्वचालित ट्रैक्ड आर्टिलरी गन के9 वज्र टैंक खरीदने के लिए किया गया है। सेना के पास पहले ही इस तरह के 100 टैंक हैं। अब यह सौदा भारतीय सेना की मारक क्षमता दोगुना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए 155 मिमी/52 कैलिबर के के9 वज्र-टी सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड आर्टिलरी गन की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध की कुल लागत 7,628.70 करोड़ रुपये है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एलएंडटी के प्रतिनिधियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 100 के9 वज्र टैंक की खरीद से भारतीय तोपखाने के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा और सेना की समग्र परिचालन तत्परता बढ़ेगी। यह बहुमुखी तोप अपनी क्रॉस-कंट्री गतिशीलता के साथ भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे सटीकता के साथ गहराई से हमला करना संभव होगा। इसकी घातक मारक



क्षमता सभी इलाकों में तोपखाने की क्षमता को बढ़ाएगी। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह तोप उच्च सटीकता और उच्च दर के साथ लंबी दूरी तक घातक फायर करने में सक्षम है। उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के शून्य तापमान में भी यह टैंक अपनी पूरी क्षमता से काम करने में सक्षम होंगे। सूरत के हजीरा में एलएंडटी आर्मर्ड सिस्टम

- **भारत की मारक क्षमता दोगुना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह सौदा**

कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक के-9 वज्र टैंक बनाए जा रहे हैं। लार्सन एंड टुब्रो भारतीय सेना को स्वदेशी रूप से निर्मित के-9 वज्र टैंक 155 मिमी/52 कैलिबर की स्व-चालित बंदूकों की आपूर्ति कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने 'मेक इन इंडिया' के तहत 2017 में दक्षिण कोरिया से के-9 वज्र-टी 155मिमी/52 कैलिबर तोपों की 100 यूनिट आपूर्ति के लिए 4 हजार 500 करोड़ रुपये का करार किया था, जिनमें से 10 पूरी तरह से तैयार हालत में मिले थे। बाकी 90 टैंक 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो कंपनी हजीरा प्लांट में तैयार करके सेना को आपूर्ति किए जा चुके हैं।

के-9 वज्र टैंक की खासियत सूरत के हजीरा एलएंडटी प्लांट में तैयार किए जा रहे के-9 वज्र टैंक काफी एडवांस हैं, जिसे 'टैंक सेल्फ प्रोपेल्ड होवरक्राफ्ट गन' भी कहते हैं। टैंक की खासियत ने बोफोर्स टैंक को भी पीछे छोड़ दिया है। बोफोर्स टैंक की तोप एक्शन में आने से पहले पीछे जाती है, लेकिन के-9 वज्र टैंक ऑटोमेटिक है। के-9 वज्र दक्षिण कोरियाई सेना में इस्तेमाल किए जा रहे के-9 थंडर जैसे हैं। 155 एमएम कैलिबर के-9 व्रज को एक बख्तरबंद गाड़ी पर माउंट किया गया है। यह तोप रेगिस्तान और सड़क दोनों जगह पर 60 से 70 किलोमीटर की स्पीड से चलते हुए दुश्मनों पर गोले बरसाने के बाद तेजी से अपनी लोकेशन को चेंज करने की क्षमता रखती है। सेल्फ प्रोपेल्ड ऑर्टिलरी वाले इस एक टैंक का वजन 47 टन है, जो 47 किलो के गोले को 43 किमी. की दूरी तक दाग सकता है। यह स्वचालित तोप शून्य त्रिज्या पर भी घूम सकती है। डायरेक्ट फायरिंग में एक किमी दूरी पर बने दुश्मन के बंकर और टैंकों को भी तबाह करने में सक्षम है। यह किसी भी मौसम में काम करेगा। इसकी लंबाई 12 मीटर और ऊंचाई 2.73 मीटर है। इस टैंक में चालक के साथ पांच लोग सवार हो सकते हैं।

## सिकंदराबाद में प्रेसिडेंट कलर्स अलंकरण समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# रक्षा प्रणालियों में भारत एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा : द्रौपदी मुर्मू



- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को भी महत्व**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है, ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके। राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की बढ़ी हुई रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के जवानों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन युद्ध और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में, कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। बहुपक्षीय आर्थिक और सैन्य ढांचे और जुड़ावों के माध्यम से क्षेत्रीय और वैश्विक रक्षा चर्चाओं में भारत का प्रभाव काफी बढ़ गया है। वैश्विक स्तर पर भारत की रक्षा क्षमताएं इसकी ताकत और दूरदर्शी दृष्टि दोनों को दर्शाती हैं। आत्मनिर्भरता, तकनीकी उन्नति और रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करके भारत न केवल अपनी सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में भी योगदान दे रहा है।

### राष्ट्रपति येओल को देशद्रोह मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को एक बार फिर मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा से संबद्ध देशद्रोह के आरोप में पूछताछ के लिए संयुक्त जांच दल के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। इससे पहले उन्हें 16 दिसंबर को समन जारी कर 18 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मगर वह नहीं गए थे। द कोरिया टाइम्स के अनुसार, संयुक्त जांच दल के आज के समन में राष्ट्रपति को भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) में 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे तलब किया गया है। संयुक्त जांच दल में सभी एजेंसियों के उच्च अधिकारी शामिल हैं।

### अबूझमाड़ में 130 से अधिक नक्सली मारे गए : सुंदरराज पी.

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के अबूझमाड़ में नक्सलियों से लगातार सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हो रही है। नक्सलियों के सबसे सुरक्षित अबूझमाड़ के इलाके में बीते एक वर्ष में सबसे ज्यादा 130 नक्सली मारे गए हैं, इनमें कई बड़े कैडर के खूंखार नक्सली शामिल है। इन चर्चित नामों में नीति उर्फ निर्मला, रूपेश, रणधीर और जोगन्ना शामिल हैं। सिर्फ नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के इलाके में पिछले एक वर्ष में 56 नक्सली मारे जा चुके हैं। यह आंकड़े अबूझमाड़ में नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों की सफलता को दर्शाता है।

## 2000 रुपए के 346 लाख पीस अब भी हैं सर्कुलेशन में

**ब्यूरो**

- **जिन लोगों के पास 2000 रुपये के नोट बचे हैं, वे आरबीआई कार्यालय में करा सकते हैं जमा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आने वाले वक्त में नई वैल्यू वाले करेंसी नोट लांच करने को लेकर बड़ी जानकारी दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि 500 रुपए से ज्यादा वैल्यू वाली करेंसी नोट पेश करने से जुड़ी कोई योजना नहीं है। मंत्रालय ने राज्यसभा में पूछे गए नए नोटों के लांच से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह बताया है। सांसद घनश्याम तिवारी ने सवाल पूछा था कि क्या सरकार 500 रुपए से ज्यादा वैल्यू वाली करेंसी नोट को प्रिंट करने की योजना बना रही है। इस पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, नहीं, सर। उनके इस संक्षिप्त जवाब ने इस तरह की संभावना को सिरे से नकार दिया।

घनश्याम तिवारी ने वित्त मंत्रालय से 2000 रुपए के नोटों के सर्कुलेशन और ऊंची वैल्यू वाली करेंसी नोटों की प्रिंटिंग से जुड़े कई सवाल पूछे थे। उन्होंने 2000 रुपए के बैंक नोट के बारे में भी पूछा। उन्होंने जवाब मांगा कि 2000 रुपए के कितने नोट पेश किए गए थे और वापसी के समय सर्कुलेशन में कितने नोट थे? इसके अलावा सकुर्लेशन में कितने नोट अभी बचे हैं? उनके सवाल के जवाब में पंकज चौधरी ने कहा कि नवंबर 2016 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट, 1934 के सेक्शन 24(1) के तहत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 2000 रुपए के नोट पेश किए थे। उन्होंने बताया, 31 मार्च, 2017 तक 2000 रुपये के कुल 32,850 लाख पीस सर्कुलेशन में थे, जिनकी संख्या 31 मार्च 2018 तक बढ़कर 33,632 लाख हो गई। 19 मई 2023 को जब 2000 रुपए के करेंसी नोट को वापस लेने का ऐलान किया गया, उस समय 2000 रुपए के कुल 17,793 लाख पीस थी।

वित्त राज्य मंत्री ने कहा, इनमें से 17,477 लाख पीस 15 नवंबर, 2024 तक आरबीआई के पास वापस आ चुके हैं, और 346 लाख पीस अभी भी सर्कुलेशन में हैं। अभी भी 2000 रुपए के बैंक नोट को एक्सचेंज और डिपॉजिट करने के नियम भी सरकार ने बनाए हुए हैं। जिन लोगों के पास 2000 रुपए के नोट बचे हैं, वे आरबीआई के 19 इसु कार्यालयों में जाकर इन्हें जमा करा सकते हैं। इसके अलावा, नागरिक इन ऑफिस में नोटों को जमा कराने के लिए इंडिया पोस्ट सर्विसेज का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पीएम मोदी ने कई योजनाओं से अभूतपूर्व बदलाव किया : मल्होत्रा

- **जनधन, आधार और मोबाइल क्रांति के जरिए देश को गरीबी और भ्रष्टाचार से उबारा**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कॉरपोरेट मामलों और सड़क, परिवहन तथा राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आज यहां परिवहन भवन में एक प्रेस कांफ्रेंस में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, आधार और मोबाइल (जेएम) त्रिनिटी योजनाओं, डिजिटल लेनदेन और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) ने कैसे लोगों की जिंदगी में अभूतपूर्व और सम्मानजनक बदलाव किया है। मल्होत्रा ने कहा कि 2014 से मोदी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रही है और पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ नागरिकों के लिए 200 से अधिक योजनाएं लांच की गई हैं। मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रधानमंत्री जनधन योजना ने देश की एक बड़ी आबादी को बैंकिंग सिस्टम में शामिल करके उनके जीवन को सरल बनाया है। मौजूदा समय में 54 करोड़ से अधिक बैंक खाते हैं, जिनमें कुल जमा राशि लगभग 2.39 लाख करोड़ रुपये हैं। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण, अर्ध-शहरी इलाकों और महिलाओं में सफल रही है, जिसमें लगभग 66% खाते इन क्षेत्रों से आते हैं। इसके अलावा 37.02 करोड़ 'रूपे कार्ड' उन खाता धारकों को जारी किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि जिस आधार-मोबाइल लिंकिंग की महत्वाकांक्षी योजना का विपक्ष ने मजाक उड़ाया था, वह अब प्रधानमंत्री जनधन योजना के साथ मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन गया है। अब, केंद्र सरकार से जारी प्रत्येक रुपया बिना किसी बिचौलिए के सीधे संबंधित लाभार्थी तक पहुंचता है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को और भी बढ़ावा मिला है।

उन्होंने बताया कि जेएएम त्रिनिटी ने इस प्रगति को विशेष रूप से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से संभव बनाया। इस प्रणाली ने न केवल यह सुनिश्चित किया कि सब्सिडी और लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे, बल्कि भ्रष्टाचार को भी घटाया और नकली लाभार्थियों को समाप्त किया। 14 अगस्त, 2024 तक जनधन के प्रत्येक बैंक खाते में औसत जमा 4352 रुपये है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

### अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से आज सम्मानित होंगे रेलवे के 101 कर्मचारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अपने 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को उनके 'असाधारण योगदान' के लिए 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित करेगा। 'मैं हूं भारतीय रेल' थीम पर आधारित यह पुरस्कार समारोह शनिवार को यहां 'भारत मंडपम' में आयोजित किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस समारोह में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य और विभिन्न रेलवे जोन एवं उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक शामिल होंगे।

### बांग्लादेश में तबलीगी जमात प्रवक्ता मुआज बिन नूर गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के टोंगी बिस्वा इज्तेमा मैदान पर कब्जे को लेकर तबलीगी जमात के दो गुटों के बीच बुधवार को हुए खूनखराबा पर अंतरिम सरकार ने कठोर कदम उठाया है। इस संबंध में मौलाना साद गुट के तबलीगी जमात के प्रवक्ता मुआज बिन नूर (40) को शुक्रवार के तड़के गिरफ्तार कर लिया गया। इस खूनखराबा में तीन श्रद्धालुओं की जान गई है।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने की सशस्त्र सीमा बल की सराहना, कहा

# एसएसबी के जवान हैं, तो कोई चिंता नहीं

- **नक्सलवाद से निपटने में भी निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका**

**एजेंसी**



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के रानीडांगा में सिलीगुड़ी फ्रंटियर मुख्यालय में आयोजित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 61वें स्थापना दिवस समारोह में शुक्रवार को भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने एसएसबी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह बल नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने न केवल सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में नक्सलवाद के खतरों को भी कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि भारत की 2450 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा सशस्त्र सीमा बल द्वारा की जाती है। इन जवानों के होने से कोई चिंता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सिलीगुड़ी गलियारे और पूर्वोत्तर क्षेत्र में एसएसबी की सतर्कता ने लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। उन्होंने बल के नक्सलवाद विरोधी अभियानों को सराहा और कहा कि एसएसबी ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को कमजोर करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने बल के जवानों से कहा कि सीमा क्षेत्रों में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाकर ऐसे मामलों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपा जाए। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का दिन बताया और कहा कि एसएसबी ने अवैध गतिविधियों को रोकने और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने का अनुकरणीय काम किया है।

संस्कृति और विरासत को जोड़ने की पहल-शाह ने एसएसबी की उस पहल की भी प्रशंसा की, जिसमें सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास सीमावर्ती समुदायों और राष्ट्र के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करता है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के बाद गृह मंत्री का यह दूसरा बंगाल दौरा है, जिसमें उन्होंने एसएसबी के कार्यों की सराहना कर उनकी जिम्मेदारी और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा। अमित शाह गुरुवार रात को ही सिलीगुड़ी पहुंचे थे। उनके दौरे को लेकर उत्तर बंगाल में सुरक्षा की व्यापक पैमाने पर व्यवस्था की गई है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ का ड्रग्स बरामद

**मुंबई।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने गुरुवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर 11.32 करोड़ रुपये की ड्रग के साथ बैंकाक से आए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। दोनों यात्रियों ने बरामद ड्रग्स को वैक्यूम-सील प्लास्टिक पाउच में छिपाकर ट्रॉली बैग के अंदर रखा था। इस मामले की गहन छानबीन एनसीबी की टीम कर रही है। एनसीबी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग सहित यात्री के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर गुरुवार देर रात मुंबई एयरपोर्ट पर एनसीबी की टीम निगरानी कर रही थी। उनकी टीम ने बैंकॉक से आए दो संदिग्ध यात्रियों को रोका और उनके सामान की तलाशी। दोनों ने अपने सामान के अंदर 11.322 किलोग्राम ड्रग प्लास्टिक पाउच में छिपा कर रखा था, जिसे एनसीबी ने बरामद कर लिया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और दोनों से गहन पूछताछ जारी है।

### श्रीलंका में भिक्षु ज्ञानसारा थेरा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**श्रीलंका।** श्रीलंका प्रसिद्ध भिक्षु वेन गैलागोडा अथथे ज्ञानसारा थेरा की गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है। वह बोडु बाला सेना संगठन के महासचिव हैं। वह कोलंबो के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पासन अमरसिंघे की अदालत में गुरुवार को तारीख पर पेश नहीं हुए। अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उन पर इस्लाम का अपमान करने वाले बयान देने और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप हैं। इस केस में वह जमानत पर हैं।

# जाकिर हुसैन सैन फ्रांसिस्को में सुपुर्द-ए-खाक

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** विश्व प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन को शोकाकुल परिवार और प्रशंसकों ने अंतिम विदाई दी। उन्हें सैन फ्रांसिस्को में गुरुवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। प्रसिद्ध ताल वादक ए. शिवमणि एवं अन्य नामचीन कलाकार उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सभी ने नम आंखों से उस्ताद जाकिर हुसैन की विदाई के अंतिम क्षणों में ड्रमों पर प्रदर्शन किया। 73 वर्षीय उस्ताद जाकिर हुसैन का फेफड़ों की बीमारी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से उत्पन्न जटिलताओं के कारण पिछले दिनों सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया था। प्रसिद्ध तबला वादक अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन को तबले की थाप को भारतीय शास्त्रीय संगीत की सीमाओं से परे जैज और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत तक पहुंचाने का श्रेय है। उस्ताद के निधन की सूचना पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' हैंडल के माध्यम से परिवार को भेजे शोक संदेश में कहा था, महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारतीय शास्त्रीय संगीत में क्रांति के वाहक हैं। उन्होंने अपनी थाप से तबले को वैश्विक पहचान दिलाई। भारतीय संगीत को विश्व संगीत से जोड़ने में मदद की। वे सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं।

अब दुनिया में जब भी तबले का जिक्र होगा तो उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाएगा। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद जाकिर हुसैन को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में द प्लेनेट ड्रम और 2009 में ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट के लिए मिला। इसके बाद







2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबम के लिए एक साथ तीन ग्रैमी मिले। साल 1978 में जाकिर ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की। उनकी दो बेटियां हैं- अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। उन्होंने 1983 में फिल्म हीट एंड डस्ट से अभिनय के क्षेत्र में भी कदम रखा। उस्ताद ने इसके बाद 1988 में द परफेक्ट मर्डर, 1992 में मिस बैटीज चिल्डर्स और 1998 में साज फिल्म में अभिनय किया।

वो शास्त्रीय प्रस्तुति के दौरान बीच-बीच में अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनि निकालते थे। वे कहा करते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले, गणेश जी ने वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेश जी हमारे कुलदेव हैं।

# नगर पंचायत क्षेत्र की सड़क पर फिर उतरा बुलडोजर, मचा हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय को अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर नगर पंचायत और अंचल कार्यालय के द्वारा लगातार अभियान चलाकर जिला मुख्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। इसी के निमित आज एक बार फिर शहरी क्षेत्र की सड़कों पर बुलडोजर नजर आया और कई अतिक्रमण क्षेत्रों को ध्वस्त किया गया। आज फिर से सड़क पर बुलडोजर के साथ अंचल कर्मी और नगर पंचायत कर्मी सड़क पर उतर सड़क का किया हुआ अतिक्रमण को ध्वस्त करते दिखे। जैसे ही लोगों को जानकारी मिली की सड़क पर बुलडोजर उतर चुका है। वैसे ही दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपना अपना सामान समेटते दिखे। बता दें कि जिला मुख्यालय में आए दिन जाम की स्थिति बन जा रही थी, जिसे देखते हुए एसडीओ अजय कुमार रजक ने शहर से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। इसके बाद नगर पंचायत लातेहार और सदर अंचल कार्यालय हरकत में आ गया और सबसे पहले सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकान के संचालकों को चिन्हित कर उन्हें अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। जो दुकान संचालक द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया उनके खिलाफ यह अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्ति किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मजिस्ट्रेट सह प्रभारी अंचल निरीक्षण चार्ल्स गिद्द ने कहा कि यह अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा। सड़क पर अतिक्रमण होने की वजह से आए दिन जिला मुख्यालय में लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण की वजह से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती हैं। वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में नगर पंचायत से नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, फिल्ड सुपरवाईज रंधीर कुमार, टैक्स कलेक्टर राज प्रसाद गुप्ता और अंचल कार्यालय से कर्मचारी सर्वेश राम, अंचल अमिन दीपक कुमार सहित दर्जनों की संख्या में जवान शामिल रहे।

### डीएमओ ने तुबेद कोल माइंस के 34 वाहनों की जांच की, कहा-

# चालक सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला खनन विभाग द्वारा उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कारवाई की जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी नदीम शफी ने शुक्रवार को हेरहंज प्रखंड के जावर ग्राम में डीवीसी के तुबेद माइंस से कोयला का परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की। डीएमओ ने 34 कोयला लोड वाहनों की जांच की। डीएमओ ने बताया कि सभी वाहनों में कोयला से संबंधित ई-चालान सही और निर्धारित समय सीमा के अंदर पाया गया। डीएमओ ने सभी वाहन चालकों को चालान के महत्व के बारे में बताया। वाहनों को त्रिपाल से ढ़क कर चलने एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। कहा कि सुरक्षा नियमों का अनुपालन नहीं करने से ही दुर्घटनाएं होती है। डीएमओ ने कहा कि जिला में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी वाहन चालक, ट्रांसपोर्टरों से अपने वाहनों में वैध ई-चालान लेकर ही किसी भी खनिज का परिवहन करने की अपील की। कहा कि यदि कोई भी वैध खनन पट्टेधारी या क्रशर मालिक आदि वाहन में चालान देने से मना करता है तो वाहन चालक व ट्रांसपोर्टर जिला खनन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# चैनपुर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर में शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष रंजन दुबे और गायत्री गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि किसान भारत के ₹आन, बान और शान₹ हैं और देश की पहचान भी। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसानों का सम्मान सदैव होना चाहिए, क्योंकि भारत को मजबूत बनाने में उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे किसानों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। बीस सूत्री उपाध्यक्ष रंजन दुबे ने कहा कि किसान देश के भविष्य हैं, क्योंकि वे देश को भोजन उपलब्ध कराते हैं और भारतीय संस्कृति को सहेजते हैं। उन्होंने किसानों की मेहनत और त्याग की प्रशंसा की और कहा कि वे मौसम की परवाह किए बिना दिन-रात मेहनत कर फसलें उगाते हैं, जिससे सभी के लिए भोजन संभव हो पाता है। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, ध्रुव साव, सागर दास, पैक्स अध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया, बबलू चौरसिया, विकास सिंह, राजू सोनी, दिनेश प्रधान, और निरंजन कमलापुरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वन विभाग ने शिकारी को पकड़ा, बारेसाढ़ पुलिस ने छोड़ा

**शिकारी का कोई अपराधिक इतिहास नहीं : थाना प्रभारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत बारेसाढ़ वन क्षेत्र से पकड़े गए सभी छह शिकारियों को बारेसांड थाना पुलिस ने शुक्रवार को निर्दोष बताकर छोड़ दिया। सभी शिकारियों को बुधवार की शाम वन क्षेत्र पदाधिकारी तरूण कुमार के नेतृत्व में वन कर्मियों ने संवेदनशील क्षेत्र बीसी 8 से इस गिरोह के शिकारियों को गुप्त सूचना पर पकड़ा गया था। सूचना के अनुसार सभी शिकारी हथियार के साथ बीसी 8 में जमे थे। वनकर्मी को देखकर सभी शिकारी जंगल में हथियार फेंक कर भागने लगे। इस दौरान सभी शिकारी भागने के दौरान घेर कर पकड़ा गया था। इस संबंध में बारेसांढ़ वन क्षेत्र पदाधिकारी तरूण कुमार सिंह ने बताया कि वन क्षेत्र के संवेदनशील व प्रतिबंधित क्षेत्र बीसी 8 से बुधवार को छह शिकारियों को संदिग्ध स्थिति में जंगल से गिरफ्तार किया गया था। बारेसांढ़ थाना प्रभारी को करवाई के लिए लिखित आवेदन के साथ सभी छह शिकारियों को सौंप दिया गया था। सूत्रों से जानकारी मिली है कि थाना प्रभारी ने बिना कोई करवाई किए ही सभी छह शिकारियों को छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार शिकारियों अलग अलग थाना क्षेत्र के संगठित गिरोह है, जो पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत बारेसांड के संवेदनशील क्षेत्र से गश्ति के दौरान गुप्त सूचना पर भाग रहे शिकारियों को दौड़कर पकड़े गए थे। पकड़े गए शिकारियों में दो भंडारिया के, तीन महुआडांड का एक बारेसांड थाना क्षेत्र का संगठित गिरोह है। जांच के बाद ही सभी शिकारियों को वन अधिनियम के तहत करवाई के लिए बारेसांढ़ थाना प्रभारी लिखित सुपुर्द किया गया था। इस संबंध मे थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा सौंपे गए सभी छः शिकारियों का पिछले कुछ आपराधिक इतिहास नहीं है इस कारण सभी को छोड़ दिया गया, उन्होंने बताया कि उक्त सभी भंडारिया से मवेशी लेकर जंगल की ओर से आ रहे थे।

# भारतीय संविधान के 75 वर्ष होने पर नागरिक अधिकारों का संरक्षण, संवर्धन पर परिचर्चा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को नागरिक अधिकारों का संरक्षण, संवर्धन पर प्रेस प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुधा राज, मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन द्वारा बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और अद्वितीय संविधान है। यह न केवल नागरिक अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि देश को एक कल्याणकारी लोकतांत्रिक आधार पर संगठित करता है। उन्होंने संविधान के भाग 3 में वर्णित मौलिक अधिकारों की चर्चा करते हुए बताया कि अनुच्छेद 32 और 226 के तहत नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में रिट जारी करने का प्रावधान किया गया है। भारतीय लोकतंत्र की सफलता संविधान के लागू करने वालों और इसे संचालित करने वालों की सत्यनिष्ठा पर निर्भर करती है। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इसे लागू करने की प्रक्रिया को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने भारत के संविधान की तुलना अन्य देशों से करते हुए इसे सबसे उन्नत और प्रभावी बताया। डॉ. चंदन ने प्रेस प्रतिनिधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वह समाज की कमियों को उजागर कर शासन को जवाबदेह बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी से संविधान में निहित नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने और लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। मंच संचालन आशीष टैगोर ने किया। कार्यक्रम में सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुधा राज, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### राजद आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा: शशि

**हुसैनाबाद।** राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम शहर के आंबेडकर चौक पर आयोजित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगर अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के विरुद्ध टिप्पणी कर उन्हें अपमानित किया गया है। जिसके कारण राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राजद डॉ. भीम राव आंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी बर्दाश्त नही करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के अंबेडकर चौक,स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद,शहर में हाथों में तख्ती लेकर लोगों ने अमित शाह मुदार्बाद,अमित शाह माफी मांगो,अंबेडकर की अपमान, नहीं सहेंगे नही सहेंगे आदि नारा लगाया। शहर के मुख्य बाजार में भ्रमण के बाद आंबेडकर चौक पर पुतला जलाया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, राजद के प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम,जाकिर अली उर्फ राज अली,विजय कुशवाहा, कामख्या नारायन सिंह, मुन्ना कुमार दे०,मो. आलम,निर्मल यादव,लालू पासवान, कांग्रेस के मीणा देवी,शम्भू सिंह, सुदामा यादव,पवन पटेल, श्याम बिहारी पासवान, बिमलेश पासवान,बिगन प्रजापति, दिनेश पासवान,विजय यादव,निर्मल यादव, मो. परवेज अंसारी,मो. आलम, अशगर खान समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नप मुख्यालय में अमित शाह का पुतला फूंका

**विश्रामपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राजद ने विश्रामपुर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरूआत स्थानीय बस स्टैंड से हुआ। जहां से राजद कार्यकर्ता अमित शाह का पुतला लेकर प्रदर्शन करते थाना चौक होते हुए हॉस्पिटल चौक पहुंचे और गृहमंत्री का पुतला दहन किया। इसके बाद प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गयी। अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव ने की। संचालन राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। सभा में राजद नेताओं ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीम राव आंबेडकर का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए।मौके पर कांग्रेस के वरीय जिलाउपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे,जमील खान,राजद जिला महासचिव रमेश चौबे, राजद नेता संजय उपाध्याय, गोपाल राम,डॉ सलीम अंसारी,संजय उपाध्याय,विकाश यादव,अनीस अंसारी,मनोरंजन मिश्रा,सूर्यदेव यादव,लखन यादव,मुन्ना यादव,महेंद्र यादव,राणाप्रताप सिंह,देव कुमार ठाकुर,नासिर अंसारी,अनिल ठाकुर सहित कई लोगों मौजूद थे।

### संघ भाजपा शुरू से आंबेडकर का विरोधी रहा है: झामुमो

**छतरपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ भीमराव आंबेडकर के विरूद्ध लोकसभा में विवादित बयान के बाद बवाल नहीं रुक रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी छतरपुर जपला मोड़ पर अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध जताया। अमित शाह को माफी मांगने एवं इस्तीफा देने की मांग की गई। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिंहा ने कहा कि संघ एवं भाजपा शुरू से भीमराव आंबेडकर का विरोधी रही हैं। संसद भवन में अमित शाह ने डॉ भीमराव आंबेडकर के लिए अमर्यादित बयान इस बात को साबित करता है कि आज भी इनकी मानसिकता बदली नहीं है।

# राहुल गांधी पर झूठे मुकदमों के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर झूठे मुकदमों के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को छह मुहान चौक पर एक दिवसीय आक्रोश धरना आयोजित किया। इस धरने की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की।

धरने में कांग्रेस कार्यकताओं ने गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करते हुए एक स्वर में विरोध जताया। अपनी बात रखते हुए जिला अध्यक्ष जैस रंजन पाठक ने कहा, 'भूमि अधिग्रहण विधेयक के खिलाफ भट्टा पारसौल से शुरू हुई राहुल गांधी की लड़ाई आज भी जारी है। राहुल गांधी ने सतत विचारधारा के लिए 30 से अधिक झूठे मुकदमे सहन किए हैं। संसद भवन में संविधान का अपमान हो रहा है, जो अस्वीकार्य है। हम अंग्रेजों से नहीं डरे, तो इन चोरों से क्या डरेंगे।' उन्होंने प्रधानमंत्री से तुरंत गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की।

**प्रमुख कांग्रेसी नेता उपस्थित :** आक्रोश धरने में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, शिक्षा प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर श्याम नारायण सिंह, शमीम अहमद राइन, शंकर पांडे, मिथिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, विद्या सिंह चेरो, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, परीक्षित दुबे, छोटू पाठक, सच्चिदानंद मिश्रा, अनिल सिंह, नसीम खान, देवांग शुक्ला, मिट्ठू खान, मोहम्मद फैयाज, अभिषेक तिवारी, अमरनाथ तिवारी, मनोज चंद्रवंशी, शैलेश चंद्रवंशी, सुधीर सिंह, अभय पांडे, एहयात खान, शहजाद अनवर, रंजीत पासवान, ओम प्रकाश त्रिपाठी, और कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धरने का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दिखाना था।

# ई-केवाईसी में बाधा : सर्वर डाउन और आधार अपडेट न होने से राशन कार्डधारी परेशान

**डीलर दोपहर 2 से रात 10 बजे तक करेंगे ई-केवाईसी, 31 दिसंबर है अंतिम तिथि**

**मनीष तिवारी**

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी राशन कार्डधारी (हरा, पीला, लाल) इन दिनों ई-केवाईसी कराने में भारी परेशानी झेल रहे हैं। सर्वर डाउन और आधार अपडेट में समस्याओं के कारण लाभुकों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। सरकार ने 31 दिसंबर तक प्रत्येक राशन कार्डधारी को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन तकनीकी दिक्कतें बाधा बन रही हैं।

**लंबे इंतजार के बाद भी निराश लौट रहे लाभुक**

पलामू जिले में कुल 19,16,152 राशन कार्डधारी हैं, जिनमें से अब तक 7,17,580 लोगों ने ही ई-केवाईसी करवाई है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग सुबह से काम छोड़कर जन वितरण प्रणाली दुकानों पर पहुंचते हैं, लेकिन सर्वर डाउन रहने या आधार फिंगरप्रिंट मैच न होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि अब राशन डीलर दोपहर 2 बजे तक राशन वितरण करेंगे और उसके बाद रात 10 बजे तक ई-केवाईसी करेंगे। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर के बाद जिन लाभुकों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा।

**आधार अपडेट भी बना परेशानी का कारण**

लोगों को ई-केवाईसी के लिए आधार अपडेट कराना पड़ रहा है, जिसके लिए प्रज्ञा केंद्रों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। यदि उसी दिन आधार अपडेट या ई-केवाईसी न हो पाए, तो पूरा दिन बेकार चला जाता है। वृद्ध और बुजुर्गों के फिंगरप्रिंट मैच न होने की समस्या भी लगातार सामने आ रही है। लाभुकों ने बताया कि सर्वर की अनिश्चितता और आध.ार अपडेट के झंझट से उनकी परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सरकार को इस दिशा में त्वरित समाधान की जरूरत है, ताकि ई-केवाईसी प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके।




### राजद ने गृह मंत्री का फूंका पुतला

**हैदरनगर।** देश के गृह मंत्री अमित शाह के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के विरुद्ध लोकसभा में अमर्यादित बयान पर क्षेत्रीय राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं में रोष है। उन्होंने शुक्रवार को हैदरनगर बस स्टैंड स्थित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस कार्यक्रम में शामिल प्रदेश सचिव रिजवान खान, मो. कलामुद्दीन खान, अजहर अली, अनुमंडल अध्यक्ष मो. खुर्शीद अहमद, पाले खान आदि ने कहा कि अमित शाह उक्त प्रतिक्रिया केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैया प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि अमित शाह अपने गलत बयान को वापस लेकर माफी नहीं मांगी तो पूरे झारखंड राज्य में भाजपा के क्रियाकलापों का पुरजोर विरोध शुरू होगा। उन्होंने कहा कि उनके बयान से डॉ. अंबेडकर के चित्र का हनन ही नहीं, बल्कि पूरे देश को कलंकित करने का कार्य किया गया है। देश की जनता अमित शाह के गलत मंसूबे व सत्ता के नशे में चूर को सफल नहीं होने देगी।

## पेज एक के शेष

### गिरिडीह में खलिहान...

आग की चिंगारी संभवतः रह गई हो और फिर वह पुआल से बने कुंभा (घर) में पकड़ लिया हो। इससे जलकर दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। घटना की खबर सुन स्थानीय विधायक जयराम महतो, जेएमएम नेता अखिलेश महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव आदि गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

### आईएनडीआईए ने अंबेडकर...

यह उनकी हताशा का स्तर दिखाता है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि संसद में धक्का-मुक्की वाले मामले में भाजपा ने राहुल गांधी पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई है। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब हमारे भगवान हैं और हम उनका अपमान नहीं सहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी एक सोचे समझे मॉडल के तहत काम करती है। वह पहले संवैधानिक और गैर कानूनी काम करती है और फिर विरोध करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करती है। अमित शाह को अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए।उधर, भाजपा सांसदों ने भी आज संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। पार्टी लगातार मांग कर रही है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी संसद के मकर द्वार पर भाजपा सांसदों के साथ कथित धक्का-मुक्की के लिए माफी मांगें। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने गांधी प्रतिमा पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कहा कि संसद में जो कल हुआ, वह नहीं होना चाहिए था, हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। दो वरिष्ठ सांसदों को अस्पताल जाना पड़ा है। नगालैंड की महिला सांसद ने सदन में कहा कि राहुल गांधी की उपस्थिति ने उन्हें असहज किया है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के सभी सदस्य भूल गए हैं कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है।

**'राष्ट्रीय नवीन मेल' की खबर का असर**

# नगर निगम ने सिटी बसों के परिचालन का ट्रायल शुरू किया

**महिलाओं और यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा सुविधा की उम्मीद**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने शहर के विभिन्न रूटों पर पिंक सिटी बसों का परिचालन शुरू करने के लिए ट्रायल शुरू कर दिया है। यह कदम ₹राष्ट्रीय नवीन मेल₹ अखबार में 9 दिसंबर को प्रकाशित खबर ₹नगर निगम डिपो में धूल फांक रही पिंक सिटी बस, केवल एक रूट पर हो रहा संचालन₹ के बाद उठाया गया।

नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद ने अखबार की खबर का संज्ञान लेते हुए सिटी बसों का परिचालन शीघ्र प्रारंभ करने का वादा किया था। इसके तहत अब चार रूटों पर बसों का ट्रायल किया जा रहा है।

**महिलाओं के लिए विशेष सुविधा, पुरुष भी कर सकते हैं यात्रा :** इन बसों का उद्देश्य महिलाओं को सस्ती और सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराना है। हालांकि, पर्याप्त महिला यात्रियों की कमी के कारण पुरुषों को भी इन बसों में यात्रा की अनुमति दी गई है।

**चार रूट पर शुरू हुआ ट्रायल**

1. छह मुहान से पोखराहा
2. छह मुहान से चैनपुर
3. छह मुहान से सिंगरा
4. छह मुहान से चियांकी

**अप्रैल में शुरू हुआ था परिचालन, जल्द होगा पूर्ण संचालन :** इन बसों का परिचालन अप्रैल 2023 में शुरू हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद चारों बसों का संचालन बंद हो गया। केवल एक बस छह मुहान से चियांकी के बीच चलाई जा रही थी। अब ट्रायल पूरा होने के बाद जनवरी की शुरूआत से सभी बसों का नियमित संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस :** सिटी बसें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं, जिनमें जीपीएस और मोबाइल चार्जिंग स्लॉट शामिल हैं। इन बसों का संचालन प्रारंभ होने से यात्रियों, खासकर महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

# पलामू में जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री रनिंग प्रतियोगिता, 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जीएलए कॉलेज स्टेडियम में आज जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री रनिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे और पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर पलामू जिले के विभिन्न स्कूलों के शारीरिक शिक्षक और कोच उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार, रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, मोनी कुमारी, और अंशु कुमारी ने किया।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन :** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के सफल खिलाड़ी 31 दिसंबर 2024 को जमशेदपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रनिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

**रनिंग प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे**

**अंडर-16 बालक वर्ग रनिंग :** सुधाकर कुमार, संदीप सिंह, सनी कुमार।
**अंडर-16 बालिका वर्ग रनिंग :** पुष्पा कुमारी, चंचल कुमारी, रानी कुमारी।
**अंडर-18 बालक वर्ग रनिंग :** अख्तर अंसारी, अविनाश कुमार, मनोज कुमार।
**अंडर-18 बालिका वर्ग रनिंग :** पूजा कुमारी, रोशनी तिरु, प्राकृतिक तिर्की।
**अंडर-20 बालक वर्ग रनिंग :** आर्यन कुमार, सुनील उरांव।
**अंडर-20 बालिका वर्ग रनिंग :** राजलक्ष्मी कुमारी, शाहिना खातून।
**20 वर्ष से ऊपर पुरुष वर्ग रनिंग :** पतरस बरला, विकास कुमार, कुंदन कुमार, देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सौरभ पन्ना।

# मधुर मौन विचारों में मुखर हो उठती हैं मीठी यादें



**एचसी पांडे**
पीएचडी, डीएससी (एचसी)
कुलपति, एमेरिटस,
बीआईटी मेसरा।

साठ साल से अधिक समय हो गया है, जब मैंने पहली बार बीआईटी में शिक्षण कार्य शुरू किया था। फरवरी 1964 में भारत में मेरी यह पहली नौकरी थी। मैनहट्टन से मेसरा तक का सफर काफी बदलाव भरा था। लेकिन, जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा निर्णय था।

उस समय यह बीआईटी मेसरा रांची विश्वविद्यालय का एक संबद्ध महाविद्यालय था, जो इंजीनियरिंग की पांच शाखाओं में स्नातक पाठ्यक्रम संचालित करता था। परिसर की योजना अच्छी तरह से बनाई गई थी। यूजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रयोगशालाएं उचित रूप से सुसज्जित थीं। साथ ही, सक्षम शैक्षणिक कर्मचारी मौजूद थे। रांची विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत दो अन्य संस्थान थे, एक सिंदरी में और दूसरा जमशेदपुर में। संबद्ध कॉलेज होने के कारण, तीनों संस्थानों को एक ही पाठ्यक्रम रखना पड़ता था और एक ही परीक्षा कार्यक्रम का पालन करना पड़ता था। एक नियमित शैक्षणिक कैलेंडर बनाए रखना उस समय तीन पैरों वाली दौड़ के समान था, जिसे कई बार बिना लड़खड़ाए पूरा करना मुश्किल था। इसलिए, विश्वविद्यालय प्रशासन के सर्वोत्तम इरादों और संस्थानों की यह सुनिश्चित करने की गहरी इच्छा के बावजूद कि उनके छात्र समय पर अपनी पढ़ाई पूरी करें, पूरी शैक्षणिक व्यवस्था अव्यवस्थित रही। वर्ष 1964-65 में बीआईटी में स्नातकोत्तर इंजीनियरिंग कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेटरी में अग्रणी पाठ्यक्रम शामिल था। ये वे दिन थे, जब पीजी पाठ्यक्रमों को उच्च स्तरीय समितियों द्वारा निरीक्षण के बाद ही संचालित करने की अनुमति दी जाती थी। और, प्रसिद्ध अंतरिक्ष विज्ञानी डॉ सतीश धवन उस समिति में थे, जिसने बीआईटी का दौरा किया था। मुझे याद है कि उन्होंने पूछा था कि आधुनिक भौतिकी के पाठ्यक्रम में हम श्रोडिंगर के समीकरण के बारे में कितना पढ़ाने जा रहे हैं। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की शुरुआत ने चुनिंदा और उस समय के अत्याधुनिक क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा दिया। संसथान में रॉकेट प्रणोदन, नियंत्रण प्रणाली, लेजर और प्लाज्मा प्रौद्योगिकी में प्रयोगशाला सुविधा उस समय आईआईटी से भी बेहतर थी। विश्वविद्यालय से बंधे होने के कारण बीआईटी अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की योजनाओं को पूरी तरह से विकसित नहीं कर सका था। काफी प्रयासों के बाद यह वर्ष 1972 में देश का पहला ऐसा कॉलेज बना, जिसे स्वायत्त कॉलेज का दर्जा मिला। और, फिर विकास की गति तेज हो गई। वर्ष 1986 में इसे मानद विश्वविद्यालय का दर्जा मिला और उसके बाद संस्थान ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

पहल के संदर्भ में बीआईटी ने देश में कई प्रथम उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री पर पाठ्यक्रम संचालित करना, उद्योग में कार्यरत इंजीनियरों के लिए पोस्ट ग्रेजुएट पार्ट टाइम शाम के पाठ्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क की स्थापना करना और विदेशों में तकनीकी शिक्षा केंद्र स्थापित करना शामिल हैं। संक्षेप में बीआईटी का इतिहास यही है। 31 साल तक इसके प्रशासन में और फिर 15 साल तक पर्यवेक्षण में रहकर इस इतिहास को मैंने जिया है। इतिहास में नायक होते हैं। और, निस्संदेह नायक आप हैं, बीआईटी के पूर्व छात्र। मैं यह बात अधिकारपूर्वक कह रहा हूं। क्योंकि, मैंने उन दिनों में मुझे मिले व्यापक समर्थन का अनुभव किया है, जब देश भर में छात्र अशांति थी, जब हड़तालें आम थीं और राजनीतिक हस्तक्षेप अपने चरम पर था। कठिनाइयां और उकसावे थे, लेकिन तर्क हमेशा प्रबल रहा और छात्र समुदाय ने हमेशा पूरे दिल से समर्थन दिया। मैं आपको आईआईटी दिल्ली के तत्कालीन निदेशक और 1986 में डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा देने के लिए संस्थान का मूल्यांकन करने के लिए आए यूजीसी समिति के अध्यक्ष प्रो स्वानी की विदाई टिप्पणी से अवगत कराना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि वे छात्रों के मन में संस्थान के शिक्षकों के प्रति जो सम्मान और आदर है, उसे देखकर आश्चर्यचकित हैं, जो उन्हें लगता है कि काफी दुर्लभ है। संस्थान के अखिल भारतीय छात्र समूह ने ऋषियों के प्राचीन ज्ञान को प्रतिबिंबित किया... उत्तिष्ठतः जाग्रतः प्राप्य वरान्निबोधतः। उठो, जागो और बुद्धिमानों से सीखो।

नायकों की सूची अंतहीन है - विद्वान, टेक्नोक्रेट, उद्यमी, नवप्रवर्तक आदि। बीआईटी के पूर्व छात्र हर जगह हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अमेरिकी विशेषज्ञों को चुनौती देने से लेकर चंद्रयान-1 मिशन में अग्रणी भूमिका निभाने और फिर आदित्य एल-1 मिशन तक - पूर्व छात्रों ने स्पष्ट रूप से पृथ्वी से चंद्रमा और फिर सूर्य तक का सफर तय किया है। मैं कुछ नाम लेना चाहता हूं, लेकिन मैं नहीं लूंगा। मुझे डर है कि 89 साल की उम्र में मेरी फीकी याददाश्त के साथ मैं बहुत कुछ खो दूंगा।

एक पेड़ की पहचान उसके फलों से होती है। आपकी उपलब्धियों के कारण ही बीआईटी को अग्रणी तकनीकी संस्थानों में शामिल किया गया है। हमें आप पर गर्व है और आपकी उपलब्धियों की झलक देखकर हमें खुशी होती है।

**आपको सदैव शुभकामनाएं।**

# बीआईटी मेसरा के पूर्ववर्ती छात्रों का पुनर्मिलन आज

## बीआईटी के एफ-74 और एस-75 बैच के 51 छात्र जुटेंगे रांची में

## तीन दिनों के कार्यक्रम में पतरातू की पिकनिक यात्रा भी शामिल

**वेद प्रकाश बागला**

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के 1974 में प्रथम वर्ष में और 1975 में द्वितीय वर्ष में दाखिल हुए छात्र 1979 में एक साथ इंजीनियर बन कर निकले। 1974 से लेकर 2024 के बीच 50 वर्षों का अंतराल गुजर चुका है। हर छात्र कहीं न कहीं, किसी न किसी क्षेत्र में कार्यरत हो गए। समय के साथ कई छात्रों ने बहुत उन्नति की।

साल दर साल, बीआईटी मेसरा ऐसे इंजीनियर तैयार करता रहा है, जिन्होंने दुनिया भर में शीर्ष पदों पर पहुंचकर अपनी पहचान बनाई है। वर्तमान पुनर्मिलन (रीयूनियन) 1979 में पास होकर निकले हुए एफ-74 और एस-75 बैच के छात्रों का है, जो देश और विदेश के कोने-कोने से एकत्रित हुए हैं। बीआईटी के हॉस्टल जीवन की यादें सभी के मन में हमेशा जीवंत रही हैं। वह पांच साल का समय पूरे जीवन के लिए स्मृति बन गया है। घर-परिवार से दूर एक आजाद वातावरण, एक मनमोहक हरे-भरे कैंपस के बीच का जीवन और तमाम मित्रों के साथ हंसते-खेलते बिताए गए वे हर पल, हर क्षण, सभी के हृदय में संजोए हुए रखे हैं। वर्ष 2024 में कुछ मित्रों ने सोचा कि क्यों न हम अपने मिलने की स्वर्ण जयंती मनाएं और उसी कैंपस में कुछ समय बिताएं। ताकि, हमारा पचास साल पुराना वह युग एक बार फिर जीवंत हो जाए। इसी परिकल्पना के साथ सभी मित्रों से बहुत कोशिश करके जुड़ने का प्रयास किया गया। तीन दिनों का पुनर्मिलन कार्यक्रम शनिवार से शुरू हो रहा है। इसमें कुल 51 पूर्ववर्ती छात्र भाग लेने के लिए आ रहे हैं। दुर्भाग्य से 33 साथी अब नहीं रहे। बाकी मित्रों का कतिपय कारणों से आना नहीं हो पा रहा है, या फिर उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। बहुत से मित्र सपत्नीक आ रहे हैं। तीन दिनों के दौरान सभी मित्र रांची क्लब एवं बीआईटी मेसरा में मिलने के अलावा पतरातू की पिकनिक यात्रा भी करेंगे। इस अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन भी हो रहा है।

### सरस स्नेह से 45 साल बाद मिलेंगे सहपाठी

स्कूल, कॉलेज या इंजीनियरिंग-मेडिकल संस्थान में पढ़ाई के दौरान बने मित्रों या सहपाठियों से फिर से मिलना हो जाए, तो जीवन में आनंद हिलोरें लेने लगता है। अगर 45 साल के बाद मिलना हो, तो लगता है कि पूरी दुनिया मिल गई। कहते हैं कि दोस्ती तीन प्रकार की होती है - करीबी दोस्त, अच्छे दोस्त और परिचित। अब अगर पांच वर्ष किसी के साथ पढ़ें हों, तो वे केवल परिचित नहीं रहते। कम से कम उनमें अच्छी पहचान तो हो ही जाती है, चाहे वे जीवन में आगे निकलने की प्रतिद्वंद्विता में एक-दूसरे को पसंद करते हों या नहीं। ज्यादातर सहपाठी अच्छे दोस्त बन ही जाते हैं, चाहे वे बहुत करीबी हों या नहीं हों। बहुत दिनों के बाद मिलने से मन खुशियों से भर जाता है।

***मैथिलीशरण गुप्त ने कहा भी है-***
***तप्त हृदय को सरस स्नेह से***
***जो सहला दे, मित्र वही है।***

हम करीब 45 साल के बाद मिल रहे हैं। हम एक-दूसरे की परवाह करते हैं, तब ही तो इस स्वर्णिम पुनर्मिलन के साक्षी बन रहे हैं। और, एक-दूसरे की परवाह करना ही मित्रता है। बीआईटी मेसरा में हमने अपना करियर, अपनी जिंदगी गढ़ी है। हमें बिछड़े हुए जमाना गुजर गया। वातावरण और परिवेश में बड़ा बदलाव आ गया है। लेकिन, हम दिल से वही हैं, अपने ज्ञान और कौशल से दुनिया पर छा जाने की चाह लिए बीआईटी के विद्यार्थी।

### स्वतंत्र भारत के सबसे पुराने टेक्नोलॉजी संस्थानों में एक है बीआईटी मेसरा

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा, स्वतंत्र भारत के सबसे पुराने टेक्नोलॉजी संस्थानों में से एक है। इसकी स्थापना वर्ष 1955 में दूरदर्शी उद्योगपति और परोपकारी बीएम बिरला ने की थी। बीआईटी मेसरा झारखंड राज्य की राजधानी रांची में स्थित है। अपनी सात दशकों से अधिक की गौरवशाली यात्रा में यह संस्थान पारंपरिक इंजीनियरिंग विषयों और उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों के साथ-साथ बुनियादी विज्ञानों में दृढ़ आधार और आधुनिक आविष्कारों व अनुप्रयोगों की दिशा में अग्रसर एक प्रमुख आत्मनिर्भर और निजी इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में उभरा है। बीआईटी मेसरा को वर्ष 1986 में यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) द्वारा यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत 'डीम्डटू बी यूनिवर्सिटी' के रूप में मान्यता दी गई थी।

इस संस्थान ने कई 'सर्वप्रथम' उपलब्धियों को अपने नाम किया है। यह देश का पहला संस्थान था, जिसने 1964 में ही स्पेस इंजीनियरिंग और रॉकेटरी के लिए एक विभाग स्थापित किया। यह पहला संस्थान था, जिसने अपने परिसर में विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमिता पार्क (बीआईटी-स्टेप) विकसित किया, जिससे कि उसके छात्रों में उद्यमशीलता की भावना जागृत हो सके। आज यह एक जीवंत स्थान है, जहां छात्र गतिविधियों और नवाचारी शिक्षण विधियों की हलचल रहती है। यह हजारों भविष्य के लीडर का घर बना हुआ है।

### बीआईटी मेसरा में 19 विभाग हैं

1. वास्तुकला और योजना
2. जैव इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी
3. खाद्य इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र
4. मात्रात्मक अर्थशास्त्र और डाटा विज्ञान केंद्र
5. केमिकल इंजीनियरिंग
6. रसायन विज्ञान
7. असैनिक अभियंत्रण
8. कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग
9. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
10. इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग
11. मानविकी और समाज विज्ञान
12. प्रबंध
13. अंक शास्त्र
14. मैकेनिकल इंजीनियरिंग
15. फार्मास्युटिकल विज्ञान और प्रौद्योगिकी
16. भौतिक विज्ञान
17. उत्पादन और औद्योगिक इंजीनियरिंग
18. रिमोट सेंसिंग
19. अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री




### पुरानी यादें

आज पुरानी यादें वापस आई हैं
हलकी-सी मुस्कानें भी संग लाई हैं।

वो सहमा-सहमा गुजरा कैसा पहला सत्र
घर की आती जब याद, बैठकर लिखते पत्र
इक अनजाने माहौल में कैसा लगता था
वो फ्रेशर वाली फीलिंग संग में लाई है
आज पुरानी यादें वापस आई हैं।

सब कुछ जैसे यूं बदल गया धीरे-धीरे
कैंपस भी भाने लगा हमें धीरे-धीरे
बुतरू के हाथों की रोटी की भी मिठास
मुंह में जैसे फिर वैसे ही घुल आई है
आज पुरानी यादें वापस आई हैं।

सुबह होती आलू की स जी संग पूड़ी
दोपहर में आलू के संग रोटी फिर जुड़ी
आलू के बने समोसे होते शामों को
रातों के आलूदम की खुशबू लाई है
आज पुरानी यादें वापस आई हैं।

वो बस की छत पर बैठ फिराया तक जाना
वो ढाबे की खटिया पर था शाही खाना
क्लासों के बीच निकलकर कैंटीन वाली चाय
वो चुस्की जैसे फिर होठों तक आई है
आज पुरानी यादें वापस आई हैं।

क्या खूब जमाना वो भी होता था यारों
वो पढ़ना-लिखना और मजे करना यारों
मित्रों के संग होती थी कभी हवाबाजी
मित्रों से मिलकर वही हवा फिर आई है
आज पुरानी यादें वापस आई हैं।

**महेंद्र आर्या**

### शैक्षणिक रैंकिंग

बीआईटी मेसरा को वर्ष 2024 क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग (एशियाई श्रेणी) में 401-450 बैंड में स्थान दिया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में, बीआईटी मेसरा को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में इंडिया टुडे द्वारा 16वां स्थान और आउटलुक इंडिया द्वारा वर्ष 2024 में निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में चौथा स्थान दिया गया। बीआईटी मेसरा को वर्ष 2024 की राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा भारत के इंजीनियरिंग कॉलेजों में 48वां स्थान दिया गया है।

## एक्सटेंशन सेंटर

### रांची लालपुर सेंटर

रांची में बीआईटी मेसरा लालपुर सेंटर की शुरुआत 1998 में अंशकालिक पाठ्यक्रमों के साथ की गई थी। अभी यहां एमबीए, एमसीए, बीबीए एवं बीसीए की पढ़ाई होती है। साथ ही, पीएचडी भी कराया जाता है। यहां विद्यार्थियों को विभिन्न लघु शोध कार्यों के माध्यम से तकनीकी एवं व्यावसायिक वातावरण का वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है। उन्हें अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में इंटर्नशिप का भी अवसर मिलता है।

### देवघर सेंटर

देवघर में विस्तार केंद्र स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार और बीआईटी मेसरा में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। वर्ष 2007 के अक्टूबर महीने में बीआईटी के देवघर सेंटर ने काम करना शुरू कर दिया।

### पटना सेंटर

बिहार सरकार की पहल पर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पटना कैंपस की स्थापना वर्ष 2006 में की गई थी। यह संस्थान बीआईटी मेसरा के प्रमुख प्रबंधन के तहत पीपीपी मोड द्वारा अस्तित्व में आया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिसंबर 2005 में संस्थान की आधारशिला रखी थी। संस्थान ने 2006-07 शैक्षणिक वर्ष के दौरान अपना शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किया था।





### चाहत एक आम आदमी की

मुझको कुछ सामान चाहिए
थोड़ा-सा सामान चाहिए।

मुझको दौलत नहीं चाहिए
मुझको इज्जत नहीं चाहिए
नहीं चाहिए हीरे-मोती
मुझको शोहरत नहीं चाहिए।

राजपाट की चाह नहीं है
ठाठबाट की चाह नहीं है
नहीं चाहिए तोप-तमंचे
मारकाट की चाह नहीं हैं।

मुझे पांवभर जगह चाहिए
मुझे सांसभर हवा चाहिए
मुझे चाहिए प्यार सभी का
मुझे उम्रभर दुआ चाहिए।

मुझे हाथभर काम चाहिए
थोड़ा-सा विश्राम चाहिए
मुझे चाहिए नींद रातभर
आंख मूंदकर राम चाहिए।

थोड़ा-सा आकाश चाहिए
वर्षा का आभास चाहिए
इंद्रधनुष का मेरा टुकड़ा
तकने का अवकाश चाहिए।

मुझको मेरे ख्वाब चाहिए
अंतर में इक आग चाहिए
मेरे आंगन की बगिया में
गेहूं नहीं, गुलाब चाहिए।

जीवन का कुछ अर्थ चाहिए
नहीं जिंदगी व्यर्थ चाहिए
औरों के कुछ काम आ सकूं
इतना स्वयं समर्थ चाहिए।

सौदे में ईमान चाहिए
वाणी गुड़ की खान चाहिए
नहीं चाहिए झूठी इज्जत
मुझको स्वाभिमान चाहिए।

मुझको कुछ सामान चाहिए
थोड़ा-स ासामान चाहिए
जीवन को जीवित रखने को
इतना-सा सामान चाहिए।

**महेंद्र आर्या**

## उल्लेखनीय पूर्व छात्र

- अजीत कुमार मेहता, समस्तीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के पूर्व सदस्य।
- माधवन चंद्रदाथन, निदेशक, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी)।
- के. नायर , टीसी चांग, प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान, कोलंबिया विश्वविद्यालय।
- आशीष वासवानी, एआई शोधकर्ता, 'अटेंशन इज ऑल यू नीड' के सह-लेखक।
- अमित चौधरी, सीओओ, लेंसकार्ट।
- संजय नायक, सीईओ, तेजस नेटवर्क्स।
- देवेन शर्मा, भारतीय व्यवसायी, स्टैंडर्ड एंड पुअर्स के अध्यक्ष।
- हेमंत सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री।